3 | राजधानी
रिसाइकिल मलबे से संवारेंगे दिल्ली को

6 | अभिमत
वैश्वीकरण के व्यापक प्रभाव

10 | विदेश
इजराइल और गाजा में रह रहे भारतीय सुरक्षित

12 | स्पोर्ट्स
हांगझोउ में भारत ने दिखा दिया दम

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 331
नई दिल्ली, सोमवार, 09 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अगर हिंदू भावनाएं आहत हुईं तो चुप नहीं रहेंगे

राष्ट्रीय-11

# इजराइल ने छेड़ी आतंक के खिलाफ जंग

- दोनों पक्षों की लड़ाई में मृतक 600 हुए, जंग के व्यापक पैमाने पर फैलने की आशंका, इजराइल के हमले में गाजा में कई भवन ध्वस्त
- विशेषज्ञों ने कहा, हमास का हमला इजराइल की खुफिया विफलता का नतीजा
- मिस्र में एक पुलिसकर्मी ने की फायरिंग, दो इजराइली समेत तीन की मौत

**एजेंसी** । तेल अवीव



फलीस्तीन के गाजा शहर में रविवार को इजराइल के हवाई हमले से मलबे में तब्दील हुई इमारत।

**इजराइल** पर हमास के अप्रत्याशित हमले के एक दिन बाद रविवार को इजराइली सैनिकों और हमास लड़ाकों के बीच दक्षिणी इजराइल में संघर्ष जारी रहा जबकि इजराइल ने जवाबी हमले कर गाजा में कई इमारतों को जमींदोज कर दिया।

वहीं, उत्तरी इजराइल में लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के साथ संघर्ष से युद्ध के व्यापक पैमाने पर फैलने की आशंका बढ़ गई है। गाजा से अप्रत्याशित हमले के 24 घंटे से अधिक समय बाद भी संघर्ष जारी है। हमास के आतंकवादियों ने शनिवार तड़के इजराइल पर हजारों रॉकेट दागे और आतंकवादी इजराइल के सुरक्षा घेरे को तोड़कर सीमा के आसपास के इलाकों में घुस गए। इजराइल के कई मीडिया संस्थानों ने खबरें दी हैं कि हमास के हमले में इजराइल में मृतकों की संख्या 600 तक पहुंच गई है। वहीं, गाजा में भी 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई। आतंकवादियों ने तटीय गाजा क्षेत्र में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बंधक बना लिया। आशंका जताई गई है कि आतंकवादी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के बदले में हजारों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ने की मांग कर सकते हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने समाचार चैनल सीएनएन को बताया कि अमेरिका उन खबरों को सत्यापित करने के लिए काम कर रहा है, जिसमें कई अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने या लापता होने का दावा किया गया है। मृतकों और बंधकों की बढ़ती संख्या तथा हमले के प्रति धीमी प्रतिक्रिया ने एक बड़ी खुफिया विफलता की ओर इशारा किया और लंबे समय से चली आ रही उस धारणा को कमजोर कर दिया कि दशकों से नियंत्रित छोटे व घनी आबादी वाले क्षेत्र में इजराइल की चप्पे-चप्पे पर निगरानी है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देश युद्ध लड़ रहा है और दुश्मनों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने आगाह किया कि इस युद्ध में वक्त लगेगा। यह मुश्किल होगा। नेतन्याहू के सुरक्षा मंत्रिमंडल ने रविवार को एक घोषणा में आधिकारिक तौर पर देश को युद्धग्रस्त घोषित कर दिया और कहा कि यह निर्णय औपचारिक रूप से महत्वपूर्ण सैन्य कदम उठाने के लिए अधिकृत करता है। इजराइल ने पिछले चार दशकों में लेबनान और गाजा में बड़े सैन्य अभियान चलाए हैं, जिन्हें उसने युद्ध के रूप में पेश किया है, लेकिन औपचारिक घोषणा के बिना ऐसा किया गया है। स्थानीय थिंक टैंक इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट के प्रमुख योहानन प्लास्नर ने कहा कि मंत्रिमंडल का निर्णय काफी हद तक प्रतीकात्मक है, लेकिन यह दर्शाता है कि सरकार सोचती है कि युद्ध अधिक लंबे, गहन और महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है।

अब एक बड़ा सवाल यह है कि क्या इजराइल गाजा में जमीनी हमला करेगा, एक ऐसा कदम जिसके कारण अतीत में कई लोग मारे गए थे। दोनों तरफ के आम नागरिकों को युद्ध की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। इजराइल के कई मीडिया संस्थानों ने खबरें दी हैं कि हमास के हमले में इजराइली सैनिकों समेत 600 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, गाजा में अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में कम से कम 313 लोगों की मौत हो गई। दोनों तरफ करीब 2,000-2,000 लोग घायल हुए हैं। इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि सेना ने 400 आतंकवादियों को मार गिराया है और कई आतंकियों को पकड़ लिया गया है। इजराइली टेलीविजन ने ( शेष पेज 9 )

# अफगानिस्तान पर टूटा प्रकृति का कहर

- भूकंप से दो हजार से अधिक लोगों की मौत, देश में दो दशकों में आए सबसे विनाशकारी भूकंप में से एक
- केंद्र हेरात शहर से करीब 40 किमी. उत्तर-पश्चिम में स्थित था, एक के बाद एक 6.3, 5.9 और 5.5 तीव्रता वाले तीन झटके महसूस किए गए

**एजेंसी** । इस्लामाबाद




अफगानिस्तान के हेरात प्रांत स्थित जेंदा में भूकंप के बाद मलबे दबे लोगों खोजते लोग

**पश्चिमी** अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वाले लोगों की संख्या 2,000 के आंकड़े को पार कर गई है। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। यह देश में दो दशकों में आए सबसे विनाशकारी भूकंप में से एक है। आंकड़ों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है।

देश के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण ने बताया कि पश्चिमी अफगानिस्तान में शनिवार को आए 6.3 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप और इसके बाद के झटकों से मची तबाही में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप का केंद्र हेरात शहर से करीब 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। इसके बाद 6.3, 5.9 और 5.5 तीव्रता वाले भूकंप के तीन झटके भी महसूस किए गए। हेरात में लोगों ने रविवार को चट्टानों और मलबे पर चढ़कर मृतकों और घायलों को अपने हाथों से निकालने का प्रयास किया। ऑनलाइन साझा की गई एक वीडियो में लोग एक ढही हुई इमारत के मलबे में गर्दन तक दबी एक बच्ची को बाहर निकालते दिख रहे हैं।

सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रयान ने बताया कि हेरात में भूकंप में मारे गए लोगों की संख्या शुरुआत में बताई गई संख्या से कहीं अधिक है। उन्होंने तत्काल मदद की अपील करते हुए बताया कि करीब छह गांव तबाह हो गए हैं और सैकड़ों लोग मलबे में दबे हुए हैं। रयान ने कहा कि भूकंप से 2,060 लोगों की मौत हुई है, 1,240 लोग घायल हुए हैं और 1,320 मकान पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सक और मनोवैज्ञानिक सहायता परामर्शदाता के साथ चार एम्बुलेंस तैनात की हैं। एजेंसी के अनुसार, डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने हेरात क्षेत्रीय अस्पताल में 80 रोगियों को समायोजित करने के लिए पांच चिकित्सा तंबू स्थापित किए। अधिकारियों ने 300 से अधिक रोगियों का इलाज किया है।

अफगान रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रवक्ता इरफानुल्ला शराफजई ने कहा कि सात दल बचाव प्रयास में जुटे हैं, जबकि अन्य दल आसपास के आठ प्रांतों से आ रहे हैं। उन्होंने कहा, जिन लोगों के मकान नष्ट हो गए हैं, उन्हें फिलहाल आश्रय की जरूरत है। उनके लिए एक अस्थाई शिविर स्थापित किया गया है। अफगान क्रिकेटर राशिद खान ने कहा कि वह हेरात में भूकंप से पीड़ित लोगों की मदद के लिए क्रिकेट विश्व कप की अपनी सारी फीस ( शेष पेज 9 )



**विश्व कप क्रिकेट**

- आजः न्यूजीलैंड और नीदरलैंड के बीच हैदराबाद में होगा मैच
- दोपहर दो बजे से आरंभ होगा

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में दुर्घटना सात से अधिक की मौत की आशंका

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में रविवार को एक कार के भूस्खलन की चपेट में आने से उसमें सवार सात से अधिक लोगों की मौत हो जाने की आशंका है। धारचूला के उप जिलाधिकारी दिवेश शास्नी ने बताया कि दुर्घटना धारचूला उपमंडल में कैलाश मानसरोवर मार्ग पर थाक्ती में अपराह्न करीब दो बजे हुई। उन्होंने बताया कि कार बूंदी से आ रही थी और थाक्ती में पहाड़ी से अचानक भूस्खलन का मलबा उस पर आ गिरा। अधिकारी ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि हादसे के वक्त कार में सात से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल के जवान और सैन्यकर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया।

# जाति जनगणना पर जोर देगी कांग्रेस

- पार्टी शासित चार राज्यों में बिहार मॉडल दोहराने की इच्छा, झारखंड सरकार से भी इसका पालन करने का आग्रह करेगी

**दीपक कुमार झा** । नई दिल्ली



**कांग्रेस** अब अपने द्वारा शासित सभी चार राज्यों में जाति जनगणना के बिहार मॉडल को दोहराने की इच्छा रखती है और झारखंड सरकार से भी इसका पालन करने का आग्रह करेगी जहां सबसे पुरानी पार्टी गठबंधन सरकार में है। कांग्रेस देश भर में जाति जनगणना पर जोर दे रही है और इसे चुनावी मुद्दा बना रही है।

राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना विपक्षी इंडिया गुट का एक प्रमुख एजेंडा है, जिसका मानना? है कि इससे हिंदी पट्टी में आगामी चुनावों में गठबंधन को मदद मिलेगी जहां जाति की राजनीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पहले ही राज्य में जाति सर्वेक्षण कराने का आदेश जारी कर दिया है। जाति जनगणना कराने वाला राजस्थान देश का दूसरा राज्य होगा। वर्तमान राजनीतिक स्थिति, जाति जनगणना पर विचार-विमर्श करने और पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति को और मजबूत करने के लिए सोमवार को बुलाई गई पार्टी की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में यह निर्णय चर्चा के लिए रखा गया है। वर्तमान में कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस सरकारें हैं और बिहार और झारखंड सरकारों में घटक दल है। सीडब्ल्यूसी की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब इंडिया गठबंधन के प्रति निष्ठा रखने वाले कुछ विपक्षी नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। गिरफ्तारी की श्रृंखला में नवीनतम दिल्ली आबकारी नीति मामले में आप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी है।

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को उन्हें और सरकार द्वारा निशाना बनाए जा रहे अन्य लोगों को समर्थन देने पर निर्णय लेना होगा। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने के लिए पिछले महीने हैदराबाद में पुनर्गठित सीडब्ल्यूसी की पहली बैठक आयोजित होने के ठीक तीन सप्ताह बाद कांग्रेस की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था की बैठक हुई है। पार्टी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता बरकरार रखना चाहती है, जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा, तेलंगाना में बीआरएस और मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) से सत्ता छीनने की उम्मीद कर रही है। पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस मध्य प्रदेश में विजयी हुई और डेढ़ साल तक ( शेष पेज 9 )

# कोहली-राहुल ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया पर जीत

- विरोधी टीम को छह विकेट से हराकर किया अभियान का शुभारंभ

**भाषा** । चेन्नई



चेन्नई में आसानी से रन बनाते विराट कोहली और केएल राहुल

**केएल** राहुल केवल तीन रन से शतक नहीं बना पाए लेकिन उनकी और विराट कोहली की बड़ी अर्धशतकीय पारियों से भारत ने शुरुआती झटकों के बावजूद रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 52 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर एकदिवसीय विश्व कप में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। राहुल ने विजई छक्का लगाया जिससे उनका स्कोर 97 रन पर पहुंचा।

अपनी इस नाबाद पारी के लिए राहुल ने 115 गेंद खेली तथा आठ चौके और दो छक्के लगाए। कोहली ने शुरू में मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 116 गेंद पर छह चौकों की मदद से 85 रन बनाए। भारत के सामने 200 रन का लक्ष्य था लेकिन उसने दूसरे ओवर तक दो रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। कोहली और राहुल ने भारत को न सिर्फ इस स्थिति से उबारा बल्कि चौथे विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी करके उसे 41.2 ओवर में चार विकेट पर 201 रन तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 199 रन पर आउट हो गई थी। उसकी तरफ से डेविड वार्नर (52 गेंद पर 41 रन, छह चौके) और स्मिथ (71 गेंद पर 46 रन, पांच चौके) के अलावा निचले क्रम के बल्लेबाज मिशेल स्टार्क (28) ने उपयोगी योगदान दिया। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा (28 रन देकर तीन विकेट), कुलदीप यादव (42 रन देकर दो) और रविचंद्रन अश्विन (34 रन देकर एक) की स्पिन तिकड़ी ने 30 ओवर में 104 रन देकर छह विकेट लिए। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह ने 35 रन देकर दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और हार्दिक पंड्या ने एक-एक विकेट हासिल किया।

भारत की बल्लेबाजी में शुरुआत जिस तरह से रही उससे देश के किसी भी क्रिकेट प्रेमी का दिल दहल गया होगा। भारतीय टीम ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए थे जबकि उसका स्कोर केवल दो रन था। यह भारत का वनडे में तीन विकेट गिरने पर न्यूनतम स्कोर भी है। भारत के यह दो रन भी बल्ले से नहीं निकले थे। अस्वस्थ शुभमन गिल की जगह पारी का आगाज करने वाले इशान किशन ने पहले ओवर में ही स्टार्क की गेंद पर ढीला शॉट खेल कर स्लिप में कैच दिया। वह गोल्डन डक बनाकर पेवेलियन लौटे। स्टार्क का यह विश्व कप में ( शेष पेज 9 )

# करगिल ने सुनाया अपना फैसला

- एलएएचडीसी चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को मिला बहुमत

**एजेंसी** । करगिल (लद्दाख)



मतगणना के दौरान मीडिया को जानकारी देते चुनाव प्रक्रिया से जुड़े लोग।

**लद्दाख** स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद-करगिल चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने मिलकर अब तक 17 सीटें जीती हैं जबकि मतगणना अभी जारी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि चार अक्टूबर को 26 सीटों पर चुनाव हुआ था, जिनमें से अब तक 20 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं।

प्रशासन 30-सदस्यीय लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी)-करगिल के लिए चार सदस्यों को मनोनीत करता है और उनके पास मतदान का अधिकार होता है। अधिकारियों के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अब तक नौ सीटें जीती हैं जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस ने आठ सीटों पर फतह दर्ज की है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दो सीटों पर विजय हासिल की है, जबकि एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई है। चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और भाजपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। केंद्र द्वारा पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने और लद्दाख को केंद्र-शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद करगिल में यह पहला अहम चुनाव है। एलएएचडीसी चुनाव में 77.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के फिरोज अहमद खान की अध्यक्षता वाली मौजूदा परिषद ने एक अक्टूबर को अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।

नई परिषद 11 अक्टूबर से पहले गठित होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने चुनाव से पहले गठबंधन की घोषणा की थी और क्रमशः 17 तथा 22 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। दोनों दलों ने कहा कि यह व्यवस्था उन इलाकों तक सीमित है, जहां भाजपा के साथ ( शेष पेज 9 )

# तीस्ता के क्रोध से अब भी सहमा है पश्चिम बंगाल

- बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने लोगों ने 50 साल पहले आए जल प्रलय की याद दिला दी
- दार्जिलिंग- कलिम्पोंग के अब भी अपने पांव पर खड़े होने के लिए करनी पड़ रही है जद्दोजहद

**सौगर सेनगुप्ता** । कोलकाता



बादल फटने के बाद आई बाढ़ से उफनती तीस्ता नदी। फाइल फोटो

**सत्तर** साल के मछली विक्रेता अनाथ नार्जिनारी को तीस्ता नदी में आई बाढ़ को देखकर 50 साल पुरानी बात याद आ गई।

उन्होंने कहा कि लगभग 50 साल पहले मैंने तीस्ता के इसी तरह के प्रकोप के कारण एक छोटे चचेरे भाई को खो दिया था जब एक अचानक आई बाढ़ में पूरा जलपाईगुड़ी शहर जलमग्न हो गया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान नाव पर सवार मेरे ठाकुरदा (दादाजी) ने पानी में हलचल देख अपना बल्लम (हापून) उस जानवर पर चलाया, जो जाहिरा तौर पर बड़ा था। बल्लम उसके दिल में चुभा लेकिन वह कोई बड़ी मछली नहीं थी बल्कि परिवार का सबसे छोटा बच्चा था, जो नाव से पानी में गिर गया था। पचास साल बाद अनात सीमावर्ती शहर रंगपो में था। बंगाल और सिक्किम में एक बार फिर वही तीस्ता क्रोधित नजर आई। चार अक्टूबर को दार्जिलिंग-कलिंपोंग इलाके में गरजना करती हुई तीस्ता आपदा लेकर आई। पर्वतों से उतरती हुई यह नदी रास्ते में जो कुछ मिला उसे बहाती लेकर चली गई। हिमालय के ऊपरी क्षेत्रों में बादल फटने के बाद बुधवार तड़केअचानक आई बाढ़ से मुख्य रूप से सिक्किम और कुछ हद तक दार्जिलिंग और बंगाल के कलिंपोंग के कुछ हिस्से प्रभावित हुए। बाढ़ में गाँव, सेना शिविर, सड़कें और पशुधन देखते देखते पानी में बह गए। बुधवार की अचानक आई बाढ़ 1968 की बाढ़ जैसी ही थी, जो अपने पीछे भूस्खलन, अपने पीछे मौत का निशान छोड़ गई। तब लगभग 1,000 लोगों की अक्टूबर के इसी दिन हुई थी।

उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में एक प्रोफेसर ने कहा कि वे सोच रहे हैं कि क्या तीस्ता के किनारे बहुत सारे बांधों और ऊंची इमारतों ने बाढ़ की भयावहता में इजाफा किया है। उन्होंने कहा कि लगभग 7-9 बड़े और छोटे बांध हैं जिन्होंने हमें बांध दिया है। ये नाजुक क्षेत्र हैं और यदि आप उस दर पर बांध बनाते हैं तोआप मुसीबत में हैं... भगवान का शुक्र है कि सेवोके में कोरोनेशन ब्रिज शेष भारत और उत्तर के बीच एकमात्र लिंक अभी भी सुरक्षित है। लगभग 65 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। निचली तीस्ता से अब भी शव निकाले जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि लापता एक जवान को मलबे से सचमुच खोदकर निकाला गया और वह सांस ले रहा था। उसे ( शेष पेज 9 )

# अपराधियों को सजा दिलवाने में गौतमबुद्ध नगर अव्वल

## नोएडा पुलिस कमिश्नरेट ने एक जुलाई से सात अक्टूबर तक कुल 426 मुकदमे में बदमाशों को सजा दिलाई

- चिन्हित माफिया, सनसनीखेज अपराध, पाक्सो एक्ट के तहत विशिष्ट मामलों के आरोपियों को सजा दिलाई गई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस के प्रभावी पैरवी के चलते प्रदेशव्यापी ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में प्रतिदिन औसतन चार लोगों को सजा हो रही है। एक जुलाई से सात अक्टूबर के बीच कुल 426 मुकदमे में बदमाशों को सजा दिलाई गई।



थाना बिसरख व इकोटेक-3 में कानून एवं सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेते डीपीसी नोएडा

प्रदेश के समस्त जनपदों में ऑपरेशन कन्विक्शन के मामले में जनपद गौतमबुद्धनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अभियान के तहत शासन के चिन्हित माफिया, सनसनीखेज अपराध, पाक्सो एक्ट के तहत विशिष्ठ मामलों के आरोपियों को सजा दिलाई गई। एक जुलाई को पुलिस महानिदेशक के द्वारा पूरे प्रदेश में ऑपरेशन कन्विक्शन की शुरुआत की गई। शासन की प्राथमिकताओं में से एक अपराधियों को सजा दिलाना है। इसी को लेकर एक जुलाई से प्रदेशव्यापी ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाया जा रहा है।

इसके क्रम में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के द्वारा अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिए मुख्यालय स्तर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के निर्देशन में एक विशेष सेल का गठन किया गया है। इसका कार्य सभी प्रकार के अभियोगों में मुकदमो का चिन्हीकरण कर, प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को समयबद्ध सजा दिलाना है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर प्रत्येक जोन में जोनल पुलिस उपायुक्त के अधीन एक अभियोजन मॉनिटरिंग सेल की स्थापना की गई, जो अपने जोन के अन्तर्गत समस्त अभियोगों की पैरवी के लिए उत्तरदायी बनाया गया। थानास्तर पर प्रत्येक थाने में अभियोजन सेल का गठन किया गया, जो प्रतिदिन गवाहों की उपस्थित, गवाहों के ब्यान कराये जाने हेतु उत्तरदायी बनाया गया। इस विशेष गठन के बाद स्थानीय पुलिस/पब्लिक के गवाहों की शत.प्रतिशत उपस्थिति माननीय न्यायालय में सुनिश्चित की गई। इसके परिणाम स्वरुप जनपद गौतमबुद्धनगर में दिनांक एक जुलाई से अब तक कुल 426 अभियोगो में अभियुक्तगण को सजा दिलायी जा चुकी है, जिसमें शासन के चिन्हित माफिया, सनसनीखेज अपराध, पाक्सो एक्ट के तहत विशिष्ठ मामलों के अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। सजा से सम्बन्धित समस्त विवरण को ऑपरेशन कन्विक्शन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त जनपदों में ऑपरेशन कन्विक्शन के मामले में जनपद गौतमबुद्धनगर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

# भांजी के हत्यारोपी को मुठभेड़ में पैर पर लगी गोली

- पुलिस से रिवाल्वर छिनने की फरार होने की फिराक में था



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में अश्लील हरकत के विरोध पर सात वर्षीय भांजी की हत्या के आरोपी इमरान को पुलिस एनकाउंटर में गोली लग गई। पुलिस शनिवार देर रात हॉस्पिटल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे लेकर लौट रही थी।

रास्ते में वो पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर भागने लगा। दोनों तरफ से गोलियां चली। इसमें आरोपी के पैर में एक गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद नगर कोतवाली क्षेत्र के कैला भट्टा इलाके में 6 अक्टूबर की देर रात सात वर्षीय बच्ची की मुंह दबाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में मृतका के चचेरे मामा इमरान 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इमरान उसे चीज खिलाने के बहाने बराबर में अपने घर में ले गया और अश्लील हरकत की।

बच्ची ने ये बाद पेरेंट्स को बताने के लिए कहा तो आरोपी ने मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी और लाश को ननिहाल में छत पर फेंक आया। निमिष पाटिल ने बताया, शनिवार रात आरोपी इमरान को पुलिस मेडिकल परीक्षण कराने हॉस्पिटल लेकर गई थी। वहां से लौटते वक्त अभियुक्त ने साथ मौजूद पुलिसकर्मी की पिस्टल छीनकर भागने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने उसके ऊपर आत्मरक्षा में फायरिंग की।

# रैपिडएक्स की साइट पर काम रहे मजदूर की बेल्ट टूटी, 40 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरा

- गंभीर रूप से घायल, ओवरहेड वायर कसते समय हादसा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर तहसील मुख्यालय के सामने निर्माणाधीन रैपिडएक्स की साइट पर शनिवार रात करीब 40 फीट की ऊंचाई पर ओवरहेड वायर कसते समय मजदूर अमन की बेल्ट टूट गई।

बेल्ट टूटने के कारण अमन मुख्य पर गिरकर घायल हो गया। अमन को उपचार के लिए जीवन अस्पताल ले जाया गयाए जहां से गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। निर्माणाधीन रैपिडएक्स के ओवर हेड वायर का कार्य जेल्बा कंस्ट्रक्शेन की ओर से किया जा रहा है। मूलरूप से जनपद हाथरस के थाना एत्मादपुर क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय अमन और उसका भाई राशिद शनिवार रात को मोदीनगर तहसील मुख्यालय के सामने ओवर हेड वायर कस रह थे।

राशिद ने बताया की इस दौरान अचानक अमन की बेल्ट टूट गई और वह नीचे सड़क पर जा गिरा। हादसे के समय अमन लगभग 40 फीट की ऊंचाई पर कार्य कर रहा था। अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमन रही कि वहां उस दौरान कोई वाहन नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर चीख पुकार मच गई। साथी मजदूर दौड़कर मौके पर पहुंचे और अमन को उपचार के लिए मेरठ रेफ र कर दिया गया। राशिद के अुनसार हादसे के वक्त वहां दस से अधिक मजदूर काम कर रहे थे। घटना के विरोध में मजदूरों ने हंगामा किया। गुस्साए मजदूरों का आरोप था कि बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के उनसे 40 फीट की ऊंचाई कर कार्य कराया जा रहा है।

# औद्योगिक भूखंड आवंटन के लिए नहीं होगी ई-नीलामी

- तीनों प्राधिकरण में होगी लागू, किसान समेत अन्य 4 एजेंडा अगली बोर्ड के लिए प्रस्तावित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की 211वीं बोर्ड बैठक ऑनलाइन की गई। बैठक में औद्योगिक भूखंडों के लिए औब्जैक्टिव क्राइटेरिया पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही फैसला किया है इनकी ई-नीलामी रोकी जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से किए गए संशोधनों पर बातचीत हुई। जिसे शासन को भेजकर लागू किया जाएगा।



हालांकि बैठक में चार और एजेंडों पर चर्चा होनी थी। जिसमें किसानों की सबसे महत्वपूर्ण मांग 10 प्रतिशत विकसित भूखंड या इसके समतुल्य मुआवजा, अब इसके लिए अलग से बोर्ड बैठक होगी। नोएडा में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन ई ऑक्शन से किया जाता है। 210वी बोर्ड में नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन में ई-ऑक्शन की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया। साथ ही आवंटन के लिए पूर्व की स्थिति को बहाल कर दिया गया। इसमें निर्णय लिया गया था कि आगामी बोर्ड तक तीनों प्राधिकरण आवंटन के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए एक पॉलिसी का निर्माण करे।

इस पॉलिसी को बनाने के लिए तीनों ही प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी औद्योगिक, मुख्य विधि सलाहकार और वित्त नियंत्रक की एक समिति बनाई गई। जिसे 211 वी बोर्ड में रखा गया। बोर्ड में नोएडा के किसान संगठनों द्वारा धरना रत रहते हुए साल-1997 से अब तक अर्जित भूमि के सापेक्ष समस्त किसानों को 10 प्रतिशत आबादी अथवा उसके समतुल्य धनराशि दिए जाने से संबंधित मांग। ऐसे में किसानों को मायूसी का सामना करना पड़ा।

वाणिज्यिक विभाग द्वारा ई ऑक्शन के जरिए किराए पर दी जाने वाली परिसंपत्तियां के आवंटन की प्रक्रिया ईएमडी की धनराशि लिए जाने और प्रक्रिया में अव्यवहारिक बोली लगाने वाले आंव टी की ईएमडी 100 प्रतिशत जब्त किए जाने से संबंधित है।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा स्टेडियम में आयोजित 5 से 8 अक्टूबर तक चलने नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में अंडर 14 स्पेशल कैटेगरी में लखनऊ के राजाजीपुरम के सेंट एंजेनिस पब्लिक स्कूल के अतुलराज सागर ने रजत, सुधांशु मोहन यादव और दिव्यम देव पांडेय को कांस्य पदक जीता। लखनऊ से उनके साथ आए कोच बिलाल खान भी साथ थे।

### शौर्य जागरण यात्रा का नोएडा में स्वागत

**नोएडा।** भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर देश भर में चल रही शौर्य जागरण यात्रा आज ग्रेटर नोएडा पहुंची। शौर्य जागरण यात्रा के ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर एक मूर्ति गोल चक्कर पर राष्ट्रभक्त और सैकड़ों हिंदू संगठन के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रेटर नोएडा में आगमन के बाद शौर्य जागरण यात्रा ने नोएडा के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान सनातन प्रेमियों ने जय श्री राम के जोरदार नारे लगाए। दरअसल, आज भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर देश भर में चल रही सौर्य जागरण यात्रा का ग्रेटर नोएडा प्रथम आगमन पर चार मूर्ति पहूचने पर सौर्य जागरण यात्रा का सैकड़ों राष्ट्रीय और देश भक्तों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से वेद नागर, अंकित नागर, सुनील भाटी, राजेश भाटी, सुधीर, मिंटू नागर, आयुष चौधरी, अभिषेक भाटी और साथ ही सैकड़ों हिन्दू योद्धा मौजूद रहे।

### संजय सिंह की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरितः आप

**गाजियाबाद।** पिछले दिनों ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए राज्यसभा सांसद संजय सिंह मामले में आम आमी पार्टी की गाजियाबाद इकाई ने रविवार को एक प्रेसवार्ता की। इसमें ईडी कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ सचिन शर्मा ने कहा 2024 में नरेंद्र मोदी प्छक्प। से चुनाव हार रहे हैं। इसी बौखलाहट में संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। 12 घंटे ईडी की रेड चली। संजय सिंह के घर का कोना.कोना छान मारा, लेकिन मिला कुछ नहीं। इसके बाबजूद उन्हें गिरफ्तार किया गया। ईडी भाजपा के दबाव में काम कर रही है। बिना समन संजय सिंह की गिरफ्तारी दिखाई गई है। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि संजय सिंह की गिरफ्तारी से जनमानस में रोष है। इस मौके पर एडवोकेट अनिल हटैत गुर्जर, मोहित चौधरी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, रविंद्र कुमार, जगत विष्ट, संजय मिश्रा, मनोज त्यागी, रहीसुद्दीन सैफी, एसपी सिसोदिया, गौतम झा, प्रविंद बंसल, प्रियांशु शर्मा, लीलु प्रधान, आरपी पाण्डे, संतराज नागर, रवि त्रिपाठी, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### ऑटो चालक से मारपीट के मामले में तीन पकड़े

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने एक ऑटो चालक के साथ मारपीट करने और उसकी हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन लोगों ने एक ऑटो चालक को ऑटो से उतार कर उसके साथ मारपीट की थी। सिर पर ईंट से वार करके उसकी हत्या करने की भी कोशिश की थी। दरसअल सूरजपुर थाना क्षेत्र के कस्बे का एक वीडियो वायरल हुआ था। जो की 3 अक्टूबर का था। जिसमें तीन से चार युवक एक युवक को सड़क पर गिराकर बुरी तरह से पीट रहे थे। इस दौरान लाठी डंडों से और ईंट से भी उस पर वार किया गया। इस मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराया और दी गईव 3 से 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व लोकल इंटलिजेंस के आधार पर दानिश, सोनू उर्फ शान व सोनू उर्फ पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। सूरजपुर थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 3 अक्टूबर को अंकित से रात्रि में 11 बजे कुछ ऑटो चालकों द्वारा, कस्बा सूरजपुर में पेट्रोल पम्प के पास मैन रोड दादरी पर कुछ दिन पूर्व में हुए विवाद को लेकर मारपीट की गई थी।

# त्योहारों को लेकर आबकारी विभाग हुआ सतर्क

- लुहारली टोल प्लाजा से शराब की पेटियों से भरा ट्रक जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे जिले आने वाले त्योहारों से पहले ही शराब तस्कर सक्रिय हो गए है। त्योहारों को लेकर तस्कर भारी मात्रा में शराब की तस्करी करने लगे हैं।



शराब तस्करी पर पाबंदी लगाने के लिए पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा अनेकों अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत थाना दादरी पुलिस और आबकारी विभाग में बड़ी कामयाबी हासिल की है। आबकारी विभाग और दादरी पुलिस की संयुक्त टीम ने लुहारली टोल प्लाजा पर शराब से भरा ट्रक बरामद किया है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 60 लाख रुपये बताई जा रही है। दरअसल, रविवार की सुबह लुहारली टोल प्लाजा पर आबकारी विभाग को मिली गुप्त जानकारी के जरिए थाना दादरी पुलिस और आबकारी विभाग ने ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। ट्रक चालक और अन्य पुलिस को देखकर मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक को सीज कर शराब को जब्त कर लिया है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 60 लाख रुपये बताई जा रही है।

जांच में पता चला कि ट्रक में लगी नंबर प्लेट भी फर्जी है। दादरी पुलिस फास्ट ट्रैक चेचिस नंबर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी है।

# फर्जी फर्म खोलकर लगाया डेढ़ करोड़ रुपये का चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर सरकार से हजारों करोड़ रुपये का रिफंड घोटाले में अभी पुलिस पूरी तरह से जांच रिपोर्ट तैयार भी नहीं कर पाई है कि फर्जी फर्म खोलकर डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का एक और मामला सामने आ गया।

अदालत के आदेश पर नोएडा के थाना सेक्टर-63 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरियाणा के पानीपत की मैसर्स ईला होम फैशन कंपनी के अधिकारी देवेश गुप्ता ने नोएडा कोर्ट में आवेदन किया था उनकी कंपनी का पानीपत में प्लांट है। देवेश की मुलाकात नोएडा निवासी नीला माधव पांडा उर्फ नील से हुई। साक्षात्कार समेत अन्य औपचारिकता पूरी करने के बाद उसे कंपनी में बिजनेस डेवलेपमेंट मैनेजर के पद पर नियुक्त किया गया। नीला माधव ने कारोबार बढ़ाने के लिए एक कंपनी खोलने की सलाह देवेश गुप्ता को दी। शिकायतकर्ता ने नीला माधव की बात मानते हुए सेक्टर-65 में कंपनी की एक यूनिट स्थापित कर दी गई।

# पैसा मांगने पर रेस्टोरेंट संचालक को पिस्तौल दिखाकर पीटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में रेस्टोरेंट में घुसकर मारपीट करने का एक मामला सामने आया है। रेस्टोरेंट संचालक को दबंगों से बिल के पैसे मांगना भारी पड़ गया।

खाने के पैसे मांगने पर दबंगों ने रेस्टोरेंट संचालक के साथ मारपीट और गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। इसके बाद भी आरोपी नहीं माने और बाद में रेस्टोरेंट संचालक पर पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र के अल्फा सेक्टर के कॉमर्शियल बेल्ट में राहुल शर्मा कैफे स्ट्रीट नाम से एक रेस्टोरेंट चलाते हैं।

राहुल ने बताया कि रेस्टोरेंट में कुछ फैमिली और अन्य लोग खाना खा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग अपने बिल के पैसों को लेकर बहस करने लगे, जिस पर मेरे भाई के द्वारा उनसे शांत रहने की अपील की गई और बिल के पैसे देने की बात कही गई, लेकिन उन लोगों ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी और मेरे भाई को पीटना शुरू कर दिया।

# ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के लिए 'इक्रिस रन' आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के लिए 'इक्रिस रन' आयोजित हुई। अलग-अलग स्पर्धा में 500 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम भारत में ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इनोवेटर ड्रग एक्सेस फैसिलिटेटर 'इक्रिस फार्मा नेटवर्क' द्वारा नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन और सत्व शिल्प के साथ आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है। लगभग 600 प्रतिभागियों ने चार अलग-अलग स्पर्धाओं में भाग लिया।मैक्स हॉस्पिटल के सीनियर डायरेक्टर और एचओडी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. (प्रो.) मीनू वालिया ने दौड़ के बाद लोगों से चर्चा की। इक्रिस फार्मा नेटवर्क के सीईओ प्रवीण सीकरी ने कहा कि लोगों के समर्थन और उत्साह से अभिभूत हैं। ग्लोबल हेल्थकेयर पर स्थायी प्रभाव डालने के उद्देश्य से इस तरह की एक शक्तिशाली पहल के माध्यम से इक्रिस फार्मा नेटवर्क ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ लड़ाई में आशा की किरण के रूप में आगे बढ़ रहा है।



ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के लिए 'इक्रिस रन' के प्रतिभागी।

# रजिस्ट्री की मांग को लेकर प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी

- घर ख़रीदार पिछले 43 हफ्तों से हर रविवार विरोध प्रदर्शन कर काम शुरु करने की मांग कर रहे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मालिकाना हक के लिए घर खरीदा दर-दर की ठोकरे खा रहे है। पूरी जिंदगी की खून पसीने की कमाई को बिल्डर को देने के बाद खरीदारों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। लेकिन उसके बावजूद मालिकाना हक नहीं मिल पाया है।



घर खरीदार पिछले 43 हफ्तों से हर रविवार विरोध प्रदर्शन कर रजिस्ट्री और रुके प्रोजेक्टों में काम शुरु करने की मांग कर रहे हैं। हर हफ्ते बड़ी संख्या में घर खरीदार एक मूर्ति पर जुटते हैं और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाते हैं। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम ने कहा कि एक तरफ सबको घर देने की बात सरकारें करती है और दूसरी तरफ जिन्होंने पैसे दे दिए वें अर्थॉरिटी और बिल्डर के भ्रष्टाचार की वजह से पिस रहे हैं। सरकार भरोसा देती है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। उनका कहना है कि घर की चाह में खरीदारों ने अपने खून पसीने की कमी बिल्डर को सौंप दी है लेकिन अब मालिकाना हक के लिए दर दर की ठोकरे खा रहे हैं।

अब सरकार से एक ही सवाल है आखिर कब होगी रजिस्ट्री। वहीं कुछ दिन पहले प्राधिकरण में आए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने घर खरीददारों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की थी। जिसपर उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में वार्ता करने की बात कही थी। और घर खरीददारों को जल्द ही मालिक आना हक दिलाने का आश्वासन दिया था।

आंदोलन में लगातार 43 हफ्तों से अपनी आवाज उठा रहे दिनकर पांडे, महेश यादव, चंदन सिन्हा, रोहित मिश्रा, अनिल रात्रा, दीपक गुप्ता का कहना है कि 43 हफ्तों से हर रविवार घर खरीदार अपनी आवाज उठा रहे हैं, मुख्यमंत्री से लेकर तमाम जिम्मेदार अधिकारियों से मिल चुके हैं। अमिताभ कांत कमेटी की रिपोर्ट तक आ चुकी है। लेकिन ना रजिस्ट्री शुरु हुई है और ना रुके प्रोजेक्टों में काम।

# फॉर्च्यूनर गाड़ी पर फायरिंग करने वाले आरोपी गिरफ्तार

- गनर लेने के लिए खुद पर चलवाई थी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी पर फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में पता चला कि फॉर्च्यूनर मालिक ने ही गनर लेने के लिए खुद ही अपनी गाड़ी पर फायरिंग कराई थी। लेकिन पुलिस ने गहनता से जांच की और जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी इस मामले में फॉर्च्यूनर सवार फरार चल रहा है।

दरअसल 25 सितंबर को बादलपुर थाना क्षेत्र के आशु फार्म हाउस के बाहर खड़ी हुई फॉर्च्यूनर गाड़ी पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया था। फॉर्च्यूनर पर फायरिंग की गई थी। इस घटना के बाद फॉर्च्यूनर गाड़ी के मालिक अमरीश ने पुलिस से इसकी शिकायत की। इसके बाद पुलिस इस पूरी घटना की जांच में जुट गई। लोकल इंटेलिजेंस मुखबिर की सूचना व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस मामले में शुक्रवार को खेड़ा धनपुरा निवासी हिस्ट्रीशीटर अरुण को गिरफ्तार कर लिया। उसने पूछताछ में दो अन्य आरोपियों के नाम बताए।

बताया कि फॉर्च्यूनर गाड़ी पर हमला खुद वादी अमरीश ने ही कराया था। उसने पूछताछ में बताया कि अमरीश ने उससे संपर्क किया था और मैंने ही दो शूटर फॉर्च्यूनर पर फायरिंग करने के लिए हायर किए थे। इसके लिए एक लाख रुपये तय किए गए थे। अमरीश ने कहा था कि उसकी गाड़ी पर हमला कर देना इससे उसको गनर मिल जाएंगे।

# रिसाइकिल मलबे से दिल्ली को संवारेंगे : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने जहांगीरपुरी में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट रिसाइक्लिंग संयंत्र का किया उद्घाटन

● निर्माण व विध्वंस से निकले मलबे से बनेगी टाइल्स, ईंट समेत अन्य उत्पाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट रिसाइक्लिंग संयंत्र का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व साथ में मेयर शैली ओबराय।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को मलबा मुक्त कर खूबसूरत बनाने की दिशा में आप सरकार ने रविवार को निर्माण व विध्वंस मलबे को रिसाइकल कर टाइल्स, ईंट समेत अन्य उत्पाद बनाकर दोबारा इस्तेमाल करने के लिए सी एंड डी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जहांगीरपुरी इलाके में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट रीसाइक्लिंग संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि करीब 7 एकड़ में फैला यह प्लांट देश का सबसे बड़ा प्लांट है, जहां प्रतिदिन दो हजार टन सी एंड डी वेस्ट की रिसाइक्लिंग की जा सकेगी। यह देश में इस तरह की सबसे बड़ी इकाई है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारा मकसद दिल्ली को खूबसूरत बनाना है और इसके लिए सी एंड डी प्लांट बेहद जरूरी हैं। कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन से निकले मलबे को इस प्लांट में लाकर टाइल्स, ईंट समेत अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे, जिसका दोबारा इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस तरह दिल्ली को मलबे से भी छुटकारा मिल जाएगा। मेरी अपील है कि दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए सभी दिल्लीवासी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिदिन 6,500 टन निर्माण अपशिष्ट उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि ओखला में भी ऐसा ही एक संयंत्र बनाने की योजना है। उन्होंने कहा, आज उद्घाटन किए गए संयंत्र को मिलाकर अब दिल्ली में चार संयंत्र हैं। अन्य तीन संयंत्र रानीखेड़ा, शास्त्री पार्क और बक्करवाला में हैं। हमारी योजना ओखला में भी ऐसा ही संयंत्र बनाने की है जो 1000 टन अपशिष्ट का प्रसंस्करण करेगा।

केजरीवाल ने कहा कि एमसीडी में जब से आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता में आई है तब से इस नगर निकाय में भ्रष्टाचार में कमी आई है।

इससे पहले सीएम अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय, विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक, नेता सदन मुकेश गोयल और अफसरों के साथ सी एंड डी वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यह प्लांट बहुत ही आधुनिक तकनीक पर आधारित है। दिल्ली भर से यहां मलबा लाया जाएगा, जिसे तोड़ा जाएगा और फिर रिसाइकिल कर टाइल्स, ईंट आदि का आकार देकर दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा। जो मलबा दिल्ली को बदसूरत बनाता है, अब वही मलबा इस प्लांट से नए-नए आकार लेकर दिल्ली को खूबसूरत बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा मकसद है कि देश में दिल्ली सबसे खूबसूरत होनी चाहिए। इन चारों प्लांट में करीब 5000 टन मलबे को प्रतिदिन रिसाइक्लिंग करने की क्षमता है। जबकि दिल्ली में कुल 6500 टन मलबा रोज निकलता है। इसके अलावा एक और प्लांट ओखला में बनाने का प्लांट है, जिसकी क्षमता एक हजार टन होगा। इसके अलावा मौजूद चारों प्लांट्स की थोडी क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके बाद दिल्ली में निकलने वाले सारे मलबे की सी एंड वेस्ट रिसाइक्लिंब प्लांट में रिसाइक्लिंग हो जाएगी और उसका वापस इस्तेमाल होगा।

इस तरह दिल्ली को मलबे से छुटकारा मिल जाएगा। दिल्ली में जितना मलबा निकलेगा, उसका प्लांट में रिसाइकिल होता जाएगा। जहांगीरपुरी में स्थापित यह प्लांट यूरोपियन टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो सबसे आधुनिक टेक्नोलॉजी है। साथ ही यह प्लांट देश का सबसे बड़ा प्लांट है। इस प्लांट से बिल्कुल आवाज नहीं आती है। प्लांट के बिल्कुल पास आने पर भी इसकी आवाज नहीं सुनाई देती है और साथ ही धूल-मिट्टी भी नहीं उड़ती है।

### कूड़ा मुक्त के साथ मलबा मुक्त बना रहे : शैली ओबरॉय

*मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के साथ-साथ मलबा मुक्त भी बनाया जा रहा है। पूरी दिल्ली में सीएंडडी वेस्ट डालने के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां पर लोग मलबा डाल सकते हैं। इससे दिल्ली में अभी तक जो जगह-जगह मलबे के ढेर दिखते हैं, वह नहीं दिखेंगे। साथ ही चिन्हित स्थानों पर मलबा डालने से प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। उन्होंने कहा कि बुराड़ी में अत्याधुनिक तकनीक से युक्त सीएंडडी प्लांट बनाया गया है। वर्तमान में यह देश का सबसे बड़ा प्लांट है, जहां पर प्रतिदिन 2 हजार टन प्रतिदिन सीएंडडी वेस्ट का निस्तारण हो सकेगा। दिल्ली में जल्द एक और प्लांट स्थापित किया जाएगा।*




### जहांगीरपुरी प्लांट की खास विशेषताएं

- विभिन्न ग्रेड सुनिश्चित करने के लिए दुनिया की सबसे उन्नत तकनीक में से एक पर आधारित है।
- यह तकनीक जीरो डिस्चार्ज और बेहद कम ध्वनि पैदा करता है।
- यह प्लांट 90-95 फीसद वाटर रिसाइक्लिंग और वेस्ट वाटर के जीरो निर्वहन के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी पर आधारित है।
- प्लांट स्मार्ट और आईओटी से जुड़ा है और कमांड व कंट्रोल सेंटर के माध्यम से रिमोट मॉनिटरिंग, कंट्रोल करने में सक्षम है।
- यह तकनीक आईएस 383/2016 में निर्धारित निर्देशों के अनुसार सी एंड डी को विभिन्न आकारों के रेत और एग्रीगेट में परिवर्तित करने में सक्षम है।
- टाइल्स, पेवर्स, सीसी ईंटें, ब्लॉक और कर्ब स्टोन जैसे उत्पादों को रिसाइकल्ड कर दोबारा उपयोग किया जाता है।

# सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

● उच्चतम न्यायालय में धनशोधन मामले में सह आरोपी अंकुश जैन की याचिका की भी होगी सुनवाई



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में उनकी ओर से दायर जमानत याचिका पर नौ अक्टूबर को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ सत्येंद्र जैन और सह-आरोपी अंकुश जैन की याचिका पर सुनवाई जारी रखेगी।

शीर्ष अदालत ने 25 सितंबर को जैन की अंतरिम जमानत को नौ अक्टूबर तक बढ़ाते हुए उनसे कहा था कि शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित कार्यवाही को मामले की सुनवाई में देरी करने का बहाना न बनाएं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया है कि आप नेता निचली अदालत में इस आधार पर बार-बार स्थगन की मांग कर रहे हैं कि उनकी जमानत याचिका शीर्ष अदालत में लंबित है। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि जैन ने निचली अदालत से करीब 16 तारीख ली हैं। उच्चतम न्यायालय ने 26 मई को जैन को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के लिए छह सप्ताह की अंतरिम जमानत देते हुए कहा था कि किसी नागरिक को अपने खर्च पर निजी अस्पताल में अपनी पसंद का इलाज कराने का अधिकार है।

अदालत ने 12 सितंबर को इस मामले में जैन की अंतरिम जमानत 25 सितंबर तक बढ़ा दी थी। ईडी ने धनशोधन के आरोप में आप नेता को पिछले साल 30 मई को गिरफ्तार किया था। जैन पर आरोप है कि उन्होंने उन चार कंपनियों के जरिए धनशोधन किया जो कथित तौर पर उनसे जुड़ी थीं।

### पंजाबी गायिका जैस्मीन सैंडलस को धमकी

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायिका जैस्मीन सैंडलस ने आरोप लगाया है कि एक कार्यक्रम के लिए दिल्ली पहुंचने के बाद उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फोन करने वाले व्यक्ति ने गायिका को धमकी देते हुए जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि अमेरिका की रहने वाली सैंडलस को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में प्रस्तुति देनी है। अधिकारियों ने बताया कि सैंडलस को जिस फोन से धमकी दी गई वह अंतरराष्ट्रीय नंबर है। गायिका के स्टाफ ने तत्काल उत्तरपश्चिमी दिल्ली की पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि सैंडलस को होटल में सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है।

# एनडीएमसी ने सिंगापुर उच्चायुक्त के ध्यान दिलाने पर नाम में किया सुधार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वोंग ने एक साइनबोर्ड पर अंग्रेजी में अपने देश के नाम की गलत वर्तनी लिखे जाने की ओर ध्यान दिलाया, जिसके बाद नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपनी गलती सुधार दी। इसके बाद वोंग ने एनडीएमसी का आभार व्यक्त किया।

वर्तनी में गलती के बारे में पूछे जाने पर एनडीएमसी के एक अधिकारी ने कहा, पेंटर को गलत वर्तनी दी गई और उसने वही लिख दी। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा कैसे हुआ। हालांकि, जैसे ही मामला सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे संज्ञान में आया, हमने गलती सुधार दी। इससे पहले दिन में, सिंगापुर के उच्चायुक्त ने साइनबोर्ड पर गलत वर्तनी की एक तस्वीर एक्स पर साझा की और लिखा, पहले वर्तनी जांच लेना हमेशा अच्छा होता है। राष्ट्रीय राजधानी में साइनबोर्ड पर पेंटिंग की देखरेख करने वाली एनडीएमसी ने एक्स पर वोंग की पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा, आवश्यक सुधार किए गए हैं। गलती ठीक होने के बाद वोंग ने एक्स पर एनडीएमसी को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, त्वरित सुधार के लिए धन्यवाद। उन्होंने साइनबोर्ड पर सही की गई वर्तनी की तस्वीर भी साझा की।




### खाली पड़ी इमारत में मिला क्षत-विक्षत शव

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के इंद्रपुरी इलाके में खाली पड़ी एक इमारत में क्षत-विक्षत शव मिला है। पुलिस ने रविवार को यह सूचना दी।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक की पहचान चंदन(23) नाम के युवक के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें शनिवार को एक पीसीआर कॉल में यह सूचना मिली कि खाली पड़ी एक इमारत में से बदबू आ रही है। पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और वहां मलबे के नीचे एक शव पाया। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच में ऐसा लग रहा है कि युवक खाली पड़ी इमारत के भीतर मौजूद रहा होगा।

# सड़कों को वर्ल्ड क्लास बनाने का प्रयास जारी : आतिशी

● पीडब्ल्यूडी मंत्री लगातार चौथे हफ़्ते ग्राउंड जीरो पर, जनकपुरी व तिलकनगर में किया निरीक्षण

● लापरवाही बरतने वाले आधिकारियों पर मंत्री आतिशी ने लगाई फटकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


पीडब्ल्यूडी मंत्री लगातार चौथे हफ़्ते ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर जनकपुरी व तिलकनगर में किया निरीक्षण

दिल्ली की सड़कों को वर्ल्ड क्लास बनाने के क्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने लगातार चौथे सप्ताह ग्राउंड जीरो पर पहुँच कर सड़कों का निरीक्षण किया।

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने जनकपुरी ईस्ट मेट्रो से तिलक नगर मेट्रो के बीच की सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों व फुटपाथ के रखरखाव, हार्टिकल्चर, ड्रेनेज व क्रॉसिंग को और ज्यादा सुरक्षित व यूजर फ्रेंडली बनाने के तत्काल ज़रूरतों पर ज़ोर दिया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि सड़क पर फुटपाथ की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, फुटपाथ में एकरूपता नहीं है और मरम्मत की ज़रूरत है। साथ ही फुटपाथ पर कई जगह अतिक्रमण भी है। उन्होंने पाया कि इन सड़कों पर अभी सुधार की काफ़ी गुंजाइश है।

फुटपाथ के कुछ हिस्सों में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने पाया कि, पेड़ों की समय पर छंटाई न होने, तारों के निकलने व ग़लत तरीक़े से लगाए गए साइन बोर्ड व अतिक्रमण के कारण फुटपाथ पर पैदल यात्रियों का मार्ग असुरक्षित और अवरुद्ध हो रहा है। इस पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि, ये सड़क पश्चिमी दिल्ली की इतनी महत्वपूर्ण सड़क है और रोज़ाना यहाँ लाखों वाहनों की आवाजाही होती है। उसके बाद भी यहाँ सड़कों व फुटपाथ की अच्छी हालत न होना ग़लत गई।

अरविंद केजरीवाल सरकार में ये क़तई बर्दाश्त नहीं होगा। ऐसे में उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि, विभाग नए व इनोवेटिव आइडियाज़ के साथ इस सड़क को शानदार बनाने पर काम करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हफ़्ते भर में वो डिवीजन की सभी सड़कों को बेहतर बनाने के लिए एक विस्तृत प्लान बनाए। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को जल निकासी प्रणालियों के रखरखाव, हार्टिकल्चर, पैदल यात्रियों की जरूरतों और सुरक्षा के अनुरूप फुटपाथ में बदलाव, पेड़ों की छंटाई, टूटे हुए कर्बस्टोन को बदलना, सेंट्रल वर्ज पर हार्टिकल्चर आदि को उच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पिस्तौल दिखाकर कार लूटने वाले धरे

● यात्री का इंतजार करते समय टैक्सी चालक से हुई थी लूटपाट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कथित रूप से एक सहयोगी की मदद से पिस्तौल की दिखाकर कार लूटने के आरोप में जनकपुरी से व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता टैक्सी चालक बी-ब्लॉक के पास एक यात्री का इंतजार कर रहा था, उसी बीच हुंडई आई-10 कार से दो व्यक्ति उसके पास आकर रूके।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा, उनमें से एक ने पिस्तौल लहराते हुए उसे (चालक को) धमकी दी तथा फिर दोनों उसकी कार एवं मोबाइल फोन लेकर वहां से रफू-चक्कर हो गए। पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जनकपुरी थाने में कॉल किया और बताया कि उसकी कार में जीपीएस प्रणाली लगी है, जिसकी मदद से गाड़ी की अवस्थिति का पता किया जा सकता है। पुलिस उपायुक्त ने कहा, एक टीम बनाई गई। उसने कार का पता लगाया और आरोपी सिंकदर को गिरफ्तार कर लिया गया। वह अपराध में लिप्त था, क्योंकि वह शान-ओ-शौकत की जिंदगी जीना चाहता था। वीर ने कहा कि आरोपी ने बताया कि उसने अपने दोस्त परवेश के साथ मिलकर यह अपराध किया।

### बैंक कर्मचारी बन ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में एक बैंक का फर्जी कर्मचारी बन लोगों के क्रेडिट कार्ड से पैसे निकालने के आरोप में 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान टैगोर गार्डन निवासी हरदीप सिंह उर्फ गुलशन के तौर पर हुई है और उसे शनिवार को द्वारका के सेक्टर नौ से गिरफ्तार किया गया था। द्वारका के साइबर थाने में 29 अगस्त को एक व्यक्ति ने शिकायत देकर आरोप लगाया था कि उसके साथ 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है।

पुलिस ने बताया कि उसे एक कॉल आया और कॉल करने वाले शख्स ने खुद को प्रमुख निजी बैंक का कर्मचारी बताया और एक लिंक साझा कर कहा कि वह लिंक के माध्यम से अपने क्रेडिट कार्ड के क्लब विस्तार प्वाइंट को रिडीम (भुना) कर सकते हैं।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार, मध्यम श्रेणी में एक्यूआई

## खराब श्रेणी में दर्ज होने के बाद राजधानी में लागू किया गया था ग्रेप का पहला चरण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


फाइल फोटो

दिल्ली की वायु गुणवत्ता में रविवार को थोड़ा सुधार हुआ और यह मध्यम श्रेणी में पहुंच गई। इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी में लगातार दो दिन तक वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही थी।

दिल्ली में शनिवार शाम सात बजे एक्यूआई 214 दर्ज किया गया था। केंद्र सरकार की वायु गुणवत्ता समिति ने शुक्रवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंचने के बाद अधिकारियों को होटल व रेस्तरां में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों व ताप ऊर्जा संयंत्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया था। सर्दी के दौरान दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए लागू की जाने वाली केंद्र सरकार की चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तहत यह कदम उठाया गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से दो डिग्री अधिक है जबकि न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है।

आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में आर्द्रता का स्तर 44 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच रहा। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 164 (मध्यम) दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। मौसम विज्ञानियों ने सोमवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है और अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के क्रमशः 36 डिग्री सेल्सियस और 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई है।

### वायु प्रदूषण संबंधित बीमारियों को रोकने के लिए काम करे सरकार

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में सांस से संबंधित रोगों में वृद्धि और वायु प्रदूषण का एक दूसरे से संबंध है और सरकार को प्रति परिवार कारों की संख्या सीमित करने तथा एक समय में सड़कों पर चलने वाले वाहनों की संख्या तय करने वाली नीति पेश करनी चाहिए। इंडियन चेस्ट सोसाइटी द्वारा यहां आयोजित 25वें राष्ट्रीय श्वांस रोग सम्मेलन के मौके पर जयपुर गोल्डन अस्पताल में पल्मोनोलॉजी एंड क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ. राकेश के. चावला ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। एनएपीसीओएन-2023 के आयोजन के अध्यक्ष चावला ने कहा, तत्काल प्रभाव आंखों और गले में जलन के रूप में होते हैं। इसके अलावा, दमे का दौरा पड़ने की गंभीरता में भी वृद्धि हुई है। सम्मेलन का आयोजन वायु प्रदूषण और उससे होने वाली बीमारियों के साथ-साथ श्वांस रोगों के क्षेत्र में प्रगति पर चर्चा करने के लिए किया गया था।

### विधायक अमानतुल्लाह की खराब चरित्र संबंधी याचिका पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार को आप विधायक अमानतुल्लाह खान की उस याचिका पर सुनवाई होनी है जिसमें उन्हें खराब चरित्र का घोषित करने के दिल्ली पुलिस के फैसले को चुनौती दी गई है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें पुलिस के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है।

शीर्ष अदालत ने तीन जुलाई को खान की याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था। उच्च न्यायालय ने 19 जनवरी को खान को खराब चरित्र का घोषित करने के दिल्ली पुलिस के फैसले के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी।

दिल्ली पुलिस ने ओखला से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक खान को पिछले साल खराब चरित्र का घोषित किया था।

# तमिलनाडु में सागर परिक्रमा के नौवें चरण की शुरुआत

● केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने मत्स्यपालन क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (एफएएचडी), भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले मत्स्यपालन विभाग और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड ने मत्स्यपालन विभाग, तमिलनाडु सरकार, भारतीय तट रक्षक और मछुआरों के प्रतिनिधियों के साथ तमिलनाडु के तिरुवंदनई से सागर परिक्रमा, चरण-9 की शुरूआत की।

केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन, मत्स्यपालन विभाग की संयुक्त सचिव नीतू कुमारी प्रसाद, राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी डॉ एलएन मूर्ति और मछुआरा कल्याण विभाग, तमिलनाडु सरकार की उपस्थिति में इस परिक्रमा का नेतृत्व किया।सागर परिक्रमा चरण-9 कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने डॉ एल मुरुगन के साथ पारंपरिक मछुआरों, मछुआरनों के साथ बातचीत की और मत्स्यपालन क्षेत्र में नई तकनीक के उपयोग पर बल दिया।

# इस बार रावण नहीं दशरथ के अभिनय में नजर आएंगे बनवारी लाल सैनी

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**शहर** की प्रमुख श्री दुर्गा रामलीला में 40 साल तक रावण का दमदार अभिनय कर चुके बनवारी लाल सैनी अब 68 साल की उम्र में राजा दशरथ का किरदार निभाएंगे। उनका रावण का किरदार एनसीआर में काफी पसंद किया गया। इस किरदार में उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ। ऐसे में अब लोग उन्हें राजा दशरथ के नए अभिनय में देखने के लिए भी उत्सुक हैं। रावण के अभिनय में जहां उनकी दहाड़ अभिनय को जीवंत बना देती थी, वहीं राजा दशरथ का किरदार मार्मिक होगा।

### 40 साल तक बनवारी लाल रावण का कर चुके हैं दमदार अभिनय

### रावण के अभिनय से लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है नाम

जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। एक तरह तो आधी रात से अधिक समय तक


रावण का अभिनय करते बनवारी लाल सैनी।

कलाकार ग्रैंड रिहर्सल में जुटे हैं, दूसरी तरफ रामलीला मैदान पर मंच आदि बनाने का काम जोरों पर है। इस बार की रामलीला में कुछ नया बदलाव भी नजर आएगा। सबसे अहम रावण के किरदार में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके बनवारी लाल सैनी राजा दशरथ का अभिनय करेंगे। वे वर्ष 2020 ये रावण का अभिनय छोड़ चुके हैं। श्री दुर्गा रामलीला क्लब के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल के मुताबिक 13 अक्टूबर से रामलीला की शुरुआत होगी। गुरुग्राम में श्री दुर्गा रामलीला ही सबसे पहले शुरू होती है। अगले दिन से अन्य रामलीलाएं शुरू होती हैं। रामलीला के शेड्यूल की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर शुक्रवार को को नारद मोह की लीला होगी। इसके बाद 14 को श्रीराम जन्म लीला, 15 को धनुष यज्ञ लीला, 16 को श्रीराम-सीता विवाह, 17 को श्रीराम वन गमन, 18 को श्री दशरथ प्रतिज्ञा पालन लीला, 19 को श्रीराम-भरत मिलाप एवं सीता हरण, 20 को श्रीराम-सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध की लीला होगी। इसके बाद 21 को रावण-हनुमान संवाद एवं लंका दहन, 22 को रावण-अंगद संवाद, 23 को कुम्भकरण, मेघनाथ वध एवं सुलोचना सती लीला दिखाई जाएगी। 24 अक्टूबर को भव्य दशहरा पर्व होगा, जिसके लिए शहर में भव्य शोभा यात्रा निकालते हुए कलाकार रावण दहन मैदान तक जाएंगे। बुधवार 25 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक रामलीला मैदान में ही होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अपने रक्त को दान करके दूसरों के लिए भी उपयोगी बनाएं


रक्तदान शिविर में रक्तदाता को सम्मानित करते रवींद्र जैन।

**गुरुग्राम।** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव कॉस्मोपॉलिटन ने स्पेज प्राईवी सोसायटी सेक्टर-72 की आरडब्ल्यूए के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट रवींद्र जैन ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया और रक्तदाताओं को सम्मानित किया। यह कैम्प रोटरी ब्लड सेंटर के सहयोग से लगाया गया। अपने संबोधन में रवींद्र जैन ने कहा कि समाज की सेवा में रक्त दान भी सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि रक्त हमारे शरीर के लिए जरूरी है, यह सब जानते हैं। रक्त की कमी होने पर हमारा जीवन खतरे में पड़ जाता है। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि इंसान का रक्त सड़कों पर ना बहकर किसी के शरीर में बहे। अपने रक्त को दान करके दूसरों के लिए उपयोगी बनाएं। प्रोजेक्ट चेयरमैन एजी रतन कुमार, प्रधान अमित जैन, अभिनव बंसल, अभिषेक अनेजा, वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. पुष्पा सेठी ने भी कैंप में शिरकत की।

### हिंसा के दौरान फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** अपराध शखा सोहना पुलिस ने 31 जुलाई को हिंसा के दौरान फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हिंसा के दौरान सामने वाले को जान से मारने के इरादे से फायरिंग की थी। लेकिन उक्त फायरिंग शिकायतकर्ता को पैर में लगने से जान बच गई थी। अपराध शाखा सोहना पांच पुलिस ने गश्त दौरान शहर के तिकोना पार्क मुस्तफा उर्फ किरडला निवासी नट कॉलोनी सोहना को गिरफ्तार किया हैं। जिस पर शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर 31 जुलाई को हुई हिंसात्मक घटना के दौरान फायरिंग करने का आरोप है। मुस्तफा उर्फ किरडला ने हिंसा के दौरान अपने विरोधी को जान से मारने के इरादे से फायरिंग की थी। यह फायरिंग शिकायतकर्ता को पैर में लगी थी। जिससे उसकी जान बाल.बाल बच गई थी। पीडित को पहले सोहना और बाद में गुरुग्राम के अस्पताल में दाखिल कराया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्तफा उर्फ किरडला का एक साथी को पुलिस ने गुरुग्राम में 13 सितम्बर को मौहम्मद कैफ को इसी मामले में गिरफ्तार किया था।

### नाबालिग किशोरी संदिग्ध हालत में लापता केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी पुलिस ने डिफेंस कॉलोनी निवासी की शिकायत पर 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के संदिग्ध हालत में लापता होने का मामला दर्ज किया है। मूलरुप से जिला समस्तीपुर बिहार के निवासी पीडित पिता ने पुलिस को बताया कि वह भोंडसी की डिफेंस कॉलोनी में रहता है। उसके तीन संतान है और दूसरे नंबर पर 16 वर्षीय बेटी है। वह शनिवार को सायं 4 बजे परिजनों को बिना कुछ बताएं कही चली गई। जिसका अपने स्तर पर तलाश करने पर कोई सुराग नहीं लगा। इसलिए पुलिस को सूचित करने के लिए शिकायत दी है। पुलिस ने पीडित पिता की शिकायत पर बेटी के लापता होने का मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरु कर दी है।

# मैत्री कल्याण मंच के सौजन्य व कैनविन के सहयोग से सेक्टर-4 में शुरू हुई लैब

### सेक्टर-4 श्रीकृष्ण मंदिर में स्थापित की गई है यह लैब

### भाजपा नेता नवीन गोयल ने किया इस लैब का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**रविवार** को श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-4 में मैत्री कल्याण मंच के सौजन्य व कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित की जाने वाली धर्मार्थ प्रयोगशाला (लैब) का उद्घाटन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के हरियाणा प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने मंदिर में माथा टेककर सर्वमंगल की कामना की। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें लोगों ने विभिन्न बीमारियों की जांच कराई।


गुरुग्राम के सेक्टर-4 में लैब का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि नवीन गोयल।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी बीमारी का पता लगाने के लिए रक्त की जांच बहुत जरूरी है। हमारे शरीर के संचालन में रक्त की अहम भूमिका होती है। शरीर के किसी भी एक हिस्से में अगर रक्त का संचार ना हो तो हमारा शरीर काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। हार्ट अटैक, ब्रेन हैम्ब्रेज जैसी समस्या पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि अपनी थाली में हरी सब्जियों के साथ वह सब शामिल करें, जो कि हमारे शरीर में रक्त को बढ़ाता है। नवीन गोयल ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन का इस प्रयोगशाला के संचालन में बेहतर योगदान रहेगा।

जो रक्त की जांच प्राइवेट लैब्स में महंगे दामों में होती हैं, वे यहां सेवा कार्य की तरह नाम मात्र दरों पर की जाएंगी। रक्त जांच की सेवा के उद्देश्य से बनी इस लैब की सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। मैत्री कल्याण मंच प्रमुख मनोज भारद्वाज ने कहा कि मंच ने कैनविन के साथ मिलकर यहां रक्त की जांच के लिए लैब स्थापित की है।क्ष त्र के लोगों के लिए यह लैब लाभकारी साबित होगी।

इस अवसर पर समाजसेवी एसएस दहिया, यज्ञदत्त शर्मा, एके अनेजा, आरसी खन्ना, संजीव शर्मा, बीएस ढींगरा, आरके शर्मा, एमएस गांधी, ताराचंद राय, सुनील यादव, कर्नल बलबीर यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# जीयू की छात्रा प्रियंका की उप-कप्तानी में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जीता गोल्ड

### गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रियंका पिलानिया को दी बधाई

### द्रोणाचार्य कॉलेज में एमपीईएस की छात्रा है प्रियंका पिलानिया

**गुरुग्राम।** देश का मान बढ़ाने वाली गुरुग्राम विश्वविद्यालय की छात्रा प्रियंका पिलानिया की उप-कप्तानी में 19वें एशियाई खेलों में महिला कबड्डी टीम द्वारा जीते गए गोल्ड मेडल के साथ भारत के मेडलों की संख्या 100 पर पहुंच गई। इस उपलब्धि से देशभर के साथ गुरुग्राम विश्वविद्यालय में खुशी की लहर है। प्रियंका गुरुग्राम विवि के द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में एमपीईएस की छात्रा है।

प्रियंका पिलानिया की उप-कप्तानी में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को रोमांचक मुकाबले में 26-25 से हराकर तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में


प्रियंका पिलानिया।

जियाओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए बेहद रोमांचक मैच में भारतीय टीम को एक बार ऑल-आउट का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम ने बेहतरीन खेलते हुएचीनी ताइपे को शिकस्त दी। इस सफलता पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रियंका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरुग्राम आने पर प्रियंका का विश्वविद्यालय में स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए संयम सबसे जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि हम हर एक फील्ड में कड़ी मेहनत कर अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं विवि की स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ. सुनीता कोक ने भी इस शानदार उपलब्धि पर प्रियंका को बधाई दी।

# जेवर विधानसभा में सांसद डा. महेश शर्मा ने किया जनसम्पर्क अभियान

### जनसम्पर्क अभियान में आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज व युवा नेता ठाकुर मनजीत सिंह ने किया सांसद का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**सांसद** डा. महेश शर्मा ने जनसम्पर्क अभियान के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र के गांव दयानतपुर समेत जेवर विधानसभा के आधा दर्जन गांवों का दौरान करके लोगों से मुलाकात की। उनकी कुशल-क्षेम जानी और सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों के बारे में आमजन को जानकारी दी।

इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, जेवर विधानसभा से भाजपा युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर मनजीत सिंह, रबूपुरा मंडल के अध्यक्ष उदयवीर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान,


सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का स्वागत करते भाजपा जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज व भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह।

ठाकुर धर्मेंद्र भाटी, जेवर मंडल के अध्यक्ष अशोक शर्मा, संजय रावत आदि वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सांसद ने कई गांव का दौरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी ग्रामीणों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भारत विश्व के सबसे ताकतवर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन का जिक्र भी ग्रामीणों के बीच किया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहली बार हुआ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी किसी देश में जाते हैं तो वहां रह रहे भारतीयों से मुलाकात करते हैं। उनसे रूबरू होने के लिए बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे पहले किसी भी दूसरे दल के प्रधानमंत्रियों ने विदेशों में भारतीयों की कोइ खोज-खबर नहीं ली। यही बदलाव देश देख रहा है। सांसद ने कहा कि वह समय अब दूर नहीं है जब हमारा भारत विश्व गुरू बनकर दुनिया का नेतृत्व करेगा।

# भाजपा नेताओं में हार का सताने लगा है डर : कैप्टन अजय यादव

### भाजपा के कई दिग्गज इस चुनाव में बचा नहीं पाएंगे अपनी जमानतः पंकज डावर

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**रविवार** को रामनगर कॉलोनी में हुई नुक्कड़ सभा में कांग्रेस के पूर्व बिजली मंत्री कैप्टन अजय यादव ने आम जनता के बीच कांग्रेस सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व बिजली मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के 9 साल की सरकार में आम जनता को महंगाई भ्रष्टाचार अपराध के सिवा और कुछ नहीं मिला। आज लोग


रामनगर कॉलोनी में पूर्व बिजली मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के साथ पंकज डाबर एवं अन्य कार्यकर्ता।

छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। प्रदेश की परेशान जनता आगामी सरकार कांग्रेस की बनाने के लिए एकजुट हो चुकी है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही क्षेत्र के लोगों की सभी मांगे पूरी की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पांच प्रदेशों में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा के बड़े-बड़े नेता एक बार फिर से झूठ का बाजार गर्म करने में जुटे हैं, लेकिन अब जनता इन्हें जान चुकी है। इसलिए अब इनका झूठ कहीं भी चलने वाला नहीं है। यही कारण है कि भाजपा नेताओं में झूठ का डर सता रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि विभिन्न प्रदेशों में जो चुनाव हो रहे हैं, उसमें भाजपा इस बार अपने मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बता रही। इसके साथ ही राजस्थान और मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में है। भाजपा जान चुकी है कि इस बार उनकी पार्टी के कई दिग्गज नेता अपनी जमानत तक बच्चा नहीं पाएंगे।

# कारोबारियों ने रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बनाने की कवायद की शुरु

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**बांस** के कारोबारियों ने रामलीला शुरु होने से पहले रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बनाने की कवायद शुरु कर दी है। कारोबारी इस वर्ष 30 से 40 हजार रुपये का सामान इक्कठा खरीद लिया है।

रामलीला को मंचन जल्द ही शुरु होना है। जिसको लेकर रामलीला क्लब व कमेटियां पूरी तैयारी में जुट गई है। शहर में तीन स्थानों पर रामलीला का मंचन होगा। जिसमें हनुमान बगिची, पंजाबी धर्मशाला और देवीलाल खेल स्टेडियम शामिल है। रामलीलाओं को लेकर मंच सजने लगे है। लेकिन इससे पहले दशहरा से पहले ही बांस से चटाई, सिरकी, चारपाई आदि बनने वाले कारोबारियों ने रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले बनाने की कवायद शुरु कर दी है। जिसमें तीन फुट से लेकर 25 फुट ऊॅंचाई वाले पुतलो का ढाचा तैयार किया जा रहा है।

**अच्छे कारोबार की आशंका :** मूलरुप से उत्तर प्रदेश का जिला ऐटा मैंनपुरी निवासी बांस कारोबारी


दशहरा पर फुंके जाने वाले पुतले बनाने की कवायद शुरु करते हुए कारोबारी।

अंकित का कहना है कि पिछले साल उसने करीब 20 हजार रुपये के पुतले बनाकर बेचे थे।

तब रामलीला कमेटी से लेकर आम लोगों के कारोबार कोविड काल समाप्त के बाद से आर्थिक तंगी आ गई थी। लेकिन अब आर्थिक स्थिति सामान्य हो चली है। महिला कारोबारी संतोष का कहना है कि इस बार उसने 40 हजार रुपये का सामान पुतले बनाने के लिए खरीदकर रखा है। उन्हे उम्मीद है कि इस वर्ष का कारोबार पिछले दो वर्षों की अपेक्षा अधिक कमाई वाला होगा।

# उपचार में लापरवाही पर निजी अस्पताल के सीईओ व एक डॉक्टर पर एफआईआर

### मेडिकल बोर्ड की जांच में उपचार में लापरवाही आई सामने

### सेक्टर-10 पुलिस थाना में दर्ज किया गया है केस

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**शहर** के एक निजी अस्पताल में मरीज के उपचार में लापरवाही से उसकी मौत होने के मामले में अस्पताल की लापरवाही सामने आई है। मेडिकल बोर्ड की जांच रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि मरीज के इलाज में घोर लापरवाही बरती गई। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सेक्टर-10 पुलिस थाना में अस्पताल के सीईओ व एक डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज की गई है।

पीड़ित परिवार की ओर से निर्मला शर्मा के मुताबिक सिग्नेचर एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल


सिग्नेचर एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल। सांकेतिक तस्वीर।

में उनके 92 वर्षीय पिता चंद्र प्रकाश दीक्षित (अब दिवंगत) का उन्होंने उपचार कराया था। वहां उपचार में लापरवाही के कारण उन्हें संक्रामक रोग हो गया। उनकी तबियत बिगड़ती गई। उनके पिता की हेमी-आर्थोप्लास्टी सर्जरी करने के लिए सिग्नेचर एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को 1 लाख 89 हजार 100 रुपये का भुगतान किया गया। इलाज के बाद मरीज को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में उन्होंने अपने पिता को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ा। वहां पर उनके उपचार पर 9 लाख 3 हजार 678 रुपये खर्च हुए। दुर्भाग्य से इस वर्ष की शुरुआत में उनके पिता की मृत्यु हो गई। आरोप है कि अस्पताल से छुट्टी के समय रोगी के कृत्रिम कूल्हे की अव्यवस्था का पता लगाने और उसका इलाज करने में डॉक्टर विफल रहे। जिसके कारण उपचार में देरी हुई। मरीज के अंग छोटे हो गए और कई तरह की दिक्कतें पैदा हो गई।

इस संबंध में जिला स्वास्थ्य विभाग को शिकायत दी गई। सिविल सर्जन द्वारा इस विषय पर 7 सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया। पूछताछ के दौरान डॉ. संजीव शर्मा और डॉ. आईपी अरोड़ा दोनों ने लापरवाही के आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने मरीज के इलाज के दौरान सभी सावधानियों और चिकित्सा नैतिकता के प्रोटोकॉल का पालन किया। मेडिकल बोर्ड ने बारीकी से जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में साफ किया है कि अस्पताल का प्रबंधन और मरीज का उपचार करने वाले अस्पताल के सर्जन दोनों ने ना केवल लापरवाही बरती, बल्कि उन्होंने भ्रामक रिकॉर्ड और रिपोर्ट, एक्स-रे आदि प्रदान करके बोर्ड को भी गुमराह करने की कोशिश की। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट कानूनी राय के लिए जिला अटॉर्नी को भेजी गई। जिला अटॉर्नी ने प्राथमिक तौर पर लापरवाही से मौत का मामला माना। लापरवाही के लिए जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा की गई जांच और जिला अटॉर्नी से कानूनी राय के आधार पर उनके खिलाफ गुरुग्राम के सेक्टर-10 पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 304-ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# स्पेशल लोक अदालत अब 12 अक्टूबर को होगी आयोजित- कविता यादव

**मेवात।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कविता यादव ने बताया कि पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए स्पेशल लोक अदालत अब आगामी 12 अक्टूबर को आयोजित होगी, पहले यह स्पेशल लोक अदालत 14 अक्टूबर लगनी थी। उन्होंने बताया कि आपसी सहमति से जो मामले हल हो सकते हैं, उनके लिए यह स्पेशल लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की उतनी ही अहमियत है, जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अन्य किसी कोर्ट में अपील दायर भी नहीं की जा सकती। लोक अदालत में न्याय पाना सस्ता और सुलभ होता है। इन लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गंवाए केसों का समाधान किया जाता है। लोक अदालतों में न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत, बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है, जिससे समाज में भी सामाजिक भाईचारा बना रहता है।

# गीता चंद्रन की शिष्या शिखा गुंसाई का पहला एकल भरतनाट्यम

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**पद्मश्री** गुरु गीता चंद्रन ने अपनी शिष्या शिखा गुंसाई की पहली एकल प्रस्तुति, भरतनाट्यम अरंगेत्रम का आयोजन किया। नाट्य वृक्ष के तत्वाधान में तानसेन मार्ग स्थित त्रिवेणी कला संगम में आयोजित इस नृत्य संध्या में शिखा गुसांई ने अपने सशक्त कला-कौशल और भाव-विभोर करते भरतनाट्यम से बताया कि वह अब भरतनाट्यम के संसार में अपनी प्रतिभा का लोहा मनावाने के लिए तैयार हैं। हालांकि यह शिखा के लिए भारतीय क्लासिकल नृत्य मंच पर उनका पहला एकल प्रस्तुतिकरण था लेकिन इससे पूर्व वे लोकप्रिय रियेल्टी शो इंडियाज़ गॉट टैलेंट के माध्यम से अपना जौहर मंच पर बिखेर चुकी हैं।

भरतनाट्यम नृत्यांगना के जीवन में अरंगेत्रम का बहुत महत्व होता है। जब गुरु को विश्वास हो जाता है कि शिष्य एकल प्रस्तुति के लिए पूरी तरह तैयार है, तब उसके अरंगेत्रम का एलान किया जाता है। शिष्य के साथ ही यह गुरु के लिए भी गर्व का क्षण



होता है। भरतनाट्यम की दुनिया में इसे किसी नृत्यांगना का पहला कदम माना जाता है।

अरंगेत्रम की शुरुआत पुष्पांजलि से हुई, जिसमें उन्होंने अरंगम यानी उस स्टेज को प्रणाम किया। इसके बाद अलारिप्पु का चरण हुआ, जिसमें शरीर धीरे-धीरे भरतनाट्यम की मुद्राएं धारण करता है। इसके बाद जातिस्वरम और वरणम की प्रस्तुति हुई। शिखा ने शिव स्तुति प्रस्तुत की और मीराबाई के भजन 'बसो मोरे' पर भी नृत्य किया। उन्होंने राग बृंदावनी में तिल्लना के साथ अरंगेत्रम का समापन किया। अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को लेकर शिखा ने कहा, 'भरतनाट्यम एक कला है, जो अपनी आत्मा से संवाद का अवसर देती है। इसकी हर मुद्रा में बहुत कुछ सीखने के लिए है। मैं अपनी गुरु गीता चंद्रन की आभारी हूं, जिनकी छाया में मैं यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने केवल मेरे नृत्य कौशल को ही नहीं निखारा, बल्कि मेरे अंदर अनुशासन, समर्पण और नम्रता का भाव भी भरा। नाट्य वृक्ष में मेरी गुरु का सुंदर निवास मेरे दिल में बसा है। यहां मैंने अपने जीवन के बहुमूल्य क्षण बिताए हैं और इस पारंपरिक नृत्य कला की बारीकियों को सीखा है। अरंगेत्रम मेरे लिए गौरवपूर्ण पल है, दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया, मैं बहुत खुश हूं।'

इस मौके पर उनकी गुरू पद्मश्री गीता चन्द्रन ने कहा, शिखा को भरतनाट्यम सिखाना खुशी की बात थी, क्योंकि उसने योग के माध्यम से शरीर की तैयारी के दृष्टिकोण से कला को देखा। यह मेरे लिए एक नया अनुभव था, और शिखा एक सक्षम और उत्सुक छात्रा थी जो अपने योग शरीर और भरतनाट्यम शरीर के बीच पुल बनाने में कामयाब रही।

## सिक्किम में बाढ़

### चेतावनियों की अनदेखी

**सिक्किम में अचानक आई बाढ़** में अनेक लोगों को जान से हाथ धोने पड़े हैं। इसका कारण एक दशक से मिल रही चेतावनियों की अनदेखी है। पहले उत्तराखंड, फिर हिमाचल प्रदेश और अब सिक्किम की विभीषिकाओं से स्पष्ट है कि प्रगति, मानव विकास, अर्थव्यवस्था, तकनीक व ढांचागत विकास के मामले में भारत अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। दशकों से समस्याओं को टालने की आदत के कारण किसी संभावित आपदा की तैयारी नहीं की जाती है। सालों पहले से चेतावनियां मिलने के बावजूद बचाव की कार्रवाइयां नहीं होती हैं और अधिकारी तभी जागते हैं जब प्राकृतिक आपदाओं से भारी नुकसान हो जाता है, जबकि देश इनसे बच सकता है। 4 अक्टूबर को सिक्किम विभीषिका का सामना करने वाला नवीनतम हिमालयी राज्य बन बया। बादल फटने के कारण लहोनक झील ने अपने किनारे तोड़ दिए जिससे तीस्ता नदी में अचानक भयानक बाढ़ आ गई। इससे जीवन व संपत्ति का भारी नुकसान हुआ। तीस्ता नदी में अचानक पानी बहुत अधिक बढ़ने से उसके किनारे टूट गए और लेचन घाटी में भयानक बाढ़ आ गई। बाढ़ के पानी ने तीस्ता घाटी के अनेक कस्बों को भी डुबो दिया जिससे भारी विनाश हुआ। बाढ़ तथा ढांचागत संरचनायें टूटने के कारण सेना के 22 जवानों के साथ-साथ 3,000 से अधिक पर्यटक सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में फंस गए। इसकी प्रतिक्रिया में बचाव की कार्रवाइयां शुरू की गईं तथा सोमोगो झील, बाबा मंदिर व नाथूला जैसे लोकप्रिय पर्यटक स्थलों के लिए पर्यटक परमिट जारी करने पर रोक लगा दी गई। स्कूल और कालेज 15 अक्टूबर तक बंद कर दिए गए हैं। अनेक लोगों का जीवन, उनके घर तथा आजीविका नष्ट होने के कारण पूरा सिक्किम शोक में डूब गया है। इस विभीषिका का सिक्किम के पर्यटन उद्योग पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करता है।



हालांकि, सभी प्रकार की आपदायें त्रासद होती हैं, पर चेतावनियों के बावजूद आने वाली आपदायें सर्वाधिक घातक होती हैं। एक दशक पहले ही संभावित आपदा की चेतावनी दी गई थी। सरकारी एजेंसियों व शोधकर्ताओं ने कहा था कि सिक्किम में 'ग्लेशियल झील' फटने से भयानक बाढ़, यानी जीएलओएफ की आशंका है। नवीनतम चेतावनी 2021 में आई थी, लेकिन इसे भी अनदेखा किया गया। सिक्किम के सुदूर उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित दक्षिण लहोनक झील उन 14 संभावित खतरनाक झीलों में शामिल है जो जीएलओएफ का कारण बन सकती हैं। इनकी विभीषिका संभावना 42 प्रतिशत है। 2016 में सोनम वांगचुक के नेतृत्व में एक खोजी यात्रा ने जीएलओएफ की चेतावनी दी थी। हालांकि, इसके बाद अधिकारियों ने कुछ मामूली कदम उठाए, पर उन्होंने उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों की अनदेखी की जो संभावित विभीषिका का संकेत दे रहे थे। राहत और बचाव कार्यों के दौरान सिक्किम के लोग अपनी दृढ़ता व एकजुटता प्रदर्शित करते हुए एकसाथ आए। लेकिन लगता है कि हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते हैं और अगली आपदा की प्रतीक्षा करते हैं। एक वैश्विक आंकलन के अनुसार संकटग्रस्त हिमालयी क्षेत्र में 3 मिलियन भारतीयों पर जीएलओएफ जैसी घटनाओं का खतरा मंडरा रहा है। हिमालय में 7,500 से अधिक 'ग्लेशियल झीलें' हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। यदि इस संवेदनशील परिस्थितिकी को छेड़ा गया तो भयानक विभीषिकाओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में एक अन्य विभीषिका की प्रतीक्षा करने के बजाय प्राथमिकता पर तत्काल निरोधक उपाय किए जाने चाहिए।

# वैश्वीकरण के व्यापक प्रभाव

**वैश्वीकरण इतना मजबूत हो गया है कि उससे किसी देश या क्षेत्र का अलग रहना संभव नहीं है। अतः आगे बढ़ने के लिए जोखिम घटाने और पुनः जुड़ाव का रास्ता अपनाना होगा।**



**उमंग कोहली**
(लेखक, भू-राजनीति के विशेषज्ञ हैं)



अनेक परिवर्तनों के बावजूद आज भी वैश्वीकरण इतना मजबूत है कि उससे अलग होना संभव नहीं है। ऐसे में किसी देश या क्षेत्र के सामने भविष्य का रास्ता यही है कि वह इसके कारण पैदा होने वाले जोखिम को यथासंभव कम करे तथा विभिन्न देशों से पुनः जुड़ाव का मार्ग प्रशस्त करे। वर्तमान विश्व व्यवस्था तेजी से बदल रही है। हालांकि, यूक्रेन युद्ध ने वर्तमान विश्व व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके साथ ही सबसे बड़ी व प्राचीन संयुक्त राष्ट्रसंघ संस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल पैदा हो रहे हैं। वर्तमान दुनिया में एक चीज उभर कर सामने आई है कि पिछले दो दशक में वैश्वीकरण इतना मजबूत हो गया है कि किसी देश या क्षेत्र का उससे पूर्ण आर्थिक अलगाव न संभव है और न इसे उचित ठहराया जा सकता है। ऐसे में आर्थिक प्रगति के लिए देशों के सामने एक ही रास्ता है कि वे जोखिम घटायें तथा पुनः जुड़ाव के रास्ते पर आगे बढ़ें। सर्वाधिक शक्तिशाली देशों ने खुलेआम घोषणा कर दी है कि वे अपने लिए आर्थिक मजबूती के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। उनकी रणनीति 'एक दूसरे से अलग होने के बजाय अपनी साझेदारियों को विविधतापूर्ण बनाना तथा उनको और गहरा करना है।'

नाटो के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद वह रूस को व्यवस्था से अलग करने या उसकी 'डि-कपलिंग' में सफल नहीं हुआ है। रूस एशिया के भीतर तथा यूरोप और अफ्रीका के साथ अपना व्यापार जारी रखे है। उदाहरण के लिए, रूस के वाणिज्यिक नाभिकीय तकनीक उद्योग का प्रयोग यूरोप में हो रहा है और वह पश्चिम की ऊर्जा आवश्यकतायें पूरी करने में अपनी क्षमता का प्रयोग कर रहा है। वर्तमान समय में यह अच्छी तरह समझ लिया गया है कि व्यापार में देशों की प्राथमिकतायें एक दूसरे के साथ बदल सकती हैं। लेकिन एक देश या देशों के समूह का अलगाव व्यापार में बाधा पैदा करता है जिससे अनेक देशों का विकास प्रभावित हो सकता है। इसलिए यदि खासकर संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी को पूरा करना है तो देशों का अलगाव भविष्य के लिए अच्छा विचार नहीं है। फ्रांस के वित्त मंत्री ब्रूनो ले मायर ने कहा था, 'हम डि-कपलिंग के विचार के पूर्णतः विरोधी हैं। डि-कपलिंग एक भ्रम है।' उन्होंने अपनी बात में यह भी जोड़ा था कि 'अमेरिकन, यूरोपीय व चीनी अर्थव्यवस्थाओं के बीच किसी प्रकार की डि-कपलिंग की कोई संभावना नहीं है।'

अब यह अच्छी तरह स्वीकार कर लिया गया है कि चीन की डि-कपलिंग संभव नहीं हो सकती है। लेकिन अर्थव्यवस्थाओं का जोखिम घटाने या 'डि-रिस्किंग' या चीन के 'कर्ज जाल' से बचना समग्र रूप से न्यायोचित दुनिया बनाने के लिए जरूरी है। अमेरिकी वित्त सचिव ने बीजिंग की अपनी यात्रा के दौरान स्वीकार किया था कि चीन को डि-कपल करना लगभग असंभव है। हालांकि, टैरिफ पर 'जैसे को तैसा' वाली नीतियों से जनता में यह राय बनी है कि तथाकथित डि-कपलिंग का अर्थ अधिकांशतः आयातों को हतोत्साहित करना है। लेकिन यह अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करने जैसा है और यह प्रक्रिया दशकों से जारी है तथा इसमें कुछ नया नहीं है। चीनी दृष्टिकोण से डि-रिस्किंग एक रणनीतिक परिवर्तन है जिसमें चीन आर्थिक विकास से आर्थिक नियंत्रण की ओर आगे बढ़ रहा है। इस नियंत्रण के लिए 'डुअल सर्कुलेशन' शब्द का प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ आंतरिक व विदेश व्यापार पर पूर्ण नियंत्रण है। यह एक विस्तारवादी व्यापार नीति है जो सैनिक नीति के साथ-साथ चलती है। चीन द्वारा इस प्रकार की विस्तारवादी 'डि-रिस्किंग' विश्व व्यापार व्यवस्था को खतरे में डालती है और इसीलिए विभिन्न देशों ने चीन से 'डि-कपलिंग' की बात शुरू की है।

भारत का दृष्टिकोण देशों के बीच सहयोग तथा परस्पर लाभदायक व्यापार का है और इसी कारण इसके प्रति सारी दुनिया व खासकर वैश्विक दक्षिण का आकर्षण बढ़ रहा है। समय आ गया है कि जहां तक व्यापार के लाभों का सवाल है, वैश्विक दक्षिण को उसका उचित हिस्सा दिया जाए। इस दिशा में चीन से उनकी अर्थव्यवस्थाओं की डि-रिस्किंग एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। अर्थव्यवस्थाओं की डि-रिस्किंग में जलवायु परिवर्तन तथा उससे जुड़े परिवर्तनों पर ध्यान केन्द्रित करना भी शामिल है। तकनीक हस्तांतरण से वैश्विक दक्षिण द्वारा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना भी डि-रिस्किंग प्रक्रिया का एक अंग है। इससे न केवल वैश्विक दक्षिण के देशों, बल्कि पूरी मानवता को लाभ होगा।

इसलिए जब पश्चिम ने पहले ही समझ लिया है कि चीन से डि-कपलिंग संभव नहीं है और डि-रिस्किंग मूलतः महत्वपूर्ण है तो सवाल उठता है कि वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं की डि-रिस्किंग के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए? डि-रिस्किंग की नीति तथा वैश्विक दक्षिण को विकसित करने की योजनायें ऐसे में दो प्रमुख रणनीतियां हैं जो एकसाथ चलेंगी। आर्थिक वैश्वीकरण वैश्विक दक्षिण के लिए जरूरी है और तकनीक हस्तांतरण इससे भी अधिक जरूरी है। वैश्विक दक्षिण के लिए डि-रिस्किंग का अर्थ उसकी ढांचागत संरचनाओं का निर्माण तथा तकनीक का हस्तांतरण है ताकि वह प्राकृतिक आपदा व वैश्विक महामारी जैसी स्थितियों में आत्मनिर्भर रह सके। उनकी अर्थव्यवस्थाओं को विदेशी निवेशों पर निर्भर करना आगे बढ़ने का रास्ता नहीं है।

भारत वैश्विक दक्षिण की अर्थव्यवस्थाओं की डि-रिस्किंग के लिए उनको ऐसे नीतिगत ढांचे में समाहित करने की पहल कर रहा है जो ज्यादा समतापूर्ण हो। दूसरी बात यह उभर कर सामने आ रही है कि देशों को स्वयं को चीन जैसे देशों से अवश्य डि-रिस्क करना चाहिए जो विस्तारवादी नीतियों के चलते आर्थिक क्षेत्र से बाहर जाते हैं और जिनका देशों के राजनीतिक व सामाजिक ढांचे पर प्रभाव पड़ता है। डि-रिस्किंग से चीन की दुनिया भर में सर्वोत्तम खोजों तक पहुंच सीमित होगी। लेकिन डि-कपलिंग के उलट डि-रिस्किंग से कम संवेदनशील तकनीकों तक पहुंच बनी रहेगी। डि-रिस्किंग का अर्थ चीनी सेना की प्रगति धीमी करना भी है। चीनी सेना को ऐसी उत्कृष्ट तकनीकों तक पहुंच से हर कीमत पर रोका जाना बहुत जरूरी है जिनका सैनिक उपयोग हो सकता है। इससे स्पष्ट होता है कि डि-रिस्किंग का दायरा अर्थव्यवस्था व रक्षा, दोनों तक फैला है।

विशिष्ट चीनी उत्पादों पर अति-निर्भरता को घटाने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीक पर चीनी वर्चस्व घटाने की जरूरत है। दुनिया को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि महत्वपूर्ण कच्चे माल की सप्लाई की सुरक्षा बनी रहे। ये कच्चे माल स्वच्छ ऊर्जा की ओर दुनिय की पहुंच बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी हैं। इनमें लीथियम तकनीकें, जैसे बिजली-वाहनों की बैटरियां तथा सौर पैनल जैसे उपकरण शामिल हैं। यह सप्लाई सुनिश्चित करना सारी दुनिया को शून्य-उत्सर्जन के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इसे किसी एक देश की विशिष्ट संपत्ति बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'यह युग युद्ध का नहीं है।' उनका यह कथन बहुत लोकप्रिय हुआ तथा दुनिया के अनेक नेताओं ने इसे विभिन्न मंचों पर बार-बार दुहराया है। लेकिन यह युग निश्चित रूप से डि-रिस्किंग का है। इस युग में मानवता को साझा लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए स्वयं को उन देशों से डि-रिस्क करने की जरूरत है जो एकाधिकारवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देते हैं। हमारी सोच में दुनिया और मानवता के व्यापक हित को हमेशा प्राथमिकता मिलनी चाहिए जो सीमाओं तथा कुछ नेताओं के निहित स्वार्थों से आगे जाता है। यदि हम निकट भविष्य में संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी को प्राप्त करना चाहते हैं तो डि-रिस्किंग को इसकी पूर्व-शर्त बनाना जरूरी होगा।

# उर्वरकों पर करारोपण की व्यवस्था

**उत्तम गुप्ता**
(लेखक,नीति विश्लेषक हैं)



संसद में 9 अगस्त, 2023 को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में रसायनों एवं उर्वरकों पर स्थाई समिति ने केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि वह जीएसटी परिषद से उर्वरकों पर टैक्स वर्तमान 5 प्रतिशत से घटाने की संस्तुति करे। शुरुआत में उर्वरकों को 12 प्रतिशत टैक्स स्लैब में रखा गया था। लेकिन विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधित्व के बाद इनको घटा कर 5 प्रतिशत किया गया। अब समिति चाहती है कि इनको और घटाया जाए। उसने सरकार से यह भी कहा है कि वह 'उर्वरक निर्माता कंपनियों तथा अंततः किसानों के हित में इनमें लगने वाले कच्चे माल प जीएसटी घटाने के प्रस्ताव पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करे।' वर्तमान समय में उर्वरकों के उत्पादन में लगने वाले कच्चे माल-आरएम, जैसे सल्फ्यूरिक एसिड व अमोनिया पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि तैयार माल के रूप में उर्वरकों पर 5 प्रतिशत टैक्स लगता है।

उर्वरकों पर जीएसटी और कम करने का मुद्दा जीसटी परिषद की 45वीं व 47वीं बैठकों में सितंबर, 2021 व जून, 2022 में रखा गया था, लेकिन उसने किसी कमी को स्वीकार नहीं किया। ऐसे में प्रतीक्षा करना और देखना होगा क जीएसटी परिषद स्थाई समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करती है या नहीं। इस बीच यह उल्लेख करना जरूरी है कि उर्वरकों पर टैक्स लगाने में तीन प्रमुख कमियां हैं। पहला, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए सरकार इनके अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी को निचले स्तर पर बनाए रखने के लिए नियंत्रण करती है जिसका उत्पादन व वितरण के खर्च से कोई संबंध नहीं है। सरकार एमएसपी से अधिक खर्च की प्रतिपूर्ति सब्सिडी के माध्यम से निर्माताओं को करती है। यूरिया के मामले में एमआरपी वास्तविक खर्च का दसवां हिस्सा है, जबकि गैर-यूरिया उर्वरकों के मामले में यह लगभग एक तिहाई है।

इस प्रकार जब सरकार करदाताओं के पैसे का उपयोग करते हुए खर्च का अधिकांश वहन स्वयं करती है ताकि किसानों को ये सस्ती कीमतों पर मिल सकें, फिर इन उत्पादों यानी उर्वरकों तथा उनके उत्पादन में प्रयोग होने वाले आरएम पर टैक्स लगाने का कोई औचित्य नहीं है। इन टैक्सों के कारण उर्वरक सप्लाई का खर्च बढ़ता है जिसकी प्रतिपूर्ति निर्माताओं को 'अतिरिक्त' सब्सिडी के रूप में की जाती है। यह एक हाथ से लेने और दूसरे हाथ से देने जैसा काम है। ऐसे में उर्वरकों तथा उनके उत्पादन में लगने वाले आरएम पर टैक्स लगाने का कोई औचित्य नहीं है। दूसरी कमी का संबंध उर्वरक सप्लाई के दो प्रमुख आयामों पर टैक्स लगाने से है जिनमें से एक का संबंध जीएसटी और दूसरे का पूर्व-जीएसटी व्यवस्था से है।

सभी तैयार उत्पादों, जैसे यूरिया, डाई अमोनियम फास्फेट-डीएपी, म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी, आदि पर वर्तमान जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत टैक्स लगता है जिसकी दर 5 प्रतिशत है। उर्वरकों के उत्पादन में लगने वाले अधिकांश आरएम पर जीएसटी व्यवस्था में सल्फ्यूरिक एसिड व अमोनिया पर 18 प्रतिशत तथा फास्फोरिक एसिड पर 12 प्रतिशत टैक्स लगता है। लेकिन सारी घरेलू यूरिया के उत्पादन में प्राकृतिक गैस-एनजी का प्रयोग होता है, जिस पर जीएसटी-पूर्व व्यवस्था के अंतर्गत टैक्स लगता है। उर्वरकों के उत्पादन में



प्रयोग होने वाली बिजली भी जीएसटी के बाहर है। इसके परिणामस्वरूप यदि ये उत्पाद जीएसटी मे होते तो उसकी तुलना में बहुत अधिक टैक्स लग जाता है। वर्तमान समय में उर्वरक प्लांटों को सप्लाई होने वाली एनजी पर 'शून्य' केन्द्रीय एक्साइज़ ड्यूटी-सीईडी लगती है, जबकि वैल्यू एडेड टैक्स-वैट आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक 24.5 प्रतिशत से लेकर राजस्थान में सबसे कम पांच प्रतिशत लगता है। इसके साथ ही अन्य स्थानीय कर लगते हैं। उदाहरण के लिए गुजरात सरकार उन निवेशों के हिस्से पर 'खरीद कर' लगाती है जो राज्य के बाहर बिक्री होने वाली यूरिया के लिए प्रयोग होते हैं। इसके कारण तीन प्रकार से एनजी की कीमतें बढ़ती हैं। पहला, जीएसटी के बाहर होने के कारण गैस कंपनियां, जैसे आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी, आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल आदि निवेशों, कंज्यूमेबल्स तथा उपकरणों की खरीद पर भुगतान किए टैक्स का क्रेडिट नहीं मांग सकती हैं। इससे लागत बढ़ती है। दूसरे, वैट लगने से फैक्ट्री गेट पर लगने वाली कीमत बढ़ती है जिसका प्रभाव आंध्र प्रदेश में सबसे अधिक होता है जहां कर की दर 24.5 प्रतिशत है। तीसरा, स्थानीय लेवी के कारण कीमतें और बढ़ती हैं। बिजली भी जीएसटी के बाहर है। इसका उत्पादन और वितरण सेंट्रल वैट लेवी-सेन्वैट और वैट से अलग है। इसके परिणामस्वरूप ऐसी स्थिति पैदा होती है जहां बिजली कंपनियों को उपकरणों, भंडारों, आदि पर भुगतान किए टैक्स का क्रेडिट नहीं मिलता है जिनका प्रयोग उत्पादन व वितरण में होता है। इसके परिणामस्वरूप बिजली की कीमत बढ़ती है। संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची के 53वें प्राविधान से राज्यों को केन्द्र सरकार या रेलवे द्वारा उपभोग को छोड़ कर बिजली की बिक्री व उपभोग पर टैक्स लगाने का अधिकार मिलता है। बिजली ड्यूटी के लिए बिजली कंपनियों को कोई रियायत नहीं मिलती है।

इसके कारण उर्वरक प्लांटों को सप्लाई की जाने वाली बिजली की लागत और बढ़ जाती है। संक्षेप में कहा जाए तो जहां एक ओर तैयार उर्वरक उत्पादों तथा उनके उत्पादन में लगने वाले कुछ निवेशों व आरएम पर टैक्स का उद्देश्य जीएसटी व्यवस्था में इसे कम कर किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरकों की कीमतें घटाना है, वहीं अन्य प्रमुख उत्पादों, जैसे एनजी व बिजली पर जीएसटी-पूर्व व्यवस्था के अंतर्गत टैक्स लगाना इस उद्देश्य को नुकसान पहुंचाता है। तीसरी कमी का संबंध उर्वरकों के उत्पादन में लगने वाले निवेशों पर अधिक टैक्स लेना है, जबकि तैयार उत्पाद यानी उर्वरकों पर टैक्स का दायित्व बहुत कम होता है। इसे ठीक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि जीएसटी दर कम होने के साथ एमआरपी भी बहुत कम होता है। उदाहरण के लिए, यूरिया पर टैक्स दर 5 प्रतिशत होने के साथ ही इसका एमआरपी सप्लाई लागत का केवल दसवां हिस्सा है। इसके परिणामस्वरूप 'अप्रयुक्त' इन्पुट टैक्स क्रेडिट-आईटीसी बनता है क्योंकि आउटपुट टैक्स इन्पुट टैक्स से बहुत कम होता है और ऐसा कोई प्राविधान नहीं है जिसके अंतर्गत निर्माता इसकी मांग कर सकें। इसलिए केन्द्र सरकार को अप्रयुक्त आईटीसी के लिए उर्वरक निर्माताओं को उर्वरक सब्सिडी बजट के अंतर्गत प्रतिपूर्ति करनी होती है।

कुल मिला कर कहा जाए तो उर्वरक उत्पादन की लागत किसानों को मिलने वाली कीमतों की तुलना में बहुत अधिक होती है। केन्द्र सरकार किसानों से उर्वरकों की बहुत कम कीमत लेना चाहती है। ऐसे में आदर्श रूप से उसे उर्वरकों पर कोई टैक्स नहीं लगाना चाहिए। यदि वह टैक्स लगाना चाहती है तो सप्लाई श्रृंखला के सभी तत्वों को जीएसटी के अंतर्गत लाया जाना चाहिए तथा उर्वरकों व सभी निवेशों व आरएम को न्यूनतम 5 प्रतिशत की दर से टैक्स के अंतर्गत आना चाहिए। हालांकि, उर्वरकों पर कर की वर्तमान दर 5 प्रतिशत है, समिति ने इसे और घटाने तथा 1 प्रतिशत या 2 प्रतिशत करने की संस्तुति की है। इसके लिए अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड व फास्फोरिक एसिड पर वर्तमान 18 प्रतिशत व 12 प्रतिशत टैक्स लगाने के बजाय इसे घटा कर 5 प्रतिशत करना होगा। यही दर एनजी व बिजली पर लागू करनी होगी तथा इसे जीएसटी व्यवस्था के अंतर्गत लाना होगा।

लेकिन समिति द्वारा केवल उर्वरकों के प्रयोग में आने वाले आरएम की दर कम करने से लाभ नहीं होगा। कृत्रिम रूप से कम एमआरपी का लागत से कोई संबंध नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी व्यवस्था के अंतर्गत किसानों को सीधे सब्सिडी देनी चाहिए तथा निर्माताओं को बाजार द्वारा निर्धारित दर पर किसानों से भुगतान की अनुमति मिलनी चाहिए।

## आप की बात

### मलेरिया वैक्सीन

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने मलेरिया की दूसरी वैक्सीन-आर21 को मंजूरी दे दी है। हालांकि, अधिकतर अफ्रीकी देशों में वैक्सीन की पहली खुराक भी बहुत कामयाब रही थी, मगर उपयोग के साथ-साथ इसका प्रभाव घटने लगा था। नई वैक्सीन आने से सभी अफ्रीकी देशों सहित दुनिया भर के उन गरीब देश की जनता को बहुत राहत मिलेगी जहां मलेरिया हर साल लाखों लोगों की जान ले लेता है। खुशी की बात है कि इसका उत्पादन भारत में होगा। इस प्रकार यह वैक्सीन भारतीय वैक्सीन निर्माताओं की वैश्विक क्षमता भी उजागर करेगी। प्राथमिक परीक्षणो में यह वैक्सीन बहुत कारगर सिद्ध हुई है। आशा है परीक्षणों की अगली सीढ़ियां तय करके यह वैक्सीन मलेरिया के खिलाफ सर्वाधिक कारगर वैक्सीन बन जाएगी। भारत समेत दुनिया भर में मलेरिया आज भी जानलेवा बीमारी है और साल भर में लाखों जानें मलेरिया से जा रही है। अब आर21 वैक्सीन के पर्याप्त उत्पादन के बाद इसके प्रयोग से मलेरिया को नियंत्रित किया जाना संभव हो सकेगा। मलेरिया वैक्सीन आधुनिक चिकित्सा पद्धति के लिए मील का एक पत्थर है जिससे वह दुनिया भर की जनता की सेवा कर उसे दीर्घायु व निरोगी बनाने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### सुप्रीम कोर्ट की नजर

**पांच राज्यों में** चुनाव से पहले सरकारों की लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सख्ती दिखाई है। एक तरह से मतदाताओं को लालच देने वाली इस योजनाओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है। सुप्रीम कोर्ट ने यथासमय याचिका ग्रहण करके सही कदम उठाया है। आगामी महीने में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं वहां पर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की घोषणाओं की न सिर्फ झड़ी लगी हुई है बल्कि उन पर अमल भी शुरू कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि याचिकाकर्ता के अनुसार ये दोनों राज्य गले तक कर्ज में डूबे हैं। इसे देखते हुए येन-केन-प्रकारेण सत्ता तक पहुंचने के लिए करदाताओं का पैसा लुटाना तथा देश की भावी पीढ़ी पर कर्ज का बोझ बढ़ाना किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का नतीजा विधानसभा चुनावों तक लागू होने की उम्मीद बहुत कम है, पर शायद लोकसभा चुनाव तक सुप्रीम कोर्ट व निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों पर लगाम लगाने का फैसला कर सकेंगे।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### सुनक का भविष्य

**भारतीय मूल** के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का कार्यकाल शायद दिसंबर 2024 तक ही है। आशंका है कि जनवरी 2025 में होने वाले चुनाव में सत्तारूढ़ टोरी पार्टी भारी पराजय का सामना करने जा रही है। स्कॉटलैंड की दो संसदीय सीटों रदरग्लेन व हैमिल्टन पश्चिम के उपचुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी को बुरी तरह पराजित कर दिया। इसका अर्थ है कि लेबर नेता सर कीर स्टार्मर के लिए 10 डाउनिंग स्ट्रीट में प्रवेश का रास्ता साफ़ हो गया है। वर्तमान समय में कंज़र्वेटिव पार्टी जितनी असहाय व कमजोर दिख रही है उतना शायद पहले कभी नहीं थी। राष्ट्रवाद के नाम पर हुए ब्रेक्सिट से जनता को कोई लाभ नहीं हुआ, बल्कि यूरोपियन यूनियन से अलग होने से ब्रिटेन को भारी नुकसान हुआ। ब्रिटेन में सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी वेतन वृद्धि की मांग पर बार-बार हड़ताल कर रहे हैं जिनमें शिक्षक, रेल कर्मचारी, डॉक्टर व नर्सें, आदि शामिल हैं। पैसों की कमी से बर्मिंघम व मैनचेस्टर के लिए हाई स्पीड रेल परियोजना बंद करने का ऐलान किया गया। ऐसे में ऋषि सुनक का भविष्य खतरे में दिख रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### बालियान का बयान

**केंद्रीय मंत्री** संजीव बालियान ने कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाना चाहिए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने की मांग बहुत पुरानी है और यह एक राजनीतिक मुद्दा भी रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 32 जिलों की आबादी 8 करोड़ है, हाईकोर्ट यहां से करीब 750 किलोमीटर दूर पड़ता है और लखनऊ भी काफी दूर है। इसलिए क्षेत्रवासियों को कई मोर्चे पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतीत में देखें तो सपा उत्तर प्रदेश के विभाजन तथा उत्तराखंड गठन के भी खिलाफ रही है। भाजपा का इस मामले में दृष्टिकोण अस्पष्ट रहा है, जबकि बसपा प्रदेश को चार राज्यों में विभाजित करने की पक्षधर रही है। उसने 2012 में विधानसभा से प्रस्ताव पास करा कर केंद्र को भेजा था जिस पर कांग्रेस सरकार निर्णय नहीं ले सकी थी। मजेदार बात है कि बालियान के बयान पर भाजपा के किसी नेता ने प्रतिक्रिया नहीं की है। एक समय हरित प्रदेश की मांग करने वाली चौधरी अजीत सिंह की पार्टी व उनके वारिस जयंत चौधरी शायद सपा के दृष्टिकोण के कारण इस मुद्दे पर खामोश हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 9 अक्टूबर 2023



# राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं हमारे तीर्थस्थल : योगी

● ये श्रद्धा का उमड़ता हुआ जनसैलाब नये भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/रुद्रप्रयाग

**यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे तीर्थस्थल आस्था के साथ साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत के प्रति सम्मान का भाव नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहा है।

ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन.पूजन के उपरांत कही। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन श्री केदारनाथ मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सन् 2013 में केदारपुरी एक आपदा की चपेट में चुकी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प और उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन से आज उत्तराखंड के दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव यही है। लाखों की संख्या में तीर्थयात्री यहां आ रह हैंए यह हमारे लिए एक नई प्रेरणा है।

यह एक नये भविष्य की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है। समयबद्ध ढंग से मानक की गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरी तत्परता के साथ यहां कार्य चल रहा है। ये श्रद्धा का उमड़ता हुआ जनसैलाब नये भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है। इसमें दृष्टि और दूरदर्शिता है। इसमें पर्यटन भी है और श्रद्धालुजन की जनआस्था का सम्मान का भाव है। इन सबको समेटे हुए केदारनाथ का नव निर्माण बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ रहा है।

## केदारनाथ मंदिर में सीएम योगी ने किया दर्शन-पूजन



**लखनऊ/रुद्रप्रयाग।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को श्रीकेदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन सीएम योगी ने सुबह ही श्रीकेदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में विधि.विधान के साथ पूजा की। इस दौरान बाहर खड़े हजारों लोगों ने एक सुर में जय श्रीराम के जयघोष के साथ मुख्यमंत्री योगी का भव्य अभिनंदन किया। केदारनाथ हैली पैड पर उनका स्वागत बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय अजयेंद्र, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग अमरदेई शाहए भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी जीएमवीएन अतिथि गृह में कुछ देर विश्राम किया। यहीं पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं प्रशंसकों से भेंट करने के बाद मुख्यमंत्री योगी बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश और प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि एवं जन कल्याण की कामना की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्राए प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम भी मौजूद रहे।

# सिंधी समाज ने उन्नति की इमारत खड़ी की




**लखनऊ।** सिंधी समाज ने मेहनत और ईमानदारी से व्यापार के क्षेत्र में बुलंदियों को छुआ है व्यापार के हर क्षेत्र मे सिंधी समाज ने तरक्की व उन्नति की इमारत खड़ी की है यह बाते दो दिवसीय आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन मे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था मे सिंधी समाज का बहुत बड़ा योगदान है अधिवेशन में ब्रजेश पाठक का बुके देकर स्वागत किया गया सिंधी काउंसिल ऑफ यूथ इंडिया द्वारा लखनऊ के होली डे होटल मे दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन चल रहा है जिसका समापन आठ अक्टूबर रविवार की देर शाम को होगा यूथ काउंसिल के प्रांतीय प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि अधिवेशन मे 17 राज्यों व कई देशो के सिंधी प्रतिनिधियो का जमावड़ा हुआ है अधिवेशन का शुभारंभ शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम के साई मोहन लाल ने प्रभु झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया और अधिवेशन मे मौजूद सभी प्रतिनिधियों व आयोजको को आशीर्वाद दिया आयोजक मंडल के प्रमुख सदस्य वीरेंद्र खत्री, विवेक लधानी, राजेन्द्र मनवानी, संजय आहूजा ने साई का स्वागत किया अधिवेशन मे सुरेश केशवानी, मोहनदास लधानी, मुरलीधर आहूजा, राकेश लधानी, सतेन्द्र भवनानी, भीमेश अठवानी, रवि सावलानी, अतुल राजपाल आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# 22 हजार नये कैमरों से सेफसिटी पर रहेगी पैनी नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में सेफ सिटी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए योगी सरकार की ओर से युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। परियोजना के तहत सेफसिटी पर पैनी नजर रखने के लिए करीब 22 हजार कैमरों की पहचान की गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गृह विभाग ने सेफ सिटी परियोजना के पहले चरण के तहत 17 नगर निगमों व गौतमबुद्ध नगर में इन्टीग्रेशन के लिए 21968 कैमरों की पहचान की हैए जिसमें से 15732 को कण्ट्रोल रूम से इन्टीग्रेट किया जा चुका है। इसके अलावा नये कैमरों के लिये 4150 हॉट स्पॉट चिन्हित किये गये हैं। यहां नये कैमरे लगाने का काम जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 1861 हॉट.स्पॉट को चिन्हित कर 656 पीआरवी द्वारा पेट्रोलिंग करायी जा रही है। इस दौरान 2324 डार्क स्पॉट्स को भी चिन्हित किया गया हैए जिसमें से 1416 स्थानों पर स्ट्रीट लाइट स्थापित की जा चुकी है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेफ सिटी परियोजना को लेकर हाल ही में गृह विभाग के साथ समीक्षा बैठक की थीए जिसमें उन्हे गृह विभाग के अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से जुड़े गृह विभाग के शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। सेफसिटी परियोजना पर सीएम की इसी मंशा के अनुरूप तेजी से कार्य किया जा रहा है। इनमें सरकारी और निजी सीसीटीवीए अंधेरे वाले स्थानोंए स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था वाले स्थानों की पहचान का काम डेडलाइन के तहत पूरा कर लिया गया है। गृह विभाग द्वारा 17 नगर निगम और गौतमबुद्ध नगर में सीसीटीवी कैमरों को स्मार्ट सिटी के

● 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में इंटीग्रेशन के लिए कैमरों को किया गया चिन्हित

● सेफसिटी परियोजना के तहत 2324 डार्क स्पॉट स्ट्रीट लाइट तो पेट्रोलिंग के लिए चिन्हित किए गए 1861 कैमरे

कंट्रोलरूम से इंटीग्रेट करने के लिए 21 हजार से अधिक कैमरों को चिन्हित किया गया है। इनमें 10 नगर निगम के स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ;आईसीसीसीद्ध से इंटीग्रेशन के लिए 11544 कैमरों को चिन्हित किया गया है जबकि 7 नगर निगम के स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से इंटीग्रेशन के लिए 7285 कैमरों को चिन्हित किया गया है। इसी तरह गौममबुद्धनगर के आईसीसीसी से इंट्रीग्रेशन के लिए 3139 कैमरों की पहचान की गयी है। इनमें से नगर विकास द्वारा 10 नगर निगम के आईसीसीसी से 8940 कैमरों को इंटीग्रेट किया जा चुका है। इसी तरह पुलिस विभाग के अलावा स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से 10 नगर निगम के आईसीसीसी से 5684 कैमरों और 7 नगर निगम के आईटीएमएस से 1108 कैमरों को जोड़ा जा चुका है। ऐसे में कुल 15 हजार से अधिक सीसीटीवी को आईसीसीसी और आईटीएमएस से जोड़ा जा चुका है।

यूपी पुलिस ने सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में 3139 सीसीटीवी की पहचान की है जबकि दूसरे नंबर पर कानुपर में 3019, तीसरे नंबर पर मेरठ में 2120ए चौथे नंबर पर गाजियाबाद में 1464 और पांचवे नंबर पर लखनऊ में 1461 सीसीटीवी की पहचान की है। इसी तरह महिलाओंए बच्चोंए बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए एक सुरक्षितए संरक्षित एवं सशक्त वातावरण देने के लिए 2324 डार्क स्पॉट चिन्हित किये हैं। इनमें पहले नंबर पर गौतमबुद्धनगर में 322, दूसरे नंबर पर कानुपर में 268, तीसरे नंबर पर गाजियाबाद में 263, चौथे नंबर पर वाराणसी में 196 और पांचवे नंबर पर अलीगढ़ में 182 डार्क स्पॉट चिन्हित किये हैं। इसके अलावा यूपी पुलिस ने 4150 हॉट स्पॉट सीसीटीवी के लिए चिन्हित किये हैं। इनमें पहले नंबर पर वाराणसी में 728, दूसरे नंबर पर लखनऊ में 509, तीसरे नंबर पर कानपुर में 449, चौथे नंबर पर अलीगढ़ में 353 और पांचवे नंबर पर मेरठ में 316 हॉट स्पॉट स्थानों की सीसीटीवी के लिए पहचान की गयी है।

# भाजपा में पद नहीं दायित्व होता है: धर्मपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पाटी के लखनऊ, अयोध्या व गोरखपुर नगर निगम पार्षदों का प्रशिक्षण वर्ग रविवार को सम्पन्न हुआ। राजधानी लखनऊ के निरालानगर में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग को प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने हमारी कार्यप्रणाली सम्पर्क व संवाद विषय पर प्रशिक्षण दिया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को सम्बोधित किया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन में दक्ष होते है। प्रशिक्षण के द्वारा संगठन की विचारधारा तथा कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण अनुशासित कार्यकर्ता का निर्माण होता है, जो अपने आचरण, व्यवहार व कार्यों द्वारा राष्ट्र, समाज तथा संगठन के महत्वपूर्ण स्तम्भ के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में पद नहीं दायित्व होता है, जो हमें जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की योजनाओं ने गरीब, वंचित, शोषित वर्ग के जीवन को खुशहाल करने का काम किया है। एक पार्षद के रूप में आप सभी प्रत्येक गरीब और वंचित व्यक्ति को केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम करें। उन्होंने सतत सम्पर्क व संवाद से क्षेत्र के विकास में स्थानीय नागरिकों को जोड़कर सबके साथ.सबके विकास के मंत्र को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर मन की बात नियमित सुनने, सरकार की योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक बूथ पर निश्चित विजय के संकल्प के साथ हमें कार्य करना है। धर्मपाल सिंह ने टीम स्पिरिट की भावना के साथ काम करने पर जोर देते हुए कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण, अनुशासनात्मक व्यवहार, कार्यकर्ताओं व जनता के साथ लगातार संवाद तथा लोकहित के कार्यों में सभी की पारस्परिकता से पार्टी की मजबूतीए क्षेत्र का आधारभूत विकास तथा नेता के रूप में स्वीकार्यता सुनिश्चित होगी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्षद प्रशिक्षण के द्वारा पार्टी की रीति.नीति को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की राज्य की भाजपा सरकार की योजनाएं आपके वार्ड के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का काम करना है।

# मनरेगा श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर बनाया जायेगा हुनरमंद : मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मनरेगा** श्रमिक मात्र श्रमिक बनकर ही न रह जाएं, इसलिए उन्हें अपने इच्छितए क्षेत्र में कुशल, हुनरमंद व काबिल बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्रीकेशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में उन्नति परियोजना लागू की गयी है। प्रोजेक्ट उन्नति के क्रियान्वयन हेतु 18.45 वर्ष तक के 100 दिनों का रोजगार पूर्ण करने वाले मनरेगा जॉब कार्ड होल्डरध्परिवार के पात्र व इच्छुक सदस्यों कोग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मनरेगा श्रमिकों को हुनरमंद बनाने से आगे विभिन्न गतिविधियों में काम करके वह अपनी आमदनी में इजाफा कर सकेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उन्नति परियोजना का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा इमानदारी, संवेदनशीलता व गम्भीरता के साथ किया जाना सुनिश्चित किया जाए। श्रमिकों के हितों से जु?ी इस परियोजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या हीलाहवाली किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के 100 दिनों का रोजगार प्राप्त 18 से 45 वर्ष तक के पात्र व इच्छुक मनरेगा श्रमिकों का विकास खण्डों में मुनादी करवाकर ष्मोबिलाइजेशन शिविर के आयोजन द्वारा चयन करते हुये चयनित मनरेगा श्रमिकों का जिला स्तरीय कौशल विकास मिशन के माध्यम से कौशल पंजी पर पंजीकरण करवाकर जनपद के आरसेटी को पंजीकृत लाभार्थियों को प्लम्बरए इलेक्ट्रिशियनए मेन्सन आदि इच्छुक व्यवसायों में ऑनलाइन बैच बनाकर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित किया जाए। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह निर्धारित प्रक्रियानुसार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाभार्थियों का चयन सुनिश्चित करवाते हुये चयनित मनरेगा श्रमिकों का जिला स्तरीय कौशल विकास मिशन के माध्यम से कौशल पंजी पर पंजीकरण करवाकर जनपद के आरसेटी को पंजीकृत लाभार्थियों को प्लम्बरए इलेक्ट्रिशियनए मेन्सन आदि इच्छुक व्यवसायों में ऑनलाइन बैच बनाकर प्रशिक्षण आरसेटी से प्रशिक्षण दिलाने की कार्यवाही पूरी गम्भीरता से करें।मिशन निदेशकए उ0प्र0 राज्य कौशल विकास मिशनए से अपेक्षा की गयी है कि वह जिला स्तरीय कौशल विकास मिशन कार्यालयों को यह निर्देशित करने का कष्ट करें कि जिले के उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा उपलब्ध करायी गयी मनरेगा श्रमिकों की सूची का कौशल पंजी पोर्टल पर ससमय पंजीकरण सुनिश्चित करें।सभी जिलों के उपायुक्त, मनरेगा को निर्देश दिए गए हैं कि वह नियमानुसार कौशल पंजी पर जनपद के अधिक से अधिक पात्र व इच्छुक मनरेगा श्रमिकों के चयन हेतु जिला व विकास खण्ड स्तर से सहयोग प्रदान करें। सभी जिलों के उपायुक्त स्वत: रोजगारए निर्देशित किया गया है कि कौशल पंजी पर जनपद के अधिक से अधिक पात्र व इच्छुक मनरेगा श्रमिकों का कौशल पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। राज्य निदेशकए आरसेटी से अपेक्षा की गयी है कि वह कौशल पंजी पर पंजीकृत मनरेगा श्रमिकों को उनके इच्छुक व्यवसायों में ग्रामीण स्व.रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) से बैच बनवा कर प्रशिक्षण सुनिश्चित करवायें।

## भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जनपद



शाहजहांपुर से बीजेपी के नेता अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस में शामिल होने वालों में क्रमश: भाजपा के कटरा विधानसभा सह संयोजक दीपेश सिंह के साथ उनके समर्थकों में रिषभ सिंह, सुमित शर्मा, सुखचैन सिंह, रामभरोसे श्रीवास्तव, बुधपाल सिंह, अमन चौहान तथा जनपद लखनऊ से बरशाती राम, सन्तवती गौतम, अमरजीत कुमार एवं जनपद देवरिया से मुन्नालाल गौतम ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव एवं अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के अध्यक्ष शाहनवाज आलम के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दिनेश सिंही ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. मनीष हिंदवी ने बताया कि इस अवसर पर समस्त आगन्तुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सोच और नीतियों से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस से जु? रहे हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त प्रदेश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगांहों से देख रही है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर उनको आगे बनाने की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की सोच में लोग भरोसा व्यक्त कर रहे हैं।

# किसानों की हर जरूरत पूरी करने को तत्पर योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार किसानों की हर जरूरत को पूरा करने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में रबी अभियान 2023 में खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने की रणनीति तैयार कर ली है। योगी सरकार ने खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के अंतर्गत 448.66 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य तय किया हैए जबकि 2022-23 में 427.83 मीट्रिक टन का उत्पादन हुआ था। वहीं योगी सरकार ने यह भी तय किया है कि अधिकतम उत्पादकता वाले जनपदों के प्रगतिशील किसानों के यहां अन्य जनपदों के किसानोंए वैज्ञानिकों व अधिकारियों को फील्ड विजिट या प्रशिक्षण के लिए भेजा जाए।

रबी 2023 में खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के अंतर्गत 134.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र आच्छादन व 448.66 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार उत्पादकता.उत्पादन को बढ़ाने व उत्पादन लागत को कम करने पर कार्य कर रही है। रबी की फसलों की बोआई समय से करने पर भी जोर है। रबी 2023 के लिए निर्धारित कुल खाद्यनान्न उत्पादन के 428.77 लाख मीट्रिक टन व तिलहन उत्पादन के 19.90 लाख मीट्रिक टन ;खाद्यान्न व तिलहन के कुल उत्पादन 448.66 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्यद्ध का फसलवार विवरण भी तैयार किया है।

● खाद्यान्न व तिलहनी फसलों के तहत 448.66 मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य

इसके तहत गेहूं के उत्पादन का लक्ष्य 397.80 लाख मीट्रिक टन है। जौ का 6.13 लाख मीट्रिक टनए चना का 9.71 लाख मीट्रिक टनए मटर का 8 लाख मीट्रिक टन व मसूर का 6.69 लाख मीट्रिक टनए राई सरसो का 19.50 लाख मीट्रिक टन उत्पादन लक्ष्य है।

रबी 2023 के लिए सरकार ने कई पहलुओं पर रणनीति बनाई है। इसके तहत योगी सरकार ने कृषि निवेशों की समय पर व्यवस्था करनेए फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए कलस्टर अप्रोचए फसल प्रणाली केंद्रित हस्तक्षेप दलहन, तिलहन व न्यूट्रीसिरियल्स को केंद्र में रखते हुएए फसल सघनता में बढ़ोत्तरी, बीज प्रतिस्थापन दर व प्रजाति प्रतिस्थापन दर बढ़ाने और सिंचाई जल व पोषक तत्वों के उपयोग की क्षमता को बढ़ाने पर कार्य किया है।

रबी के महत्वपूर्ण फसलों के क्षेत्राच्छादनए उत्पादन व उत्पादकता में कई जनपदों में असमानता रही। फसलवार 2022-23 में नजर दौड़ाएं तो गेहूं की अधिकतम उत्पादकता शामली में हुई। यहां कुल 48.88 कुंतल हेक्टेयर उत्पादकता रही। वहीं जौनपुर में चना की उत्पादकता सर्वाधिक 21.41 कुंतल प्रति हेक्टेयर रही।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल आज कानपुर तो कल जाएगा देवरिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल सोमवार 09 अक्टूबर को जनपद कानपुर देहात जायेगा। जनपद कानपुर देहात के थाना गजनेर के ग्राम शाहजहांपुर निनाया में विश्वकर्मा समाज के रामवीर विश्वकर्मा व सत्यनारायण विश्वकर्मा की गॉव के ही मोहन शुक्ला व उनके लोगों ने धारदार कुल्हा?ी और लाठी डण्डों से पीटकर हत्या कर दी जिसकी सही जांच एवं शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम शाहजहांपुर निनाया कानपुर देहात पहुंचेगा। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल मंगलवार 10 अक्टूबर को जनपद देवरिया जायेगा।

# श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाएंगी सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/अयोध्या

**भगवान** श्रीराम की नगरी मोदी.योगी सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में है। भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ.साथ अयोध्या में तमाम विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसे ध्यान में रखते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य भी तेज गति से पूरा किया जा रहा है। जनवरी माह में भव्य श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले दिसंबर माह तक अयोध्या में हवाई यातायात सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या के विभिन्न कार्यों के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है। फेज वन के सभी कार्यों को दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के समस्त कार्यों को तीन फेजों में किया जाना है। इसके लिए परियोजना में सम्मिलित कुल 821 एकड़ भूमि अर्जन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर एयरपोर्ट अथॉरिटी को सौंप दिया गया है। एयरपोर्ट के फेजदूवन के 2200 मीटर लंबे व 45 मीटर चौड़े रनवे का कार्य शतदूप्रतिशत पूर्ण है। भविष्य में रनवे को 3750 मी तक बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए भी भूमि अर्जन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नाइट लैंडिंग तथा कोहरे एवं धुंध में लैंडिंग के लिए कैटदूवन एवम् रेसा



सुविधाओं का कार्य भी शतदूप्रतिशत पूर्ण हो गया है। एयरक्राफ्टों के लैंडिंग के लिए लगाई गई लाइटिंग का कार्य पूर्ण है। एटीसी टॉवर का भी शतदूप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी के अनुसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए आने वाली रुकावटों को दूर कर दिया गया है। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट के परिचालन से पूर्व एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम ;आईएलएसद्ध में शामिल विभिन्न घटकों यथा लोकलाइजर, ग्लाइड पथए मार्कर, डीएमई आदि के समस्त चरणों का कैलिब्रेशन भी किया जा चुका है। उन्होंने निर्माणाधीन टर्मिनल बिल्डिंग एवम् एप्रन आदि की प्रगति के संबंध में बताया कि एक एप्रेन ;चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधाद्ध का कार्य पूर्ण है तथा दूसरे एप्रेन ;चार एयरक्राफ्टों के पार्किंग की सुविधाद्ध के कार्य को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है जिसे इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा। डीएम के अनुसार एयरपोर्ट के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आ गई हैं। एयरपोर्ट के संचालन के लिए लाइसेंसिंग की प्रक्रिया प्रगति पर हैए जिसके पूर्ण होते ही इसी कैलेंडर ईयर में एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या धाम तक आने जाने के लिए श्रद्धालुओं के आवागमन की उच्च स्तर की सुविधा उपलब्ध होगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर संचालन प्रारंभ होने से एयरबस ए320 जैसे एयरक्राफ्ट के लैंडिंग की सुविधा अयोध्या धाम के एयरपोर्ट पर उपलब्ध हो जाएंगी।बता दें कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बिल्कुल उसी तरह बनाया जा रहा है जिस तरह श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। यहां तक कि उसमें भी वही पत्थर लगाए जा रहे हैं और वैसी ही नक्काशी की जा रही है। एयरपोर्ट पर उतरने के साथ ही यात्रियों को अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का एहसास ही नहीं होगा बल्कि उसकी झलक भी दिखाई देगी।

# भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है : अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलने की तैयारी में है।



वंचितोंए शोषितों पिछड़ों दलितों को अधिकारों से वंचित कर रही है। आउटसोर्सिंग करके नौकरियों को खत्म कर रही है। भाजपा सामाजिक न्याय के पक्ष में भी नहीं है। वह जातीय जनगणना नहीं चाहती है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के एनडीए को पीडीए.पिछड़ा दलितए अल्पसंख्यकद्ध हराएगा।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ0 राममनोहर लोहिया सभागार में समाजवादी बाबा साहब वाहिनी और समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। श्री यादव का समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मिठाई लाल भारती तथा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल भारती ने स्वागत किया।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज की बैठक में समाजवादी पार्टी के विधायकों नेताओं और कार्यकर्ताओं के मिले सुझावों को लेकर बहुजन समाज के बीच जाएंगे और समाजवादी पार्टी को मजबूत करेंगे। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ईडीए सीबीआईए और इनकम टैक्स से जितने छापे डलवाएगी जनता उतनी ज्यादा नाराज होगी। भाजपा लोगों को डराने के लिए छापे डलवा रही है। लेकिन लोकतंत्र में कोई डरता नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी चरम पर है। अब तो अन्याय भी चरम पर है। देश की सौ करोड़ से ज्यादा जनता भाजपा से नाराज है। भाजपा लोकसभा चुनाव बुरी तरह से हारेगी। सभी ने देखा कि घोसी में मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री मंत्रियों और प्रशासन ने कोई कसर छोड़ी नहीं उसके बाद भी जनता ने भाजपा को करीब पचास हजार वोटों से हरा दिया। खतौली और मैनपुरी में भी भाजपा को जनता ने आईना दिखाया। मैनपुरी में दलित समाज ने पूरी तरह समाजवादी पार्टी का साथ देकर लोकतंत्र को बचाया। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जातीय जनगणना होने से ही सभी को हक और सम्मान मिल पाएगा। जातीय जनगणना से सभी सम्मान के साथ जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के बिना सामाजिक न्याय संभव नहीं है। श्री यादव ने कहा कि हम समाजवादी लोग बहुत लम्बे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। डॉ0 राममनोहर लोहिया ने पहले ही यह मांग उठाई थी। अब केन्द्र की सरकार हो या अन्य सरकारें उन्हें जातीय जनगणना कराना ही पड़ेगा। श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार ने सात साल में सड़कों के गड्डामुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ खर्च कर दिए। लेकिन कोई सड़क गड्डा मुक्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार जब.जब गड्डामुक्त करने की घोषणा करती है तब इंजीनियर और ठेकेदार सबसे ज्यादा खुश हो जाते हैं।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए उठाएं ठोस कदम

## डीएम ने नोडल अधिकारी नामित करने के दिये निर्देश

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी बनाने तथा आकांक्षात्मक ब्लाकों में विकास हेतु निर्धारित पैरामीटर्स में प्रगति लाने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन सभागार में की।जिलाधिकारी ने डेंगू व मलेरिया के विगत तीन वर्षों का डाटा मुख्य चिकित्साधिकारी से प्राप्त किया और अधिक संक्रमण वाले क्षेत्र मीरगंज, शेरगढ़, फतेहगंज पश्चिमी, आंवला, भोजीपुरा तथा नगरीय क्षेत्रों (इज्जतनगर, सुभाषनगर, सिविल लाइन, बानखाना, गंगापुर) में साफ-सफाई करवाने, जहां पानी एकत्र है वहां लार्वी साइट (मच्छर लार्वा निरोधक) डलवाने, मैलाथियान की फॉगिंग करवाने, लोगों को जागरूक करने (वह पूरी बांह के कपड़े पहने, पीने के लिये स्वच्छ जल का उपयोग करें, घर में कही भी लम्बी अवधि तक जल एकत्र ना होने दें और साफ-सफाई का ध्यान रखें, तथा घर, गांव व मोहल्ले के भी वातावरण को स्वच्छ रखें) के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उक्त क्षेत्रों हेतु एमओआईसी, बीडीओ, एडीओ पंचायत तथा स्वास्थ्यध्विकास विभाग से एक-एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये। उक्त सभी प्रतिदिन क्षेत्र में जाकर संक्रमण के कारणों व कमियों को चिन्हित कर दूर करने की कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान, सचिव, आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम, पंचायत सहायक आदि का इस कार्य में सहयोग लिया जाये, समस्त विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें।जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा बढ़ाने, प्रमाणित बीजों का वितरण तथा मृदा हेल्थ कार्ड बढ़ाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार सम्बंधित अधिकारियों को दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण दिलवाने, बालिका शौचालय का सही डेटा भरवाने, सैम बच्चों की फीडिंग करवाने, शेरगढ़ में एक और गौशाला बनवाने के निर्देश प्रदान किये।एक पैरामीटर के अन्तर्गत भारत नेट का एक्सेस व कनेक्शन बढ़ाये जाने के बारे बताया गया कि भारत नेट अभी अपने जनपद में शुरू नहीं हो सका है। जिस पर जिलाधिकारी ने भारत नेट के प्रतिनिधि से उक्त कार्य को शीघ्रता से कराने के निर्देश दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, अपर जिलाधिकारी (विध्रा) संतोष बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए तेजवंत सिंह, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### घायल ग्रामीण की मौत

बरेली। रिश्तेदार के अंतिम संस्कार मे शामिल होकर घर लौट रहा ग्रामीण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेडी थाने के गांव हुसैन नगला निवासी पूरनलाल पुत्र अयोध्या प्रसाद की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि पूरनलाल पिछले रविवार को बहेड़ी के गांव पचपेड़ा निवासी एक रिश्तेदार के निधन के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गया था जहां से वापस लौटते समय गांव के बाहर निकलते ही तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गय।

## शक्ति कलश यात्रा पहुंची कांट

# ग्रामीण इलाकों में दीप यज्ञ

**शाहजहांपुर।** 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक होने जा रहे 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के निमित्त शांतिकुंज हरिद्वार से आया शक्ति कलश आज गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा से अकर्रा रसूलपुर गांव पहुंचा । इसके बाद लगभग आधा दर्जन से अधिक ग्रामों का भ्रमण करने के बाद ग्राम इमलिया में भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया । यहां युग ऋषि संदेश वाहक सूरज वर्मा ने कहा कि युग निर्माण योजना को साकार करने के लिए विचार क्रांति अभियान को जन-जन तक पहुंचाना होगा । उन्होंने 108 कुड़िया गायत्री महायज्ञ में सभी के शामिल होने का आवाहन भी किया । शक्ति कलश यात्रा के अकर्रा रसूलपुर पहुंचने पर यहां ग्राम प्रधान मदन लाल वर्मा,गायत्री परिजन लज्जाराम ,महेश वर्मा,बाबूराम ने परिजनों सहित शक्ति कलश का पूजन कर स्वागत किया। अकर्रा रसूलपुर कंपोजिट विद्यालय में भी यज्ञ के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य मुदित सेठ को आमंत्रण दिया गया । स्कूल के बच्चों ने भी शक्ति कलश का पूजन कर स्वागत किया। जगह जगह स्वागत के साथ शक्ति कलश इमलिया पहुंचा इमलिया में रामकिशोर ,जितेंद्र जी प्रमोद कुमार ,नरेंद्र ,अवनीश, रामनिवास ,त्रिलोक रवि शक्ति ने परिजनों के साथ कलश का पूजन स्वागत किया। शक्ति कलश भुड़िया गांव पहुंचा ग्राम प्रधान दिलीप कुशवाहा के पिताजी श्री विनोद कुशवाहा ने परिवार सहित पूजन कर स्वागत किया। यहां से शक्ति कलश कृभको फर्टिलाइजर पहुंचा जहां उमापति गुप्ता ने सपत्नीक , रामनारायण जी के परिवार,सीमा जी के साथ सभी गायत्री परिजनों ने पूजन कर शक्ति कलश का स्वागत किया। ग्राम नानकपुर में रामरतन जी ने एवं ग्राम कपूरपुर में उदयवीर जी ने शक्ति कलश का स्वागत किया। शक्ति कलश जगह जगह भ्रमण करते हुए इमलिया पहुंचा। इमलिया में पुनः परिजनों ने भव्य स्वागत किया। शाम को इमलिया (गायत्री चेतना केंद्र)नवनिर्माण मंदिर परिसर में भव्य दीपयज्ञ संपन्न हुआ।

## भाजपा अनुसूचित वर्ग का क्षेत्रीय सम्मेलन 19 अक्टूबर को होगा




बरेली। भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइंस कार्यालय पर आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक जिला अध्यक्ष पवन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मानवेंद्र सिंह जी रहे बैठक में सभी जिला पदाधिकारी सभी जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष एवं अनुसूचित मोर्चा व महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने आगामी कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए बताया की 19 अक्टूबर को अनुसूचित वर्ग का क्षेत्रीय सम्मेलन होना है जिसमें जिला बरेली से 15000 अनुसूचित जाति के लोगो को अनुसूचित वर्ग के क्षेत्रीय सम्मेलन में पहुँचना है। सभी को अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर सम्मेलन को सफल बनाना है। इस कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियो की महत्वपूर्ण सहभागिता रहेगी।दूसरा अभियान नारी शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम है।

## व्यापार मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत स्वाभिमान यात्रा जिले में पहुंची




गाजीपुर। जनपद में रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50वा स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के दूसरे चरण में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का माननीय मुकुंद मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले में आगमन हुआ। स्वाभिमान यात्रा बलिया से चलकर चितबड़ा गांव मोहम्दाबाद होते हुए नगर में आलंमपट्टी चौराहा स्थित एक मैरिज हॉल से जिला अध्यक्ष विजयशंकर वर्मा के नेतृत्व में व्यापार मंडल पदाधिकारियों अच्छेलाल कुशवाहाए नवीन चंद्र जायसवालए गणेश वर्माए निर्गुण केशरीए राजेश प्रसादए अविनाश त्रिपाठीए नितिन आनंद अग्रहरीए मनोज वर्माए संदीप वर्माए विनोद विश्वकर्माए राधेश्याम अग्रहरीए राम जी कुशवाहाए राम प्रसाद गुप्ताए ईश्वर चंद्र जायसवाल समशेर आलमए सोनू भाई और नय्यर समदानी इत्यादि सैकड़ो व्यापारियों ने स्वाभिमान यात्रा में प्रदेश से आए हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत किया। जलपान भोजन के बाद सैकड़ो मोटरसाइकिल फोरव्हीलर के साथ व्यापारियों ने नगर का भ्रमण किया। यात्रा रात सात बजे एक मैरिज हॉल पे पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गई। मंचासिंह प्रदेश पदाधिकारी गण प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूरए प्रदेश युवा अध्यक्ष जितेंद्र सोनीए प्रदेश युवा महामंत्री संत मिश्राए सुनील मिश्राए अकरम गाजीए सरदार दर्शन सिंहए विनोद अग्रवालए माया साह मंच पे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा वंदना करके शुरुआत हुआ। वक्ताओं के क्रम में प्रदेश युवा अध्यक्ष जितेंद्र सोनी ने कहा कि जब तक पूरा व्यापारी समाज संगठित नही होगा तब तक व्यापारी समाज का उत्थान नही होगा। प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का गठन 50 वर्ष पहले काशी के धरती पर स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्राए विसंभर दयाल अग्रवाल के नेतृत्व में गठन हुआ था अन्त में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के पूरे व्यापारियों को जो समस्या जीएसटीए खाद्य विभागए यातायात चालानए आनलाइन व्यापार और अन्य समस्या को माननीय मुख्यमंत्री महोदय से वार्ता करके समाधान बहुत जल्दी कराएंगे। प्रदेश अध्यक्ष के साथ हजारों व्यापारियों ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अच्छेलाल कुशवाहा ने किया।

## पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री में छापा मारकर अपराधी को पकड़ा



शाहजहांपुर । पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र व अवैध शस्त्र फैक्ट्री में गिरफ्तार किया थाना कटरा में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय की टीम को मुखबिर ने जानकारी दी एक शातिर किस्म का कटरा से मधुपुरी जाने वाले रास्ते पर खेत में पेड के नीचे अवैध शस्त्र बना रहा है अगर आप जल्दी करे तो पकडा जा सकता है मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके पुलिस टीम ने स्थान पर पहुंचकर शातिर अभियुक्त यादराम पुत्र छोटेलाल निवासी परसुरामपुर थाना कटरा को शस्त्र बनाने के उपकरण व अवैध शस्त्र 4 अदद तमंचा 315 वोर व 1 अदद तमंचा 12 बोर व एक अर्ध निर्मित रायफल 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया । बकौल पुलिस अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि साहब एक तमंचा बनाने में लगभग एक हजार रुपये का खर्च आता है और यह बाद में करीब तीन हजार रुपये में बिक जाता है । अच्छा ग्राहक मिलने पर मैं यह किसी को भी बेच देता हूँ ।

## पुलिस मुठभेड़ में ईनामी वीरु यादव घायल

गाजीपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूध्द चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना खानपुर क्षेत्रान्तर्गत खानपुर पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियें की रात्रि चेकिंग बिहारीगंज क्रासिंग के पास की जा रही थी कि दौराने चेकिंग एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व?यक्ति बैरिकेटिंग को लड़ाते हुए उचौरी के रास्ते भागने लगा जिसकी सूचना प्रेषित करते हुए उसका पीछा किया गया तथा थानाध्यक्ष खानपुर मय टीम व स्वाट प्रभारी मय टीम द्वारा उचौरी से बिहारीगंज रोड पर चेकिंग की जाने लगी कि ग्राम चिरैना कला के पास उक्त बदमाश अपने आप को पुलिस से दोनो तरफघिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने कि नियत से फायरिंग करने लगा पुलिस की आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में उक्त बदमाश को गोली लगीएजिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश से पूछताछ करने पर अपना नाम बीरु यादव पुत्र रामनगीना उर्फ सुब्बा यादव निवासी ग्राम खुटवा थाना शादियाबाद बताया। जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। घायल ब्यक्ति के पास से 01 अदद पिस्टल 32 बोर व 03 अदद खोखा कारतूस 32 बोरए01अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर व 01 अदद मोटर साईकल बिना नंम्बर प्लेट के बरामद किया गया।



### हजार मछलियाँ जहर खाकर मरीं

मोहम्मदी खीरी। पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करौंदा में बना गौशाला के समीप तलाब में लगभग 1000 मछलियां जो पाली थी जो किसी रात्रि में अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में ने जहर डाल दिया उसी के कारण सारी मछलियों जहर खा लेने के कारण खत्म हो गईएमृत्यु पड़ी मछलियों की जानकारी प्रधान पुत्र सफीउल्ला के द्वारा रेहरिया चौकी इंचार्ज को दी गई जानकारी मिलते ही मौके पर रेहरिया चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडे घटनास्थल का निरीक्षण लेते हुए वहीं यह जानकारी जब फार्मासिस्ट कैलाश कुमार से ली गईएतो पता चला कि वह अपने घर पर ही थेएवहीं गौशाला में तैनात चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी ने जानकारी दी की एक सप्ताह पूर्व से एक गायएव दो बछड़ा बीमार चल रही हैं।वहीं उप जिला अधिकारी डॉक्टर अवनीश कुमारएवीडियो अश्वनी सिंह द्वारा ग्राम प्रधान व सचिव से कहा गया कि इस तालाब जितनी खत्म पड़ी सारी मछलियां व सारा पानी टोटल निकाल दें और उसमें दूसरा पानी भर दिया जाए।

## बिल्ड एक्सपो-2023 प्रदर्शनी 24 नवंबर से बरेली क्लब ग्राउंड में




बरेली । आर्किटेक्ट बिल्डिंग डिजाइन सामग्री की प्रदर्शनी बरेली के रोटरी क्लब मैदान में लगने जा रही है इसको लेकर एक होटल में प्रेस वार्ता की गई ।फाउंडेशन ऑफबरेली आर्किटेक्ट्स के अध्यक्ष शलभ सक्सेना ने बताया आर्किटेक्ट बिल्डिंग डिजाइन सामग्री और संरचना में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग एक ऐसा डिजाइन बनाने के लिए करते हैं जो कार्यात्मक, सौंदर्यपूर्ण रूप से सुखदायक और टिकाऊ हो। इसी श्रृंखला में फाउंडेशन ऑफबरेली आर्किटेक्ट्स के तत्वाधान में आर्किटेक्ट्स के द्वारा एक भवन निर्माण सामग्री की प्रदर्शनी पिछले 30-32 सालों से लगाई जाती रही है, जिसमें उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को बहुत लाभ होता है। विभिन्न प्रकार के निर्माण सामग्री और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़े आयामों को एक ही छत के नीचे देखने का अवसर मिलता है। जिनको भी अपने भवन का निर्माण कराना है या इंटीरियर्स कराने है उनको इस प्रदर्शनी का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार यह प्रदर्शनी 5 वर्षों के बाद लग रही है और इसमें प्लंबिंग, एयर कंडीशनिंग, वुड वर्क, इंटीरियर, लैंडस्कैपिंग आदि बहुत सारे आयाम ऐसे हैं जिनको छुआ गया है। चाहे वह आउटडोर हो या इंडोर हर मटेरियल को यहां प्रदर्शित किया जाएगा। कंपनियां बहुत मेहनत करती है मुंबई से दिल्ली से, फरीदाबाद से, नासिक से, पूरे भारतवर्ष के अलग-अलग जगह से कंपनी अपना पूरा साज सामान लेकर आती है और यहां डिस्प्ले करती हैं। उनके अच्छे ऑफर्स एवं आर्किटेक्ट्स के साथ यहां पर लोग अपने घरों के लिए या प्रोजेक्ट के लिए पूरी मदद लेकर फाइनल भी करते हैं। 3 दिन की इस प्रदर्शनी में हम सेमिनार्स और एग्जिबिशन भी करते हैं। इस बार यह प्रदर्शनी बी वी दोषी सर को डेडिकेट की जा रही है। इस दौरान कल्चरल प्रोग्राम्स भी होंगे। विभिन्न कैटिगरीज में जो हमारे ब्राइट आर्किटेक्ट्स हैं उनको सम्मान देगें। कॉलेज तथा स्कूली छात्रों को कंपटीशन के जरिए आर्किटेक्चर फील्ड व कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री को देखने व समझने का पूरा मौका देते हैं।एक अनूठी एग्जिबिशन, जो आर्किटेक्टस के द्वारा लगाई जाती है और इस बार ष्बिल्ड एक्सपो-23ष् 24, 25, 26, नवंबर को बरेली क्लब मेला ग्राउंड में होने जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान अध्यक्ष शलभ सक्सेना, सह अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, सचिव रजनीश कमल, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह, सह कोषाध्यक्ष प्रगल्प अजय, एक्सपो कोऑर्डिनेटर पवन भट्ट, नवनीत अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अनुपम सक्सेना, अनिल सक्सेना, योगेंद्र सक्सेना, मंजू अग्रवाल, विमल गुप्ता, अभिषेक अग्निहोत्री, अतर सिंह, निर्मल बिनटी, मिली, शुभांगी आदि मौजूद रहे।

## बुखार के केस की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग में लगाया कैंप, देखे गए 115 मरीज



लखीमपुर खीरी। औरंगाबाद क्षेत्र में बुखार के केस निकालने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 115 मरीज देखे गए। इन सभी की लक्षण के अनुसार जांच की गई और दवाई भी दी गई। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि सीएचसी पसगवां के अंतर्गत औरंगाबाद कस्बे में बुखार के केस निकालने की सूचना स्वास्थ्य विभाग को मिली। इसके बाद वहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कैंप लगाया गया। जिसमें 115 मरीज देखे गए। इनमें से 82 मरीजों की मलेरिया की जांच कराई गईए जिनमें एक मलेरिया का रोगी मिला। वहीं 9 डेंगू की जांच कराई गई जो सभी नेगेटिव निकली। इसी तरह टाइफाइड की 10 जांचें कराई गईए जिसमें दो टाइफाइड के रोगी मिले। सभी मरीजों को लक्षण के अनुसार डॉक्टर्स द्वारा दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा की आवश्यकता पड़ने पर और हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। वहीं उन्होंने अधीक्षक को क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने और बुखार के बढ़ते केस की सूचना मिलने पर तत्काल क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं।

## डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड की पहल

**वाराणसी।** इंजीनियरिंगए खरीद और विनिर्माण के माध्यम से तेल और गैसए बिजली ;परमाणु सहितद्धए रसायन और अन्य प्रक्रिया उद्योगों जैसे उद्योगों के लिए विशेष प्रक्रिया पाइपिंग समाधान प्रदान करने वाली इंजीनियरिंग कंपनीए डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया। कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से इक्विटी शेयरों ;अंकित मूल्य ? 10 प्रत्येकद्ध की पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर में कुल मिलाकर ? 325 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों के 7ए900ए000 इक्विटी शेयर तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

### एक्सिस बैंक ने लॉन्च की अपनी डिजिटल बैंक पेशकश ओपन बाय एक्सिस बैंकश

वाराणसीरूभारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एकए एक्सिस बैंक ने आज एक नए विज्ञापन अभियान के तहत अपनी डिजिटल बैंक पेशकश श्ओपन बाय एक्सिस बैंकश् के लॉन्च की घोषणा कीए जो बैंक की डिजिटल क्षमताओं पर केंद्रित है। ओपन 2023 अभियान बैंक की डिजिटल पेशकशों की शीर्ष 15 विशेषताओं पर रोशनी डालता है। यह लॉन्चए बैंक के भीतर एक डिजिटल बैंक लॉन्च करने की कई साल की कोशिश का परिणाम हैए जो व्यक्तिगतए सहज और परेशानी मुक्त डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है।

### वी पेश करता है लोगों के लिए विशेष पहल

वाराणसीरू उद्योग जगत में पहली बार चॉइस फीचर लाने के बादए जिसके द्वारा वी मैक्स के पोस्टपेडयूज़र अपने पसंदीदा फायदे चुन सकते हैंए वी लेकर आए हैं वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान्स में दो अनूठे प्रस्ताव. डेट शेयरिंग और नाईट टाईम अनलिमिटेड डेटा। इन प्रोडक्ट इनोवेशन्स के साथ वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड उपभोक्ता ज़्यादा डेटा के फायदे पाकर मुवीज़ए वीडियो स्ट्रीमिंगए म्युज़िकए गेम्सए सर्फिंगए चैट का लुत्फ़ उठा सकते हैंए काम या पढ़ाई भी कर सकते हैं।वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान के यूज़र्स को अतिरिक्त डेटा के फायदे पहुंचाने के लिए वी नया प्रस्ताव डेटा शेयरिंग लेकर आए हैंए जिसमें यूज़र को अपने चुने गए प्लान के अलावा 10 जीबी से लेकर 25 जीबी तक अतिरिक्त डेटा कोटा मिलता है। इस प्रस्ताव के साथ फैमिली प्लान के प्राइमरी और सैकण्डरी सदस्य अतिरिक्त डेटा कोटा को शेयर भी कर सकते हैं। वीए वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान्स के तहत नाईट टाईम अनलिमिटेड डेटा भी लेकर आए हैंए जिसके द्वारा उपभोक्ता रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक ट्रूली अनलिमिटेड डेटा का अनुभव पा सकते हैं।

### सेबी के पास दाखिल कियाडीआरएचपी

वाराणसीरूडायग्नोस्टिक सेवा प्रदाता एजिलस डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड ;ष्कंपनीष्द्ध नेबाज़ार नियामकए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ;ष्सेबीष्द्ध के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ;ष्डीआरएचपीष्द्ध दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों ;अंकित मूल्य ?10प्रति शेयरद्ध की इनिशियल पब्लिक ऑफर ;प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश .ष्आईपीओष्द्ध के ज़रिये धन जुटाने की योजना बना रही है। इस ऑफर मेंमौजूदा शेयरहोल्डर द्वारा बेचे जा रहे 14ए233ए964 इक्विटी शेयर तक काऑफर फॉर सेल शामिल है।कंपनी प्रयोगशालाओं की संख्या के लिहाज़ से सबसे बड़ी डायग्नोस्टिक्स सेवा प्रदाता है और 31 मार्चए 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिएए भारत में परिचालन से दर्ज आय ;रेवेन्यूद्ध के हिसाब से दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है

## वरिष्ठ समाजसेवी ने भागवताचार्य का किया भव्य स्वागत

### धार्मिक कार्यक्रम हमें एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं-अशोक



गुरसहायगंज (कन्नौज)। श्रीमद् भागवत कथा सनातन धर्म की अच्छाइयों का बोध करा कर अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। धार्मिक कार्यक्रमों से समाजिक भाईचारा मजबूत होता है। कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन व ऐतिहासिक धर्म है जो हमें सभी प्रकार की बुराई के मार्ग से दूर रहने के लिए प्रेरित करता है। यह बात बीती शाम गीता टाकीज के पीछे नगर के मोहल्ला रामकिशन नगर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भागवताचार्य दिनेश महाराज जी मिश्रा को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत कर व आशीर्बाद लेनें के उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने कही। कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम हमें एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा को सच्चे मन से सुनने पर जीवन में चली आ रही कठिनाइयों का निवारण होता है। इससे पूर्व भागवताचार्य नें श्रीमद भावगत कथा का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक भोले जी, रतन गुप्ता, मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, सचिन शर्मा, दीपक सिंह, अमन कठेरिया, धर्मेंद्र गुप्ता उर्फ पिंटू, मोनू गुप्ता, कुलदीप बाथम आदि मौजूद रहे।

**ऑटो की टक्कर से युवक हुआ घायल।** गुरसहायगंज (कन्नौज)। अनियंत्रित गति से आ रहे ऑटो के चालक ने सड़क किनारे खड़े युवक के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम हरिजन पुरवा निवासी ज्ञानेंद्र पुत्र राम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 6 अक्टूबर की शाम उसका भाई सौसरापुर मिरगाबा रोड पर खड़ा था। तभी अनियंत्रित गति से आ रहे ऑटो के चालक हसीबुल पुत्र हसन निवासी सौसरापुर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## वामा सारथी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



लखीमपुर खीरी। वामा सारथी उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस लाईन खीरी सभागार में निरूशुल्क सामान्य जांच स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। वामा सारथीए उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक महोदय खीरीए श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अध्यक्षा वामा सारथीए डॉ0 कोमल साहा ;पत्नी पुलिस अधीक्षक खीरीए श्री गणेश प्रसाद साहाद्ध के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 07ण्10ण्2023 को डिप्टी सीएमओए डॉ0 धनीरामय डीएमओए डॉ0 हरिशंकरय सीनियर इन्सपेक्टरए डॉ0 दावा लामा व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 रोहित पाठक की उपस्थिति में पुलिस लाईन खीरी सभागार में पुलिस परिवारों के बच्चों एवं महिलाओं के लिए निरूशुल्क सामान्य जांच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।उक्त शिविर में पुलिस लाईन में रहने वाले पुलिसकर्मियों एवं पुलिस परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के अंतर्गत ब्लड प्रेशर व डायबिटीज आदि की जांच की गई एवं मौसम के अनुसार होने वाली बीमारियों जैसे. डेंगू व वायरल बुखार आदि से संबंधित बचाव के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

### खाने के रुपये मांगने पर ढाबे पर फायरिंग

बरेली। खाना खाने के बाद रुपये मांगने पर दबंगों ने ढाबा मालिक से मारपीट कर फायरिंग कर दी सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह बाइक छोड़कर फरार हो गए ढाबा मालिक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवदिया अशोक निवासी शाकिर खां ने बताया कि वह घर के पास ही ढाबा चलाता है शनिवार रात गौसंगज के कुछ लड़के खाना खाने उनके ढाबा पर आए थे खाने खाने के बाद वह बिना रुपये दिए ही जाने लगे इस दौरान ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारी ने उन्हें टोक दिया और रुपये मांगे यह सुनते ही दबंगों ने जबाव दिया कि उनसे कोई भी रुपये नहीं मांगता है इसके बाद दबंगों ने अपने गांव से 20 से 25 लड़कों को बाइक से लाठी डंडों और तमंचे के साथ बुला लिया और ढाबे पर काम करने वाले कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट करते हुए फायरिंग की जिससे ढाबे पर खाना खा रहे अन्य लोगों में भगदड़ मच गई गांव के ही लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## उर्से शाहदाना वली 16 अक्टूबर से शुरू होगा

**बरेली।** शहर-ए-कुतुब हजरत शाहदाना वली का सात रोजा उर्स 16 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। उर्स का आगाज दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी(अहसन मियां) परचम कुशाई की रस्म के साथ करेंगे। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इसी दिन परचमी जुलूस मलूकपुर लाल मस्जिद से जुलूस आयोजक हाजी अजहर बेग के निवास से शाम 4 बजे निकलेगा। जो अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ दरगाह शाहदाना वली पहुंचेगा। उर्स व जुलूस की तैयारियों के सम्बंध में आज एक बैठक किला स्थित एक शादी हाल में दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खान नूरी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अब्दुल वाजिद खान नूरी ने बताया कि सरकार शाहदाना वली का सात रोजा उर्स 16 अक्टूबर से शुरू होकर 22 अक्टूबर तक चलेगा।

# नगर आयुक्त ने महाविद्यालय की प्रतिभाओं को सराहा

### फेस्ट इम्पल्स का समापन



**शाहजहांपुर ।** राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कल्चरल नाईट में सीडीओ श्याम बहादुर सिंह और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अपने गरिमामयी उपस्थिति दी तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि नगर आयुक्त शाहजहाँपुर संतोष कुमार शर्मा अपने अनुभव साझा करते हुए चिकित्सा महाविद्यालय की प्रतिभाओं की प्रशंसा की वहीं विशिष्ट अतिथि सीडीओ शाहजहांपुर श्याम बहादुर सिंह ने कार्यक्रम अपनी स्वरचित पंक्तियों से छात्रों का उत्साह वर्धन किया।1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक प्राचार्य प्रो डॉ राजेश कुमार की मार्गदर्शन में आयोजित किया । छात्रों के क्रिकेट की ट्रॉफी बैच 2019 के पास गयी और छात्राओं के क्रिकेट की ट्रॉफी बैच 2020 के पास गयी वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में छात्रों में 2020 बैच और छात्राओं में 2019 बैच विजेता रहाद्य जेवलिन थ्रो छात्रा वर्ग में प्रथम रानी, द्वितीय दीक्षा सिंह और तृत्य श्रेया पटेल रही और छात्रों में पहला स्थान उबैदुल्लाह, दूसरा रविंदर और तीसरा कुलश्रेष्ठ को मिलाद्य डिसकस थ्रो में हर्ष , विनय और उदयवीर ने पहला , द्वितीय और तीसरा पुरस्कार पाकर बाजी मारीद्य लड़कियों में शॉट पुट में दीक्षा को पहला, श्रेया को दूसरा और रानी को तीसरा स्थान मिलाद्य 100 मीटर रेस में पहला स्थान उबैद दूसरा जीशान और तीसरा मुकुल को मिलाद्य 200 मीटर लड़कियों की रेस में अंशिका चौधरी प्रथम, आयुषि वशिष्ठ द्वितीय और दीक्षा तृत्य रहीद्य 200 मीटर लड़कों की रेस में उबैदुल्लाह, जीशान और हर्ष ने पहला , दूसरा और तृत्य स्थान हासिल कियाद्य फैकल्टी वर्ग में मेंस 100 मीटर रेस में पहला स्थान डॉ बृजेश एवं फीमेलस में पहला स्थान डॉ पूजा' त्रिपाठी पांडेय ने प्राप्त किया।

शॉट पुट में पहला स्थान डॉ सचिन, दूसरा डॉ बृजेश और तीसरा डॉ देवेश को मिला जेवलिन थ्रो में डॉ बृजेश , डॉ गौरव, डॉ राणा को पहला , दूसरा और तीसरा पुरस्कार मिला द्य डिसकस थ्रो में पहला स्थान डॉ गौरव, दूसरा डॉ बृजेश और तीसरा डॉ जीतुराज को मिलाद्य रिले रेस में पहला स्थान प्रधानाचार्य और उनकी टीम को मिला और दूसरा स्थान डॉ जेपी और उनकी टीम को मिला द्य बैडमिंटन में फैकल्टी वर्ग में मेंस सिंगल में डॉ देवेश प्रथम रहे, विमेंस सिंगल में डॉ पूजा' त्रिपाठी पांडेय प्रथम रही द्य मेंस डबल में प्राचार्य डॉ राजेश और डॉ देवेश विजेता रहे द्यमिक्स्स डबल में डॉ शशांक गैंगवार और डॉ किरण मलिक ने बाजी मारी।

# मंदाकिनी नदी की निर्मलता का संकल्प लेकर तीन सौ धावकों ने लगाई दौड़

● 11 किमी महादौड़ में शामिल हुईं 92 बालिकाएं

**संवाददाता।** चित्रकूट



**छात्र** शक्ति समिति के तत्वावधान में रन फॉर मंदाकिनी कंजर्वेशन मैराथन-2023 की 11 किमी की अंतरराज्यीय महादौड़ में 297 धावकों ने हिस्सा लिया। जिनमें 92 बालिकाएं शामिल रहीं।

रविवार को चित्रकूट की जीवनदायिनी मां मंदाकिनी गंगा की कुशलता, अविरलता, निर्मलता व पावनता को महादौड़ देवांगना घाटी उप्र से लेकर मोहकमगढ़ मप्र तक हुई। दौड़ में कामदगिरि पीठम कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के संत मदनगोपाल दास महाराज ने धावकों समेत मंदाकिनी संरक्षण का संकल्प दिलाया। सवेरे साढे सात बजे हरीझंडी दिखाकर महादौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ बाद प्रतिभागियों ने मोहकमगढ़ गांव में वृक्षारोपण किया। पूर्वान्ह 11 बजे विचार संवाद एवं पुरस्कार वितरण हुआ। महादौड़ में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये। बालक समूह सीनियर वर्ग में शैलेश कुशवाहा, बालिका समूह सीनियर वर्ग में पूजा पटेल अव्वल रहीं। द्वितीय प्रदीप पाल, नंदिनी जाटव, तृतीय विजेता अजय कुमार, मनोजा देवी, हंसराज यादव, सुधीर कुमार, आकांक्षा देवी, मनीषा पटेल को सनातन पुरस्कार मिले।

बालक एवं बालिका समूह के सीनियर एवं जूनियर वर्ग के चारों विजेताओं को 11-11 हजार की धनराशि का चेक, महादौड़ के द्वितीय विजेताओं को साढे सात-सात हजार, दौड़ में तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को 51-51 सौ एवं सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को 11-11 सौ की धनराशि का चेक, मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# खनिज अधिकारी समेत पांच के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता।** चित्रकूट

**ट्रक** मालिकों से इंट्री के नाम पर अवैध वसूली करना खनिज अधिकारी सुधारक सिंह को महंगा पड गया। न्यायालय ने आदेश पर खनिज अधिकारी समेत पांच लोगों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में जिले की सदर कोतवाली कर्वी में मुकदमा दर्ज हुआ है।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित ट्रक मालिक विकास उपाध्याय निवासी ग्राम भौरी थाना रैपुरा ने खनिज अधिकारी द्वारा किये जा रहे शोषण के खिलाफ पुलिस-प्रशासन में सुनवाई न होने पर न्यायालय का सहारा लिया था। न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, कपिल देव कुशवाहा,सरकारी गनर व तीन अन्य वर्दीधारी अज्ञात होमगार्डो के खिलाफ जबरिया गाड़ी रोककर इंट्री जमा कराने को लेकर गाली गलौज, मारपीट कर मोबाइल व नगदी छीनने का आरोप लगाया था। इस पर न्यायालय द्वारा सदर कोतवाली कर्वी को नामजद प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिये थे। पीडित विकास उपाध्याय ने बताया कि बीती 7 जुलाई को खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह द्वारा तीन ट्रक रूकवा कर ड्राइवर से पैसे मांगे गये,लेकिन ड्राइवर ने पैसे नही दिये तो उसके साथ मारपीट करके उसका मोबाइल छीन लिया था। उन्होंने खनिज अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि खनिज अधिकारी द्वारा प्रति ट्रक इंट्री के नाम पर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की मांग की गई। आरोप लगाया कि इंट्री न देने वाले ट्रकों का ई-चालान कर मालिकों को परेशान किया जाता है। कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर खनिज अधिकारी समेत पांच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शौर्य जागरण यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहीं महान विभूतियों की झांकियां, उमड़ा हुजूम

● धर्म सभा में बड़ी संख्या में सनातन धर्म के अनुयायियों ने लिया हिस्सा

● सनातन धर्म के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा- साध्वी

**संवाददाता।** फतेहपुर



**झांसी** महानगर से चलकर काशी जाने वाली विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा शनिवार की रात जनपद पहुंच गई थी। तपस्वी नगर में रात्रि विश्राम के पश्चात शौर्य जागरण यात्रा रविवार को जोशीले नारों के बीच शहर में घूमी। यात्रा में कई महान विभूतियों की झांकियां भी शामिल रहीं। जो आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में तमाम युवा अपने हाथों में लाठी व तलवार लेकर भी निकले। युवाओं ने भगवान श्रीराम के उद्घोष लगाये। यात्रा का कई जगह स्वागत हुआ। सैकड़ों वाहनों के साथ यात्रा निर्धारित मार्ग से भ्रमण करते हुए शान्तीनगर स्थित एएस इंटर कालेज पहुंची। जहां धर्मसभा आयोजित हुई। जिसमें वक्ताओं ने सनातन धर्म पर हो रहे अत्याचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की। तत्पश्चात यात्रा आगे के लिए रवाना हो गई।

शौर्य जागरण यात्रा में जिले की सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के साथ-साथ पूर्व विधायक विक्रम सिंह, विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने हिस्सा लिया। धर्म सभा में बड़ी संख्या में सनातन धर्म के अनुयायियों ने हिस्सा लिया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि इस यात्रा के बाद से सनातन धर्म के लोगों के बीच बड़ा बदलाव आयेगा। उन्होने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सनातन संस्कृति के साथ हो रहे खिलवाड़ व भारत मां के साथ गद्दारी करने वालों को सबक सिखाने के लिए किया जा रहा है।

# ब्राह्मणों के उत्पीड़न को लेकर ब्राह्मण महापंचायत उरई में होगी आयोजित



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**रविवार** को स्थानीय होटल में कई ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये स्पष्ट किया कि प्रदेश सहित जनपद में ब्राह्मणों के उत्पीड़न को लेकर 12 अक्टूबर को ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन स्थानीय राठ रोड स्थित विजय विक्रम पैलस में किया जायेगा। जिसमें चिंतन, मनन कर अग्रिम निर्णय लिया जायेगा ताकि ब्राह्मणों के उत्पीड़न पर विराम लग सके।

पत्रकारों से वार्ता के दौरान ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारी राजू पाठक कालपी, अभिषेक दीक्षित, अंशू शुक्ला, रामदास तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछले दिनों देवरिया जनपद में ब्राह्मण समाज के पांच लोगों की निर्मम हत्या के साथ ही प्रदेश के कई जनपदों में ब्राह्मणों का उत्पीड़न लगातार किया जा रहा है। इससे जनपद जालौन भी अछूता नहीं है। ऐसी स्थिति में सभी ब्राह्मण संगठनों ने निर्णय लिया कि इस तरह के उत्पीड़न से समाज को बचाने की मंशा से 12 अक्टूबर को उरई के राठ रोड स्थित विजय विक्रम पैलेस में ब्राह्मण महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

जिसमें प्रदेश के कई जनपदों के ब्राह्मण नेताओं की भी उपस्थित रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि ब्राह्मण महापंचायत पूरी तरह से अराजनैतिक आयोजन है इसका किसी राजनैतिक दल से कोई वास्ता नहीं है।

# शिक्षा निदेशक के कड़े तेवर, लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कठोर कार्रवाई

**संवाददाता।** उरई, जालौन

● नदीगांव खंड शिक्षा अधिकारी का वेतन रोका

● लंबे समय से नदारद शिक्षकों को निलंबित कर बर्खास्त करने की संस्तुति

● विद्यालय निरीक्षण में पाया अव्यवस्था एवं गंदगी का अंबार

**मंडलीय** शिक्षा निदेशक अरुण कुमार शुक्ला ने जनपद जालौन के नदीगांव ब्लाक में औचक निरीक्षण कर अनुपस्थित शिक्षकों को निलंबित कर उनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की संस्तुति कर दी है। साथ ही साथ सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने की कार्यवाही गई है। मंडलीय शिक्षा निदेशक अरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्यालय की बुरी स्थिति, निरीक्षण नही करने के कारण एवं कार्य में लापरवाही के कारण सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह पर कार्रवाई की गई है ।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को मंडलीय शिक्षा निदेशक ने कंपोजिट विद्यालय लड़ूपुर नदीगांव का औचक निरीक्षण किया जिसमें विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक साकेत बिहारी द्विवेदी अनुपस्थित पाए गए जबकि उपस्थिति पंजिका में उनके हस्ताक्षर हो रखे थे। विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक रविकरण सिंह एवम सहायक अध्यापक अनिल सिंह भी अनुपस्थित थे। विद्यालय में लंबे समय से रंगाई पुताई नही हुई थी, शौचालय ध्वस्त थे, विद्यालय प्रांगण में गोबर का अंबार लगा हुआ था और 119 के सापेक्ष केवल 40 बच्चे ही उपस्थित थे। विद्यालय में 6 शिक्षक तैनात है और सिर्फ तीन ही उपस्थित पाए गए। गांव वालों से पूछने जानकारी हुई कि तीनों शिक्षक कभी कभार ही आते हैं। विद्यालय में तैनात शिक्षा मित्र पर्वत सिंह मोबाइल चलाते हुआ पाया गया व शिक्षण कार्य बाधित पाया गया।

विद्यालय की दशा को देखते हुए तीनों शिक्षकों को निलंबित कर उनकी सेवा समाप्ति की कार्यवाही की संस्तुति की गई है एवम शिक्षामित्र पर्वत सिंह की भी बर्खास्त करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय धवरपुर (नदीगांव) में विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश नाथ सिंह अनुपस्थित पाए गए उनको भी निलंबित कर सेवा समाप्ति की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत वृद्ध महिला की मौत



**संवाददाता।** कोंच, जालौन

**कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम भदारी निवासी 65 वर्षीय महिला मन्नू देवी पत्नि बेनी प्रसाद अपने नाती रोहित पुत्र मोदी बरार और दामाद मूलचंद्र पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम रमैय्यापुरा थाना चिरगांव के साथ बाइक पर सवार होकर रविवार की दोपहर कोंच-उरई रोड पर भदारी मोड़ के ठीक सामने स्थित अंडा रोड पर खेत से मजदूरी कर वापस घर लौट रही थी। उक्त बाइक जैसे ही अंडा रोड से कोंच-उरई मुख्य सड़क पर पहुंची तभी उरई की ओर से आ रही स्विफ्ट कार नं. यूपी 77 एएल 0766 से बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत में मन्नू देवी के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसके नाती और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार में सवार 2 महिलाएं व 1 छोटे बच्चे सहित चालक भी चुटहिल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन और ग्रामीण मौके पर आ गए जिन्होंने डायल 112 और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## क्विक न्यूज

### गया भोज एवं ब्रम्हभोज में पितरों की शांति की कामना

**फतेहपुर।** हंस ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल जीटी रोड आहिरन खेड़ा मालवा में गया भोज एवं ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। चंद्रभान सिंह यादव ने बताया कि हमारे सभी पूर्वजों की असीम अनुकंपा से आज गया भोज एवं ब्रह्म भोज का आयोजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सर्वप्रथम विद्वत हवन पूजन कन्या भोज पश्चात ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। ब्रह्म भोज में पूरे जिले भर से सभी गणमान्य लोक पहुंचकर के प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें कि गया भोज दोपहर से देर रात तक चला रहा। भोज के माध्यम से अपने पूर्वजों को भोजन एवं पानी देने की परम्परा बहुत पुरानी है। ईश्वर एवं अपने पितृजनों को साक्षी मानकर पहले उन्हें भोजन कराने से ऋणों से मुक्ति भी मिलती है। वहीं सभी में एक आत्मा परमात्मा के भाव से सभी आये हुए गरीब एवं प्रत्येक तबके के लोगों को भोजन कराकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### रिटायर्ड फौजी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** एक रिटायर्ड फौजी ने डिप्रेशन के चलते रविवार को लाइसेंसी रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर क्षेत्र के नारायणपुर गांव में हरिविजय सिंह(40) फौज में सिपाही पद से रिटायर होने के बाद गांव में अपने बड़े भाई पुलिस में दरोगा विजय सिंह के साथ रह रहा था। उसकी शादी 2009 में सुमेरपुर में हुई थी। लेकिन पत्नी से रिश्ते बिगड़ने की वजह से करीब तीन साल पूर्व दोनों का तलाक हो गया था। इन्हें कोई संतान भी नहीं थी। जिससे वह हमेशा डिप्रेशन में रहता था। फौजी ने भाई के घर में लाइसेंसी रायफल से खुद को गोली मार ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना स्थल पर फील्ड यूनिट की टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

### बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक व साइबर क्राइम सेल का सेमिनार

**फतेहपुर।** साइबर अपराधों की रोकथाम व प्रभावी नियंत्रण के लिए चालू माह को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। रविवार को बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक ने शहर के वीआईपी रोड स्थित एक होटल में जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें बताया गया कि बैंक डिटेल शेयर की तो आपका एकाउंट खाली हो सकता है। इसलिए कभी अपनी डिटेल शेयर न करें। प्रभारी साइबर क्राइम सेल के प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद कमर खान, मुख्य आरक्षी बीएल सिंह व आरक्षी प्रवीन सिंह ने गोष्ठी में बैंक की 77 शाखाओं से उपस्थित शाखा प्रबंधक व अन्य कर्मचारियों को साइबर अपराध से बचाव की बारीकियों से अवगत कराया। वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध, ओटीपी फ्राड, एटीएम कार्ड की जानकारी शेयर न करना, लोन व सेक्सटार्शन फ्राड, सोशल मीडिया फ्राड, कस्टमर केयर फ्राड, व्हाट्सएप व टेलीग्राम से संबंधित साइबर फ्राड आदि की जानकारी दी।

# पेज एक का शेष

## इजराइल ने...

बंधक या लापता इजराइलियों के रिश्तेदारों की कई वीडियो प्रसारित की जो अपने प्रियजनों की जान जोखिम में होने के बीच मदद की गुहार लगाते हुए दिखे। गाजा में सीमा के निकट इजराइली हमलों से बचने के लिए निवासी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। इस बीच, पड़ोसी देश मिस्र के अलेक्जेंड्रिया शहर में रविवार को एक पुलिसकर्मी ने एक पर्यटक स्थल पर इजराइली पर्यटकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिससे इजराइल के दो और मिस्र के एक नागरिक की मौत हो गई। मिस्र ने कई दशक पहले इजराइल के साथ शांति स्थापित की थी लेकिन इजराइल-फलस्तीन के बीच संघर्ष के दौरान मिस्र में इजराइल-विरोधी रुख देखने को मिलता है। इजराइल की उत्तरी सीमा पर इस हमले से उसके एक कट्टर शत्रु हिजबुल्ला के युद्ध में शामिल होने का खतरा पैदा हो गया है जिसे ईरान का समर्थन प्राप्त है और उसके पास हजारों रॉकेट होने का अनुमान है। हिजबुल्ला ने सीरिया में इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स के साथ लगती देश की सीमा पर एक विवादित इलाके में तीन इजराइली ठिकानों पर रविवार को कई रॉकेट दागे और गोलाबारी की। इजराइल के रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने पत्रकारों को बताया कि मुठभेड़ के बाद उत्तरी सीमा पर हालात सामान्य हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिणी हिस्से में संघर्ष जारी है और वहां अभी भी लड़ाई के हालात हैं। हेगारी ने कहा कि गाजा सीमा के पास सभी इलाकों में सैनिक भेजे गए हैं, जहां सभी नागरिकों को निकालने और आतंकवादियों की तलाश में क्षेत्र को खंगालने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा, हम अपनी जमीन पर मौजूद हर आतंकी को मार गिराएंगे। हमास ने कहा कि रातभर वह इजराइल में अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में लड़ाके और गोला-बारूद भेजता रहा। वहीं, हमास नेताओं ने कहा कि वे आगे की लड़ाई के लिए तैयार हैं। हमास की राजनीतिक शाखा के उप प्रमुख सालेह अल-अरौरी ने अल-जजीरा टीवी को बताया, हम आर-पार के युद्ध समेत सभी विकल्पों के लिए तैयार हैं। हमास से जुड़ी मीडिया की खबरों में बताया गया कि हमास के एक वरिष्ठ नेता निजार अवदल्ला के बेटे की भी संघर्ष में मौत हो गई। हालांकि, हमास ने अपने किसी वरिष्ठ सदस्य के बंधक होने, घायल या मारे जाने की पुष्टि नहीं की है। हमास ने शनिवार सुबह गाजा पट्टी पर एक सीमा बाड़ को विस्फोटकों से उड़ा दिया और वाहनों में सवार होकर कम से कम 22 जगहों पर घुसपैठ की। हमास ने इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागे। इजराइली सेना ने बताया कि उसने गाजा में 426 ठिकानों पर हमले किए और विस्फोटों से कई रिहायशी इमारतें गिरा दीं। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी में 20 बच्चों समेत कम से कम 313 लोगों की मौत हो गई और करीब 2,000 लोग घायल हुए हैं। इजराइली मीडिया ने बचाव सेवा अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमास के हमले में कम से कम 600 लोगों की मौत हो गई और 2,000 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। यह इजराइल में हाल के दशकों में हुए सबसे वीभत्स हमलों में से एक है। फलस्तीनियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि 20,000 से अधिक फलस्तीनियों ने गाजा के सीमावर्ती क्षेत्र को छोड़ दिया और अंदरुनी क्षेत्रों में जाकर संयुक्त राष्ट्र के स्कूलों में शरण ली। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार रात को टेलीविजन पर अपने संबोधन में कहा कि सेना हमास को तबाह करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। उन्होंने गाजा के निवासियों से कहा, अब वहां से निकल जाओ। वर्ष 2007 में हमास आतंकवादियों द्वारा नियंत्रण हासिल करने के बाद से गाजा के 23 लाख लोगों ने सीमा नाकेबंदी को झेला है। गाजा में, अधिकांश आबादी शनिवार रात अंधेरे में डूब गई क्योंकि इजराइल ने बिजली की आपूर्ति ठप कर दी और कहा कि वह अब क्षेत्र में बिजली, ईंधन या अन्य सामान की आपूर्ति नहीं करेगा। मिस्र के एक अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने बंधकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काहिरा से मदद मांगी है और मिस्र के खुफिया प्रमुख ने हमास से संपर्क किया है। मिस्र ने पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता की थी। हमास और अन्य आतंकवादी समूहों का समर्थन करने वाले ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने फलस्तीनी राष्ट्र की वैध रक्षा की प्रशंसा की और कहा कि इजराइल और उसके समर्थकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रविवार को बताया कि राष्ट्रपति इब्राहिम ने हमास के नेता इस्माइल हानिएह से फोन पर बात की। हमास की सैन्य शाखा के नेता मोहम्मद देइफ ने कहा कि यह हमला गाजा की 16 साल की नाकेबंदी और हाल की कई घटनाओं की प्रतिक्रिया है। पिछले साल इजराइल की धुर-दक्षिणपंथी सरकार ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बस्तियों का निर्माण तेज कर दिया था। इजराइली हिंसा ने वहां सैकड़ों फलस्तीनियों को विस्थापित कर दिया है और यरुशलम के पवित्र स्थल के आसपास तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इस आतंकी हमले के समय अमेरिका इजराइल के लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है।

## अफगानिस्तान पर...

दान कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भूकंप से लोगों की जान जाने और उनके घायल होने की लगातार आती खबरों के बीच अस्पतालों में टीम घायलों के इलाज में मदद कर रही है और अतिरिक्त आवश्यकताओं का आकलन कर रही है। डब्ल्यूएचओ से जुड़ी एम्बुलेंस पीड़ितों को अस्पताल पहुंचा रही हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, हेरात प्रांत की सीमा ईरान से लगती है। भूकंप के झटके फराह और बदघिस प्रांत में भी महसूस किए गए। तालिबान द्वारा नियुक्त आर्थिक मामलों के उपप्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर ने हेरात और बदघिस में लोगों की मौत को लेकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। तालिबान ने स्थानीय संगठनों से जल्द से जल्द भूकंप प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने का अनुरोध किया, ताकि घायलों को अस्पताल ले जाया जा सके तथा बेघरों को आश्रय और भोजन मुहैया कराया जा सके। अफगानिस्तान में चीन के राजदूत झाओ जिंग ने कहा कि उनकी सरकार और देश की धर्मार्थ संस्थाएं हर तरह की मदद देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, हम जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए अफगान सरकारी सहायता एजेंसियों के संपर्क में हैं। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान हेरात के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए क्रिकेट विश्व कप की अपनी सारी फीस दान कर रहे हैं। अफगानिस्तान में जापान के राजदूत तकाशी ओकादा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वह हेरांत प्रांत में भूकंप की खबरों से बहुत आहत और दुखी हैं। इससे पहले, जून 2022 में पूर्वी अफगानिस्तान के पर्वतीय क्षेत्र में आए शक्तिशाली भूकंप में कम से कम ।,000 लोगों की मौत हो गई थी।

## जाति जनगणना...

कमलनाथ के नेतृत्व में स्थिर सरकार रही, जब तक कि एक गुट ने अलग होकर शिवराज सिंह चौहान सरकार बनाने के लिए भाजपा का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने रविवार को जाति जनगणना के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाया और पूछा कि भाजपा शासित राज्य सामाजिक न्याय और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए इसे क्यों नहीं करा रहे हैं। पार्टी की यह टिप्पणी अशोक गहलोत सरकार द्वारा राजस्थान में जाति सर्वेक्षण कराने का आदेश जारी करने के एक दिन बाद आई है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि जब भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में थी, तब राहुल गांधी ने कई समुदायों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की थी और उस दौरान ओबीसी प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से जाति जनगणना की मांग उठाई थी। रमेश ने यह भी पूछा, 'सवाल यह है कि किसी भी भाजपा शासित राज्य में ऐसी पहल क्यों नहीं की जा रही है और प्रधानमंत्री जाति जनगणना के मुद्दे पर चुप क्यों हैं। राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा जारी राजस्थान सरकार के आदेश के अनुसार, प्रशासन अपने सभी नागरिकों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर से संबंधित जानकारी और आंकड़े एकत्र करने के लिए अपने संसाधनों से सर्वेक्षण करेगा। गहलोत ने मीडिया से कहा कि हम एक सर्वेक्षण करेंगे। इसके लिए आदेश तुरंत जारी किया जाएगा। यह एक सर्वेक्षण होगा। जनगणना भारत सरकार द्वारा की जाती है। यह राज्य सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता है। परिवारों की आर्थिक स्थिति जानने के लिए यह सर्वेक्षण होगा। यह हमारी पार्टी की प्रतिबद्धता है जिसे हम आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह का सर्वे करने में समय लगता है। बिहार में डेढ़ साल लग गए। हमने सर्वे का निर्णय लिया है, जो बड़ी बात है। एआईसीसी (अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी) ने अपने रायपुर अधिवेशन में यह निर्णय लिया था और हम उसे आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हर परिवार की आर्थिक स्थिति का पता चले ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। गहलोत ने कहा कि राजस्थान बिहार का मॉडल अपनाएगा। 2 अक्टूबर को, महात्मा गांधी की जयंती पर, बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने अपने जाति सर्वेक्षण के निष्कर्ष जारी किए, जिसमें पता चला कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) राज्य की कुल जनसंख्या का 63 प्रतिशत हिस्सा हैं।

## कोहली-राहुल...

50वां विकेट था। जोश हेजलवुड (38 रन देकर तीन) ने अगले ओवर में कप्तान रोहित शर्मा को पगबाधा और उनका स्थान लेने के लिए उतरे श्रेयस अय्यर को कवर में कैच कराया। यह दोनों बल्लेबाज भी खाता नहीं खोल पाए। हेजलवुड को कोहली का विकेट भी मिल जाता लेकिन जब यह बल्लेबाज 12 रन पर खेल रहा था तब मिशेल मार्श ने उनका आसान कैच छोड़ दिया था। भारत ने पहले 10 ओवर में तीन विकेट पर 27 रन बनाए थे। कोहली ने 15वें ओवर में कैमरन ग्रीन पर लगातार दो चौके जड़कर दर्शकों में जोश भरा। इसके बाद राहुल ने लेग स्पिनर एडम जंपा के पहले ओवर में ही तीन चौके लगाकर ऑस्ट्रेलिया की रणनीति बिगाड़ दी। पिच में किसी तरह की गड़बड़ी नजर नहीं आ रही थी तथा इन दोनों बल्लेबाजों ने जल्दबाजी नहीं दिखाई क्योंकि वे जानते थे कि लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं है और किसी तरह की हड़बड़ी टीम को महंगी पड़ सकती है। कोहली ने वनडे में अपने 67वें अर्धशतक के लिए 75 गेंद खेली और इससे भारत का स्कोर भी 26 ओवर में तिहरे अंक में पहुंचाया। राहुल ने इसके बाद 72 गेंद पर अपना 16वां अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि कोहली अपना 48वां शतक पूरा करने में सफल रहेंगे तब उन्होंने हेजलवुड की गेंद पर मिड विकेट पर कैच थमा दिया। कोहली जब पवेलियन लौट रहे थे तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। हार्दिक (नाबाद 11) ने इसके बाद हेजलवुड पर भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। राहुल ने ग्लेन मैक्सवेल की गेंद छह के लिए भेजी। वह चौका और छक्का लगाकर शतक तक पहुंच सकते थे लेकिन उन्होंने पैट कमिंस पर विजई छक्का लगाना ही उचित समझा। इससे पहले चेन्नई की गर्म और उमस भरी परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन बुमराह ने अपने दूसरे ओवर में ही मार्श (00) को आउट करके भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। कोहली ने स्लिप में अपने बाईं तरफ डाइव लगाकर उनका कैच लिया। कोहली इस तरह से भारत की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक कैच लेने वाले क्षेत्ररक्षक बन गए। उन्होंने अनिल कुंबले (14 कैच) का रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद वार्नर और स्मिथ ने पारी संवारने का बीड़ा उठाया और दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाजों ने हालांकि इन दोनों को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। भारत के तीनों स्पिनरों ने चेपॉक की मददगार पिच पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को परेशान किया। वार्नर ने कुलदीप को उनकी गेंद पर ही कैच का अभ्यास कराया। इसके बाद जडेजा का जादू चला। उन्होंने स्मिथ की एकाग्रता भंग करके उनकी गिल्लियां बिखेरी और फिर तीन गेंद के अंदर मार्नस लाबुशेन (41 गेंद पर 27 रन) और एलेक्स कैरी (00) को पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह झकझोर दिया। लाबुशेन ने भी क्रीज पर पांव जमाने के बाद नीची रहती गेंद को स्वीप करने के प्रयास में विकेटकीपर राहुल को कैच दिया जबकि कैरी सीधी गेंद पर पगबाधा आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया ने 21 से 31 ओवर के बीच केवल 38 रन बनाए और इस दौरान उसके बल्लेबाज एक भी बाउंड्री नहीं लगा पाए। इस बीच पंड्या को ही बल्लेबाज सहजता से खेल पाए। उन्होंने अपने पहले दो ओवर में 21 रन दिए। इस दौरान वॉर्नर के स्ट्रेट ड्राइव को रोकने के प्रयास में उनकी उंगली चोटिल भी हो गई। वार्नर ने इस चौके से विश्व कप में 1000 रन पूरे किए। उन्होंने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए 19 पारियां खेली और इस तरह से विश्व कप में सबसे तेज 1000 रन बनाने का सचिन तेंदुलकर और एबी डी विलियर्स (20) का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने 36वें ओवर में कुलदीप को दूसरे स्पैल के लिए बुलाया और उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल (25 गेंद पर 15 रन) को तेजी से टर्न लेती गेंद पर बोल्ड करके कप्तान को निराश नहीं किया। अश्विन ने एक अन्य ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन (08) को बैकवर्ड प्वाइंट पर हार्दिक के हाथों कैच कराया। ऑस्ट्रेलिया अगर 200 रन के करीब पहुंच पाया तो उसका श्रेय निचले क्रम के बल्लेबाजों स्टार्क (35 गेंद पर 28) और कप्तान पैट कमिंस (15) की उपयोगी पारियों को जाता है।

## करगिल ने...

कड़ा मुकाबला है। पिछले चुनाव में एक सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 17 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। आम आदमी पार्टी (भाजपा) ने भी चार सीटों पर अपनी किस्मत आजमाई, जबकि 25 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में थे। इस चुनाव में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल किया गया।

## तीस्ता के...

अस्पताल भेज दिया गया। बाढ़ प्रभावित राज्य सिक्किम के अधिकारियों ने रविवार को 77 मौतों की पुष्टि की है। जलपाईगुड़ी जिला पुलिस ने बताया कि उसने 48 शवों की खोज की है। आधिकारिक रिकॉर्ड तो यही संकेत देते हैं100 से अधिक लोग लापता हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने कहा, आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) और एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) को प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) के लिए फंड जारी किया हैऔर हर संभव सहायता प्रदान करने का वादा किया है। सिलीगुड़ी के स्थानीय विधायक गौतम देब ने कहा कि आपके पास करने के लिए बड़े काम हैं। शुरुआती बचाव कार्य के बाद...लेकिन संसाधन की कमी हमेशा बनी रहती है।' सूत्रों ने कहा कि यहां तक? कि करोला के तट पर रहने वाले लोगों को भी नुकसान हुआ है। उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता ने खेली जा रही 'राजनीति' का जिक्र करते हुए कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखने के बावजूद केंद्र उनके राज्य की अनदेखी कर रहा है। बंगाल 'भिखारी' नहीं है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए 24 करोड़ रुपये की राहत की घोषणा की।

# इजराइल व गाजा में रह रहे भारतीय सुरक्षित

भाषा। यरूशलम



**इजराइल** पर हमास के हमले के बाद भारतीय नागरिकों से जुड़ी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है और देश में फंसे लोगों ने अपनी सुरक्षित निकासी के लिए तेल अवीव में स्थित भारतीय दूतावास से अनुरोध किया है। गाजा पट्टी पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह हमास ने शनिवार सुबह इजराइल के दक्षिण में हवा, भूमि और समुद्र से अचानक हमला कर दिया था। रविवार को मीडिया में आईं खबरों के अनुसार, इजराइल में सैनिकों समेत कम से कम 350 इजराइली मारे गए हैं और।,900 से अधिक घायल हुए हैं। इसे बीते 50 साल में देश में हुआ सबसे भीषण हमला कहा जा रहा है। इजराइल के जवाबी हमले में गाजा पट्टी में लगभग 300 लोगों की मौत हुई है और करीब।,500 घायल हुए हैं। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि लगभग 18 हजार भारतीय नागरिक इजराइल में रहते और काम करते हैं तथा अब तक उनसे जुड़ी किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है। देश में फंसे भारतीय पर्यटकों ने भारतीय दूतावास से उन्हें बाहर निकालने का अनुरोध किया है। अधिकतर पर्यटक समूहों में यात्रा कर रहे हैं। इजराइल का दौरा करने वाले कुछ व्यवसाई भी हैं जो तनाव में हैं और वहां से निकलने की कोशिश कर रहे हैं। तेल अवीव में भारतीय मिशन और फलस्तीन में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने शनिवार को परामर्श जारी कर भारतीय नागरिकों से ''सतर्क रहने'' और आपात स्थिति में ''सीधे कार्यालय से संपर्क करने'' की अपील की थी। दूतावास के सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वे चौबीस घंटे सभी भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध हैं और सक्रिय रूप से उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।इजराइल में रहने वाले भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा देखभाल करने वालों के रूप में काम करता है, लेकिन वहां लगभग एक हजार छात्र, कई आईटी पेशेवर और हीरा व्यापारी भी हैं। हिब्रू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की छात्रा बिंदू ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उन्होंने शनिवार को पूरे दिन निर्देशों का अक्षरश: पालन किया और सुरक्षित महसूस किया।उन्होंने कहा कि सभी भारतीय छात्र एक-दूसरे के संपर्क में हैं और लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं। कुछ अन्य छात्रों ने भी कहा कि उन्हें स्थिति नियंत्रण में आती दिख रही है और ''हमें अनावश्यक रूप से दहशत नहीं फैलानी चाहिए।'' हिब्रू विश्वविद्यालय के गिवत राम कैंपस में पोस्टडॉक्टरल फेलो विकास शर्मा ने कहा, हमले के कारण इजराइल में तनावपूर्ण स्थिति है, लेकिन सभी भारतीय छात्र सुरक्षित हैं। अधिकतर छात्र संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराए गए छात्रावासों और आवासों में रह रहे हैं। हम व्हाट्सऐप के माध्यम से एक-दूसरे के साथ-साथ भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। इजराइल में देखभाल करने के कार्य से जुड़े लोग भी भारतीय मिशन के दिशानिर्देशों का पालन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अश्केलॉन में सबसे ज्यादा रॉकेट गिरे हैं। वहां रहने वाले एले प्रसाद ने कहा कि उन्हें बहुत सतर्क रहना होगा ताकि सायरन बजने के बाद वे जल्द से जल्द आश्रय गृह तक पहुंच सकें। वहीं, एक अन्य देखभालकर्ता विवेक ने कहा कि स्थिति चिंताजनक है लेकिन वे सभी ठीक हैं और दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं। गाजा में रहने वाली एक भारतीय नागरिक ने कहा कि स्थिति ''डरावनी'' है लेकिन वह और उसका परिवार सुरक्षित है।

# श्रीलंका आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक की मेजबानी करेगा, जयशंकर भी शामिल होंगे

भाषा। कोलंबो



**श्रीलंका** कोलंबो में 11 अक्टूबर को आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक की मेजबानी करेगा जिसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत 16 देशों के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने यहां रविवार को हिंद महासागर परिधि संघ (इंडियन ओशन रिम संघ) यानी आईओआरए की इस बैठक के बारे में जानकारी दी। मंत्रिपरिषद आईओआरए का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। आईओआरए 23 सदस्यों और 10 वार्ताकार भागीदारों के साथ हिंद महासागर क्षेत्र का सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है। कोलंबो में होने वाली 23वीं मंत्रिपरिषद की बैठक में श्रीलंका 2023 से 2025 की अवधि के लिए आईओआरए की अध्यक्षता हासिल करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर सहित 16 मंत्री 11 अक्टूबर की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में भारत के अलावा बांग्लादेश, ईरान, मॉरिशस, मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री भी हिस्सा लेंगे। बैठक में सदस्य देशों ऑस्ट्रेलिया, कोमोरोस, फ्रांस, इंडोनेशिया, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मोजाम्बिक, ओमान, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, सोमालिया, तंजानिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और यमन की ओर से मंत्री स्तरीय और उच्च स्तरीय भागीदारी होगी। इसके अलावा बैठक में वार्ताकार भागीदार देशों के रूप में चीन, मिस्र, सऊदी अरब, जर्मनी, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, रूस, तुर्किए, ब्रिटेन और अमेरिका की ओर से भी मंत्रिस्तरीय और उच्च स्तरीय भागीदारी होगी। विदेश मंत्री अली साबरी परिषद की अध्यक्षता करेंगे और इस दौरान वर्तमान अध्यक्ष और बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन अपने श्रीलंकाई समकक्ष को अध्यक्षता सौंपेंगे।

## क्विक न्यूज

### इजराइल में चार नेपाली छात्र घायल, 11 लापता

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एन. पी. सऊद ने रविवार को कहा कि इजराइल में पढ़ाई कर रहे चार नेपाली छात्र आतंकवादी समूह हमास के हमले मे घायल हुए है जबकि 11 छात्र लापता है। मंत्री ने कहा कि इजराइल के दक्षिणी हिस्से में पढ़ाई कर रहे लापता छात्रों के हताहत होने की आशंका है। गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास ने शनिवार सुबह इजराइल के दक्षिण में हवा, भूमि और समुद्र से अचानक हमला कर दिया था। इजराइल मे सैनिको समेत कम से कम 350 इजराइली मारे गए है और।,900 से अधिक घायल हुए हैं। इसे बीते 50 साल मे देश मे हुआ सबसे भीषण हमला कहा जा रहा है। इजराइल के जवाबी हमले मे गाजा पट्टी में लगभग 300 लोगों की मौत हुई है जबकि करीब।,500 घायल हुए है। सऊद ने पीटीआई-भाषा से कहा, 11 नेपाली छात्रों से संपर्क स्थापित नही हो सका और उनके हताहत होने की आशंका है। हम हताहतो की सही संख्या का पता लगाने की कोशिश कर रहे है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार सीखो और कमाओ कार्यक्रम के तहत 17 नेपाली छात्र दक्षिणी इजराइल के कुबुज अलुमिम मे रह रहे थे। उनमें से दो छात्र सुरक्षित निकलने मे सफल रहे और तीन छात्र घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के सूत्रो ने बताया कि घायल नेपाली छात्रों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### तालिबान का विएना व लंदन में राजनयिक सेवाओं को निलंबन

**इस्लामाबाद।** तालिबान शासित अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसने ब्रिटेन के लंदन और ऑस्ट्रिया के विएना मे स्थित अपने दूतावासो मे राजनयिक सेवाओ को निलंबित कर दिया है तथा उसने ऐसा उनमे पारदर्शिता की कमी और काबुल के साथ उचित सहयोग नही करने की वजह से किया है। अफगानिस्तान के अधिकतर दूतावासो और वाणिज्य दूतावासो मे पश्चिमी देशो के समर्थन वाली पूर्वती सरकार द्वारा नियुक्त कर्मचारी ही कार्यरत है। करीब एक दर्जन दूतावास और वाणिज्य दूतावास तालिबान के प्रशासन के पूर्ण नियंत्रण मे है। कुछ देशो ने अफगानिस्तान मे राजनयिक मिशन को तैनात रखा है, जिनमे पाकिस्तान, तुर्किए, कतर और चीन शामिल है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तालिबान को आधिकारिक तौर पर मान्यता नही दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बल्खी ने कहा कि दोनो दूतावासो (लंदन और विएना) मे राजयनिक सेवाओ को तत्काल प्रभाव से एवं अगली सूचना तक निलंबित किया जा रहा है।

### फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच बाल्टिक सागर में बिछी गैस पाइपलाइन रिसाव के संदेह पर बंद की गई

**हेलसिंकी।** फिनलैंड और एस्टोनिया ने रविवार को कहा कि बाल्टिक सागर मे दोनो देशो की बीच बिछी बाल्टिक कनेक्टर गैस पाइपलाइन रिसाव होने के संदेह पर अस्थाई रूप से बंद कर दी गई है। पाइपलाइन का संचालन करने वाली फिनलैंड की गैसग्रिड फिनलैंड और एस्टोनिया की एलेरिंग कंपनी ने कहा कि शनिवार देर रात दो बजे से कुछ देर पहले उन्होने पाइपलाइन के दाब मे असामान्य गिरावट देखी, जिसके बाद उन्होंने गैस का प्रवाह बंद कर दिया। गैसग्रिड फिनलैंड ने एक बयान मे कहा, अवलोकनो के आधार पर, यह संदेह है कि फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच अपतटीय पाइपलाइन लीक हो रही थी। अपतटीय पाइपलाइन मे वाल्व अब बंद कर दिए गए है और रिसाव बंद हो गया है। एलेरिंग ने कहा कि दुर्घटना से एस्टोनियाई उपभोक्ताओ को की जाने वाली गैस आपूर्ति प्रभावित नही होगी। कंपनी ने कहा कि बाल्टिक कनेक्टर के बंद होने के बाद, एस्टोनियाई उपभोक्ताओ के लिए लातविया से गैस लाई जा रही है।

### अविनाश गुप्ता को 2024 के लिए प्रवासी संगठन एफआईए का अध्यक्ष चुना गया

**न्यूयॉर्क।** भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक अविनाश गुप्ता को 2024 के लिए प्रवासी संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट का अध्यक्ष नामित किया गया है।फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) जमीनी स्तर के सबसे पुराने और बड़े गैर लाभकारी संगठनो में से एक है।अविनाश गुप्ता मॉनमाउथ मेडिकल सेंटर साउथ कैंपस के मेडिकल स्टाफ के अध्यक्ष व हृदय रोग विज्ञान विभाग के प्रमुख और ओशन काउंटी बोर्ड ऑफ हेल्थ के सदस्य है। पूर्व मे एफआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष रह चुके अविनाश को वर्ष 2024 के लिए प्रवासी संगठन का अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध मे जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, एफआईए ने अपनी वार्षिक आम बैठक मे 2024 के लिए कार्यकारी दल की भी घोषणा की, जिसमे कार्यकारी उपाध्यक्ष सौरिन पारेख, उपाध्यक्ष स्मिता मिकी पटेल, दूसरे उपाध्यक्ष दीपक गोयल, महासचिव प्रीति पटेल, संयुक्त सचिव महेश दुबाल, कोषाध्यक्ष संजीव सिंह और संयुक्त कोषाध्यक्ष हरेश शाह शामिल है।

### लंदन में इजराइल संघर्ष से संबंधित घटनाओं के बीच ब्रिटिश पुलिस ने गश्त बढ़ाई

लंदन। स्कॉटलैंड यार्ड ने कहा है कि इजराइल मे जारी संघर्ष से संबंधित संदेशो और तस्वीरो के सोशल मीडिया पर साझा करने समेत कई अन्य घटनाओ के बाद उसने लंदन मे गश्त बढ़ा दी है। प्रतिबंधित संगठन हमास की आतंकवादी गतिविधियो का महिमामंडन करने वालो की ब्रिटेन के मंत्री रॉबर्ट जेनरिक द्वारा निंदा किए जाने के बाद शनिवार रात मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने यह बयान दिया। लंदन के मेयर सादिक खान ने चेतावनी दी कि घृणा अपराध बर्दाश्त नही किए जाएंगे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने शनिवार शाम को जारी एक बयान मे कहा, हम विभिन्न घटनाओ से अवगत है, जिनमे इजराइल मे चल रहे संघर्ष के संबंध मे सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट भी शामिल है। बयान मे कहा गया, मट्रोपॉलिटन पुलिस ने लंदन के विभिन्न हिस्सो मे गश्त बढ़ा दी है... हम किसी भी चिता को सुनने के लिए भागीदारो और समुदाय के नेताओ के संपर्क मे है। इसमे कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है, तो उससे पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया गया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक टेलीविजन हस्ती के पोस्ट मे चेतावनी दी गई थी कि यह यहूदियो के लिए एक भयानक समय है।

### इक्वाडोर : राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या मामले में सातवें आरोपी की जेल में हत्या

**क्विटो।** इक्वाडोर मे अगस्त मे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या मे शामिल सातवे आरोपी की यहां राजधानी के एक जेल मे हत्या कर दी गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। अधिकारियो के मुताबिक, एक दिन पहले अपराध मे कथित रूप से संलिप्त छह अन्य आरोपियो की अलग-अलग हवालात मे हत्या कर दी गई थी। इक्वाडोर मे राष्ट्रपति पद के चुनाव से करीब एक सप्ताह पहले सातवे संदिग्ध की हत्या हुई है। अधिकारियो के लिए जवाब देना मुश्किल हो रहा है कि ए सब कैसे हुआ। जेल अधिकारियो ने एक प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि जिस व्यक्ति की हत्या हुई है, वह इक्वाडोर की राजधानी क्विटो की एक जेल मे बंद था। जेल प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति मे इस बात का जिक्र नही है कि हत्या कैसे की गई। मृतक की पहचान जोस एम. के रूप मे हुई है, लेकिन उसकी राष्ट्रीयता को उजागर नही किया गया है।

### कैलिफोर्निया के गवर्नर ने जातिगत भेदभाव पर रोक लगाने वाले विधेयक पर वीटो किया

वाशिंगटन। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने प्रांतीय असेंबली द्वारा हाल ही मे पारित जातिगत भेदभाव विरोधी विधेयक पर शनिवार को वीटो कर दिया। न्यूसम ने अपने फैसले के समर्थन मे तर्क दिया कि कैलिफोर्निया मे जातिगत भेदभाव पर रोक लगाने वाले कानून पहले से मौजूद है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक बड़े वर्ग ने न्यूसम के कदम का स्वागत किया है। ए लोग इसी तर्क के आधार पर इस विधेयक का विरोध कर रहे थे। न्यूसम ने एक बयान में कहा, कैलिफोर्निया मे हमारा मानना है कि हर किसी से गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो, कहां से भी आया हो, किसी से भी प्यार करता हो या कही भी रहता हो। उन्होने कहा, यही कारण है कि कैलिफोर्निया लिंग, नस्ल, रंग, धर्म, वंश, राष्ट्रीय मूल, विकलांगता, लैंगिक पहचान, यौन झुकाव और अन्य विशेषताओ के आधार पर भेदभाव को से ही प्रतिबंधित करता है। साथ ही प्रांत का कानून निर्दिष्ट करता है कि इन नागरिक अधिकारो की उदारतापूर्वक सुरक्षा की जाए।

### इजराइल की सुरक्षा परिषद ने की घोषणा-देश युद्ध का कर रहा है सामना

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय का कहना है कि उनके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने दक्षिणी इजराइल में हमास के घातक हमले के बाद घोषणा की कि देश युद्ध का सामना कर रहा है। उसने एक बयान में कहा कि रविवार को घोषित यह निर्णय औपचारिक रूप से महत्वपूर्ण सैन्य कदम उठाने को अधिकृत करता है। इसमे कहा गया है, गाजा पट्टी से एक आतंकवादी हमले में इजराइल पर थोपा गया युद्ध कल सुबह छह बजे शुरू हुआ था। बयान में कोई और विवरण नही दिया गया है। नेतन्याहू ने हालांकि पहले ही देश के युद्ध का सामना करने की घोषणा कर दी थी।

### पेंसिल्वेनिया में गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत, पांच अन्य घायल

**व्हाइट टाउनशिप (अमेरिका)।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया प्रांत में रविवार तड़के एक सामुदायिक केंद्र में निजी पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी मे एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पेंसिल्वेनिया प्रांत की पुलिस ने एक बयान मे कहा कि उसे और आपातकालीन सेवाओं को रात 12:35 बजे व्हाइट टाउनशिप के चेवी चेज़ सामुदायिक केंद्र मे गोलीबारी होने की सूचना मिली। पुलिस ने कहा कि व्हाइट टाउनशिप में छह लोगों को गोली मार दी गई, जिनमें से एक को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। व्हाइट टाउनशिप इंडियाना काउंटी में पिट्सबर्ग से लगभग 57 मील (91.7 किलोमीटर) उत्तर पूर्व मे स्थित है।

### मिस्र में पुलिसकर्मी ने दो इजराइली नागरिकों समेत तीन को गोली से उड़ाया

**काहिरा।** मिस्र के अलेक्जेंड्रिया शहर मे रविवार को एक पुलिसकर्मी ने एक पर्यटक स्थल पर इजराइली पर्यटको को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिससे इजराइल के दो और मिस्र के एक नागरिक की मौत हो गई। मिस्र और इजराइल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मिस्र के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह घटना शहर के पोम्पी पिलर पर्यटन स्थल पर हुई। इसने कहा कि घटना मे एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। हालांकि, मंत्रालय ने घटना के संबंध मे अधिक विवरण साझा नही किया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने घायल की पहचान इजराइली नागरिक के रूप में की है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इजरायली अधिकारी इजरायलियों को स्वदेश लाने के लिए मिस्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे है। एक्स्ट्रा न्यूज चैनल ने सूत्रों के हवाले से कहा कि संदिग्ध हमलावर को हिरासत में लिया गया है।

### कोइनू तूफान के नजदीक पहुंचने पर हांगकांग में कई उड़ानें रद्द

हांगकांग। उष्णकटिबंधीय तूफान कोइनू के नजदीक पहुंचने पर हांगकांग में रविवार को कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। इससे पहले, इस तूफान के कारण ताइवान में एक व्यक्ति की जान चली गई और 300 से अधिक लोग घायल हुए है। हांगकांग वेधशाला ने बताया कि रविवार रात कोइनू के हांगकांग से करीब 70 किलोमीटर की दूरी पर पहुंच जाने की संभावना है। अनुमान है कि यह तूफान रविवार से सोमवार तक गुयांगडोंग प्रांत के तट पर पहुंच सकता है। वेधशाला के अनुसार, कोइनू के दस्तक देने पर 90 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 122 किलोमीटर प्रतिघंटे तक की रफ्तार से हवाएं बह सकती है। हांगकांग ने रविवार को तूफान की चेतावनी जारी की, जिसके फलस्वरूप शहर को करीब-करीब बंद कर दिया गया।

# हमास का हमला खुफिया विफलता का नतीजा: विशेषज्ञ

भाषा। यरूशलम



**विशेषज्ञों** और खबरों के अनुसार इजराइल के दक्षिणी हिस्सों में गाजा पट्टी में शासित चरमपंथी समूह हमास की ओर से शनिवार सुबह किया गया हमला इजराइली खुफिया एजेंसियों की जबरदस्त विफलता का नतीजा है। इजराइली सेना के अनुसार, हमास के आतंकवादियों ने गाजा पट्टी से इजराइल में 3,000 से अधिक रॉकेट दागे। हमास ने शनिवार को इजराइल पर अभूतपूर्व हमला करते हुए हजारों रॉकेट दागे और उसके सैकड़ों लड़ाके हवाई, जमीनी और समुद्र के रास्ते इजराइली सीमा में घुस गए। हमला शुरू होने के कई घंटे बाद भी, हमास के चरमपंथी कई इजराइली इलाकों में गोलीबारी कर रहे थे। हमास के इस हमले ने इजराइल को चौंका दिया है। खबरों के अनुसार इजराइल में सैनिकों सहित कम से कम 350 लोग मारे गए हैं और।,900 से अधिक घायल हुए हैं। खबरों के अनुसार गाजा पट्टी की ओर, इजराइल के जवाबी हमले में लगभग 300 लोगों की मौत हुई और लगभग।,500 लोग घायल हुए। विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल को हमेशा अपनी खुफिया एजेंसियों, घरेलू इकाई शिन बेट और विशेष रूप से अपनी बाहरी जासूसी एजेंसी मोसाद पर गर्व रहा है, लेकिन इस हमले से उसकी खुफिया विफलता दिखाई पड़ती है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इजराइल, ईरान का मुकाबला करने और इस्लामिक गणराज्य के परमाणु कार्यक्रम को विफल करने के प्रयासों में इतना व्यस्त हो गया कि उसने अपने ही निकट स्थित क्षेत्र की अनदेखी कर दी। टाइम्स ऑफ इजराइल ने एक पूर्व खुफिया प्रमुख अमोस याडलिन के हवाले से कहा कि हमले से खुफिया जानकारी की विफलता नजर आती है। एक प्रमुख पोर्टल वाईनेटन्यूज की खबर के अनुसार शनिवार देर रात हुई सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में इजराइली मंत्रियों ने कहा कि सेना को अपनी खुफिया जानकारी की विफलता के बारे में जवाब देना चाहिए। मंत्रियों ने चीफ ऑफ स्टॉफ हर्जी हलेवी की आलोचना करते हुए दावा किया कि उन्हें शनिवार को जानकारी देने का समय नहीं मिला। समाचार पोर्टल की खबर में कहा गया है, कुछ लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या वह हमास की साजिश का पता लगाने में सैन्य खुफिया की विफलता के बारे में उनके कठिन सवालों से बचना चाहते थे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओफिर अकुनिस ने कहा, हर इजराइली नागरिक जानना चाहता है कि इस तरह की खुफिया विफलता कैसे हुई।

## इजराइल में हमास आतंकवादियों के हमले के बीच आपातकालीन एकता सरकार पर मंथन जारी

**यरूशलम।** इजराइल के शीर्ष नेताओ ने हमास चरमपंथियों के अप्रत्याशित हमले के बाद पैदा हुई जटिल स्थिति से निपटने के लिए अपने मतभेदों को दरकिनार करते हुए देश मे एक आपातकालीन राष्ट्रीय एकता सरकार बनाने की संभावना पर चर्चा शुरू कर दी है। इजराइल के दैनिक समाचारपत्र हारेत्ज़ की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तथा विपक्षी नेता यायर लापिड और बेनी गैट्ज़ ने शनिवार को चर्चा की और नेतन्याहू की सरकार में शामिल होने की संभावना पर चर्चा की। दोनों विपक्षी नेताओ ने सरकार मे शामिल होने को लेकर अपनी इच्छा व्यक्त की, लेकिन लापिड ने दक्षिणपंथी नेताओ और मंत्रियों के अलावा बेज़ेलल स्मोट्रिच और इटमार बेन-ग्विर को हटाने की मांग की। बेनी गैट्ज़ दोनों के साथ सरकार मे शामिल होने को लेकर सहमत हो गए है। हमास के आतंकवादियों ने शनिवार को एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दौरान इजराइल पर अप्रत्याशित हमला कर दिया, जिसमे 26 सैनिको समेत कम से कम 300 लोगों की मौत हो गई और कई लोगो को बंधक बना लिया गया। वही, इजराइल की जवाबी कार्वाई मे गाजा मे कम से कम 250 लोगों की मौत हो गई। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने 1967 मे युद्ध की पूर्व संध्या पर तत्कालीन प्रधानमंत्री लेवी एशकोल की सरकार में शामिल होने के लिकुड नेता मेनकेम बेगिन के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि जब वे सुरक्षा बैठक के लिए उनसे मिले तो उन्होने दोनो नेताओ को आपातकालीन एकता सरकार मे शामिल होने की पेशकश की। विपक्षी नेता लापिड ने हालांकि इन दावो का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने ही नेतन्याहू के साथ एक मुलाकात के बाद एकता सरकार बनाने का विकल्प पेश किया। पिछले साल दिसंबर मे नेतन्याहू के सत्ता मे लौटने से पहले लापिड ही देश के प्रधानमंत्री थे। पूर्व रक्षा मंत्री बेनी गैट्ज़ ने कहा कि वह सुरक्षा स्थिति पर केंद्रित सरकार मे शामिल होने पर सकारात्मक रूप से विचार कर रहे है।

## इजराइल पर हमास के हमले ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन को संकट में डाला

**वाशिंगटन।** इजराइल पर हमास चरमपंथियों के हमले और यरूशलम से बड़े पैमाने पर जवाबी कार्वाई के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पश्चिम एशिया मुद्दे पर संकट में फंसते नजर आ रहे हैं। हमले के बाद अब संघर्ष के और तेज होने की आशंका है और बाइडन को अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की इन आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ सकता है कि उनके प्रशासन की नीतियों के कारण यह घटना हुई है। लंबे समय तक और बढ़ती हिंसा की आशंका के मद्देनजर बाइडन को विश्व मंच और अपने देश में विकट स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्ला ने हमले का स्वागत किया है। समूह ने कहा कि वह इस हमले के बारे में हमास के संपर्क में था।ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार ने भी घातक हमले की सराहना की। इजराइली मीडिया ने बचाव सेवा अधिकारियों के हवाले से कहा कि 26 सैनिकों सहित कम से कम 300 लोग मारे गए, जबकि गाजा में अधिकारियों ने कहा कि 313 लोग मारे गए हैं। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने कहा कि सैकड़ों आतंकवादी मारे गए हैं और कई को पकड़ लिया गया है। इजराइली सैन्य अधिकारी, रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा कि सेना ने युद्ध शुरू होने के बाद से 400 आतंकवादियों को मार गिराया है।

# धार्मिक स्वतंत्रता के उद्देश्य से की गई हिंदू, बौद्ध, सिख व जैन कॉकस की स्थापना : थानेदार

भाषा। वाशिंगटन



**भारतीय** अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कहा कि हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन (एचबीएसजे) कॉकस का गठन सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता की पैरोकारी करने के मुख्य उद्देश्य से किया गया है। थानेदार ने पिछले सप्ताह एचबीएसजे कॉकस के गठन के घोषणा की थी और हाउस ऑफ रीप्रेजेंटेटिव (अमेरिकी संसद के निचले सदन) के 27 सांसदों ने इसका समर्थन किया था। अमेरिकी संसद में कॉकस की आधिकारिक शुरुआत के बाद इन समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों के एक समूह ने कहा कि इस संबंध में उनके साथ परामर्श नहीं किया गया। हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स , सिख कोएलिशन , सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड , इमगेज एंड इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के मुताबिक, इन धर्मों में विश्वास रखने वाले समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे जैसे मुख्यधारा के संगठनों के साथ परामर्श किए बिना एचबीएसजे कॉकस के गठन की खबर सुनकर हम हैरान हैं। एचबीएसजे कॉकस से जुड़ी चिंताओं और तल्ख टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए थानेदार ने शनिवार को कहा कि एचबीएसजे कॉकस की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता की पैरोकारी करना है, विशेषतौर पर धार्मिक समुदायों के लिए आपसी समझ और शांति को बढ़ाना हमारा मकसद है। थानेदार ने कहा कि हमने किसी भी धार्मिक समूह की निंदा नहीं की और न ही उसके खिलाफ बोलेंगे। थानेदार ने विभिन्न संगठनों से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है।

# कनाडा में विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो भारतीय प्रशिक्षु पायलट समेत तीन लोगों की मौत

भाषा। टोरंटो

**कनाडा** के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो भारतीय प्रशिक्षु पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई।यह हादसा वैंकूवर से लगभग 100 किलोमीटर पूर्व चिलिवैक शहर में स्थानीय हवाई अड्डे के पास शुक्रवार को हुआ जिसमें मुंबई के अभय गडरू और यश रामुगाडे की मौत हो गई। दोनों 25 साल के थे। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) ने रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि विमान हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वैंकूवर सन अखबार ने शनिवार को गडरू की रिश्ते की बहन श्रद्धा त्रिसाल के हवाले से बताया कि वह तीन साल पहले पायलट प्रशिक्षण पूरा करने के लिए कनाडा आया था और नवंबर में उसका प्रशिक्षण पूरा होने वाला था।इस बीच, कनाडाई समाचार पोर्टल सीटीवी न्यूज वैंकूवर ने कहा कि यश रामुगाडे भी मुंबई के ही रहने वाले थे।इस विमान का मालिकाना हक स्काईक्रेस्ट एविएशन के पास था। कंपनी के प्रशासक ने कहा, हम इस मामले को देख रहे हैं लेकिन हम कोई बयान जारी नहीं कर रहे हैं। इस समय हम कुछ नहीं कह सकते। हादसे में मारे गए तीसरे व्यक्ति यानी पायलट की पहचान नहीं हो पाई है।सीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण का अभी पता नहीं चला है।

# कनाडा में भारतीय छात्र नौकरी के अवसरों में कमी को लेकर चिंतित

भाषा। टोरंटो



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बाद भारत-कनाडा संबंधों में जारी तनातनी के बीच यहां पढ़ाई कर रहे छात्रों को एक और डर सता रहा है और वह है नौकरियों के कम अवसर। वैश्विक शिक्षा खोज मंच एरुडेरा द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में कुल 226,450 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कनाडा आए थे, जिसके बाद पिछले साल उत्तरी अमेरिकाई देश आने वाले नए अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सूची में भारत शीर्ष स्थान पर पहुंच गया था। आंकड़ों के मुताबिक, कनाडा में उच्च शिक्षा सहित सभी शिक्षा स्तरों में प्रवेश पाने वाले कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या 807,750 थी। इनमें से 551,405 को पिछले साल कनाडा में शिक्षा परमिट प्राप्त हुआ था। एरुडेरा के आंकड़ों के मुताबिक, कनाडा में 2022 में शिक्षा परमिट प्राप्त करने वालों में सबसे ज्यादा भारतीय थे, जिनकी संख्या 226,450 रही थी। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए नाम बदलकर छापने की शर्त पर हरविंदर ने पीटीआई-भाषा को बताया, मुझे भारत-कनाडा तनाव को लेकर कोई खास चिंता नहीं है। मैं अपने भविष्य को लेकर ज्यादा चिंतित हूं। यहां नौकरियों की भारी कमी है और मुझे नहीं पता कि पढ़ाई पूरी होने के बाद मुझे काम मिलेगा भी या नहीं। ग्रेटर टोरंटो में रहने वाले ज्यादातर भारतीय छात्र हरविंदर की बात से इत्तेफाक रखते हैं। ग्रेटर टोरंटो इलाके में एक संस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं की पढ़ाई कर रहे अन्य छात्र मयंक ने भी अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली और ओटावा के बीच जारी कूटनीतिक गतिरोध में उन्हें और उनके दोस्तों को किसी प्रकार की मुश्किल तो नहीं हुई लेकिन टोरंटो में पढ़ाई पूरी होने के बाद काम न मिलने के ख्याल ने उनकी रातों की नींद उड़ा रखी है। उन्होंने कहा, मैं मेडिकल डिग्री वाले ऐसे कई भारतीय छात्रों को जानता हूं, जो उचित वेतन वाली नौकरियां पाने में विफल रहे औ आज अपने खर्चों को पूरा करने के लिए गाड़ियां चला रहे हैं, दुकानों और रेस्तरां पर काम कर रहे हैं। यह हमारे लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण स्थिति है। टोरंटो और कनाडा के अन्य शहरों में जीवन यापन मंहगा होना भी छात्रों की परेशानी की एक अहम वजह है, जिसकी वजह से बहुत सारे छात्र पैसे बचाने के लिए एक कमरे में रहते हैं और अन्य सुविधाओं का साझा इस्तेमाल करते हैं।

## चीन ने इजराइल, फलस्तीन से तत्काल संघर्ष रोकने का आह्वान किया

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को फलस्तीन और इजराइल से आम नागरिकों की रक्षा के लिए तत्काल संघर्ष रोकने, संयम बरतने तथा स्थिति को और बिगड़ने से बचाने के लिए शांति बनाए रखने का आह्वान किया। इजराइल और आतंकवादी समूह हमास के बीच भीषण संघर्ष से जुड़े सवाल पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि फलस्तीन और इजराइल के बीच मौजूदा तनाव और हिंसा मे वृद्धि से चीन बहुत चिंतित है और संबंधित पक्षो से शांति बनाए रखने का आह्वान करता है। हमास के चरमपंथियों ने शनिवार को एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दौरान इजराइल पर अप्रत्याशित हमला कर दिया, जिसमे इजराइल के 200 से अधिक लोगो की मौत हो गई और कई लोगो को बंधक बना लिया गया। जवाबी कार्वाई मे इजराइल ने भी गाजा पट्टी मे हवाई हमले शुरू किए, जिससे 230 से अधिक लोगों की जान चली गई।

**PUBLIC NOTICE**

The Public at large is hereby notified that I, Dr. Indu Bhushan (UID-8362 8561 1370) S/o Late Duni Chand R/o 189-A, Dua Nursing Home Maternity Home Kabir Mandir Road, Preetam Nagar, Allahabad, Uttar Pradesh-211011, am intend to purchase a Freehold Built-up Residential Flat Bearing No. B-3/425, (flat No.425 In Block No.B-3), On Fourth Floor, Situated In The Layout Plan Of Ekta Vihar Co-operative Group Housing Society Ltd., Known As Ekta Gardens, Built On Plot No.9, Patparganj, I.P. Extension, Delhi-110092 From Shri Avnish Kumar Lugani S/o Late Anant Ram Shastri R/o Heerstrasse 7, 14052 Berlin Germany.It is therefore notified that anybody claiming any rights, share, claim, title, interest or lien over the aforesaid flat may file such claim or objection to the undersigned within a period of 7 days from the date of Publication of this Notice, otherwise it will be presumed that the said flat is free from all encumbrances, charges and/or lien etc. and I am free to purchase the said flat from the above named seller.

DR. INDU BHUSHAN

# केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया जा रहा है: प्रधान

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (सीएबीई) का पुनर्गठन किया जा रहा है क्योंकि इसका पुराना संस्करण वास्तव में काफी व्यापक है। सीएबीई शिक्षा के क्षेत्र में नीतिगत निर्णयों पर सरकार को सलाह देने वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति है। प्रधान ने पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा कि ऐसे समय में जब नई शिक्षा नीति को लागू करके एक महत्वपूर्ण बदलाव किया जा रहा है, सीएबीई के पुनर्गठन की जरूरत है क्योंकि आज की शिक्षा प्रणाली की मांगें अलग हैं। बोर्ड के सदस्यों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा राज्य मंत्री, विभिन्न राज्यों के शिक्षा मंत्री, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) जैसे निकायों के प्रमुख शामिल हैं। सीएबीई की आखिरी बैठक सितंबर, 2019 में हुई थी और प्रधान ने सलाहकार बोर्ड की किसी भी बैठक की अध्यक्षता नहीं की है। तीन साल से बोर्ड की बैठक नहीं होने का कारण पूछे जाने पर प्रधान ने कहा, सीएबीई का पुनर्गठन किया जा रहा है। प्रधान ने कहा, इसका पुराना संस्करण बहुत व्यापक है। आज की शिक्षा व्यवस्था की मांगें अलग हैं। हम पहली बार बालवाटिका की अवधारणा पेश कर रहे हैं, लेकिन सीएबीई में कोई बाल विशेषज्ञ नहीं है, अनुसंधान और विकास में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है, उद्योग से जुड़ने की बात की जा रही है... इन सभी को ध्यान में रखते हुए, सीएबीई को फिर से तैयार



करने की जरूरत है। शिक्षा मंत्रालय के रिकॉर्ड के अनुसार, बोर्ड की सामान्य परंपरा हर साल एक बैठक आयोजित करने की रही है जबकि पिछले कुछ साल से कोई बैठक नहीं हुई है। एक दशक में यह पहली बार है कि समिति की तीन साल की अवधि में कोई बैठक नहीं हुई है और निकट भविष्य में बैठक की कोई योजना नहीं है।वर्ष 2019 की बैठक भी डेढ़ साल से अधिक की देरी के बाद हुई। इस बैठक का मुख्य एजेंडा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के मसौदे पर चर्चा थी। नीति के कार्यान्वयन पर सीएबीई की कोई बैठक नहीं हुई है। प्रधान ने कहा, अंतत सीएबीई को केवल इसी की समीक्षा करनी है...नया पाठ्यक्रम, नई पाठ्यपुस्तकें, नया नियामक ढांचा, नया पेशेवर मानक निकाय, नया तंत्र। विभिन्न विभाग एनईपी के कार्यान्वयन की दिशा में काम कर रहे हैं और उन्हें एक चरण में समन्वित किया जाएगा। सीएबीई के पुनर्गठन की समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर, प्रधान ने कहा, यह एजेंडे में है लेकिन समीक्षा आखिरकार किसकी की जाएगी। पहले, हम पाठ्यक्रम विकसित कर रहे हैं, फिर पाठ्यपुस्तकें, नियामक सुधार कर रहे हैं और बहु-विषयक शिक्षा की ओर बढ़ रहे हैं।

## बजरंग दल ने रांची में शौर्य जागरण यात्राएं निकाली

**भाषा।** रांची

**विश्व हिंदू परिषद** (विहिप) की युवा शाखा बजरंग दल ने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के जनवरी में उद्घाटन से पहले अनुष्ठान में लोगों को आमंत्रित करने के लिए रविवार को यहां चार शौर्य जागरण यात्राएं निकालीं। रातू रोड स्थित पहाड़ी मंदिर, चुटिया के मंडा मैदान, बड़गाईं के पंचमुखी हनुमान मंदिर और रातू गढ़ से निकाली गई यात्रा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। चार रथों के साथ कार्यकर्ता शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए प्रभात तारा मैदान पहुंचे जहां एक धार्मिक सभा में इसका समापन हुआ। विहिप के केंद्रीय सचिव अशोक तिवारी ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है। हिंदुओं ने इसके लिए 500 वर्षों तक लड़ाई लड़ी और कई लोगों ने इसके लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। 27 जनवरी, 2024 के बाद, प्रत्एक हिंदू को अयोध्या जाना चाहिए।

## फोन करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताकर उप्र के कारोबारी को दी धमकी

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंतराष्ट्रीय** नंबर से फोन करके एक व्यक्ति ने खुद को गोल्डी बराड़ बताकर उत्तर प्रदेश के एक कारोबारी से कथित तौर पर वसूली की मांग की और उसे धमकी दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी और कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली। कनाडा स्थित गैंगस्टर बराड़ राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) और देश के विभिन्न राज्यों द्वारा वांछित अपराधी है। वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में भी वांछित है। प्राथमिकी के मुताबिक, शिकायतकर्ता को 10 सितंबर को शाम छह बजे व्हाट्सएप पर एक अंतराष्ट्रीय नंबर से पहली बार कॉल की गई। प्राथमिकी की एक प्रति पीटीआई-भाषा के पास भी है। प्राथमिकी में कहा गया है कि फोन करने वाले ने खुद का परिचय लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य गोल्डी बराड़ के रूप में दिया। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने पहले सोचा कि यह एक फर्जी कॉल है, लेकिन उसे 12 सितंबर को उसी नंबर से फिर से कॉल की गई और फोन करने वाले ने उसे फिर से धमकी दी। उन्होंने कहा, दूसरी कॉल के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कारोबारी को दो करोड़ रुपए देने के लिए कहा गया। व्यवसाई को एक वॉयस नोट भी मिला, जिसमें फोन करने वाला व्यक्ति खुद को गोल्डी बराड़ बता रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के साथ सूचना साझा की गई है क्योंकि बराड़, जिसके वर्तमान में अमेरिका में छिपे होने का संदेह है।

## एयर इंडिया ने तेल अवीव की उड़ानें 14 अक्टूबर तक की रद्द

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने इजराइल के तेल अवीव की सभी उड़ानें 14 अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं। कंपनी के 14 कर्मी तेल अवीव से भारत लौट आए हैं। इजराइल के तेल अवीव पर शनिवार को हमास आतंकवादियों द्वारा हमला करने के बाद वहां युद्ध जैसे हालात हो गए हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के सदस्यों समेत कुल 14 कर्मी तेल अवीव से इथियोपिया की उड़ान से नई दिल्ली लौट आए हैं। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तेल अवीव जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें 14 अक्टूबर 2023 तक रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, इस अवधि के लिए टिकट बुक कर चुके यात्रियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। एयरलाइन तेल अवीव के लिए पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। ए उड़ानें सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार और रविवार को संचालित की जाती हैं।

## क्विक न्यूज

### प्रादेशिक सेना ने मंदारिन भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की

**नई दिल्ली।** भारत की प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी)ने मंदारिन भाषा विशेषज्ञों के एक बैच की भर्ती की है और उन्हें अग्रिम इलाकों मे तैनात किया है। इस कदम का मकसद चीन की सेना के साथ सीमा मामले पर बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष की भाषाई क्षमता को बढ़ाना है। सूत्रों ने बताया कि इसके साथ ही प्रादेशिक सेना (टीए) कुछ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की नियुक्ति के संबंध मे बातचीत कर रही है और उसने इसके लिए मानदंड तैयार कर लिए है। युद्ध और शांति काल मे देश में सेवाएं देने वाली भारत की प्रादेशिक सेना का सोमवार को 75वां स्थापना दिवस है। रक्षा से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि पांच विशेषज्ञों का समूह सीमा कार्मिक बैठकों के दौरान भारत और चीन के अधिकारियो के बीच दुभाषियो की भूमिका निभाएगा। उन्होने कहा, ए विशेषज्ञ भारतीय सेना को यह समझाने मे मदद करेंगे कि अगले पक्ष (चीनी सेना) की ओर से वास्तव में क्या कहा जा रहा है। इससे पूरे परिदृश्य को भारत के दृष्टिकोण से समझने में मदद मिलेगी। एक अन्य सूत्र ने कहा कि इन लोगो को बीपीएमएस में भारतीय सेना की मदद के अलावा अन्य नौकरियो में भी पदस्थ किया जा सकता है। लद्दाख के पेंगोंग लेक इलाके में पांच मई 2020 को दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख में तीन वर्ष से जारी गतिरोध के बीच यह कदम उठाया गया है। भारतीय और चीनी सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में तीन वर्ष से कई स्थानो को लेकर गतिरोध बना हुआ है। हालांकि दोनों पक्षों ने कई चरण की राजनयिक और सैन्य स्तर की वार्ता के बाद कई इलाकों से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की प्रक्रिया पूरी की है। एक सूत्र ने बताया, टीए की स्थापना नौ अक्टूबर 1949 को की गई थी और अब इसका 75वां स्थापना दिवस है। इन दशकों में इसने देश में युद्ध और शांति काल में सेवाएं दी है। इसके अलावा, मानवतावादी और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में भी इसने योगदान दिया है। सूत्रों के मुताबिक, बदलते समय के साथ तालमेल बैठाते हुए टीए इकाइयां (वर्तमान में लगभग 60 इकाइयां) भी आधुनिक हो रही है और मौजूदा माहौल के अनुरूप स्वयं को ढालने के लिए कई कदम उठा रही हैं। उन्होंने कहा, इस वर्ष चीनी भाषा (मंदारिन) के पांच विशेषज्ञो की भर्ती ऐसा ही एक कदम है। सूत्र ने कहा, इन विशेषज्ञो को नियुक्त करने की पहले चरण की प्रक्रिया जनवरी में शुरू हुई थी, जो कुछ महीने पहले ही पूरी हुई। यह प्रक्रिया कठिन थी और इसमें मंदारिन भाषा में विशेषज्ञता रखने वाले विभिन्न उम्मीदवारों की लिखित और मौखिक परीक्षाएं ली गई थी। नियुक्त किए गए इन विशेषज्ञो की औसत आयु 30 वर्ष है।

### डांडिया रास में बिखरेंगे आधुनिकता व संस्कृति के रंग

**नोएडा।** अपने नवीनतम प्रयोग और अनूठे कार्यक्रमों के माध्यम से एक अलग पहचान बनाने वाले लखनऊ शिपिज वाइव्स ग्रुप द्वारा एक ऐसा आयोजन किया जा रहा है जो आधुनिकता के रंगों के साथ संस्कृति की झलक भी दिखाएगा। 8 अक्टूबर 2023 को ग्रुप द्वारा गोमती नगर के लिनेज होटल में डांडिया रास का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 1 से 4 बजे तक होने वाले इस आयोजन में न सिर्फडांडिया होगा बल्कि समाज के प्रति योगदान देने के लिए आर्थिक राशि भी जुटाई जाएगी और ॐजय श्री रामए राम नाम बैंकष् के लिए मोतियों का कलेक्शन भी किया जाएगा। जिनसे बनी माला अयोध्या में भगवान श्री राम को पहनाई जाएगी। ग्रुप की ऑर्गेनाइजर डॉ. निशा चौधरी और समीक्षा सिंगर ने बताया कि हमारे द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्र मों में इस बार डांडिया रास रखा जा रहा है। इसमें न सिर्फगरबा होगा बल्कि कई सारी कॉम्पीटिशन और गेम्स भी होंगे, जिनमें ग्रुप मेंबर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। मेंबर्स फिल्मी और पारंपरिक गीतों पर धूम मचाते हुएए थिरकते हुए गरबा करेंगे। विजेताओं को एक से बढ़कर एक प्राइज और गिफ्ट्स दिए जाएंगे। इस आयोजन की खास बात यह है कि इसमें आधुनिक विचारों के साथ ही संस्कृति और धर्म का मिश्रण भी दिखाई देगा। कार्यक्रम स्थल पर मोती दान करने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु किसी भी आकार केए किसी भी रंग के मोती दान कर सकते हैं।

### जियोउत्सव से लाभ देने का फैसला

**मुंबई।** त्योहारों का समय अपने परिवार के साथ मिलजुल कर उत्सव मनाने, साथ भोजन करने और अपनों के साथ खुशियों के पल बिताने का मौका होता है, और जियोमार्ट यही सुनिश्चित करता है कि इस बार त्योहारों के मौसम में सबसे बेहतरीन डील्स के साथ आपका हर पल खुशियों से भरा हो! भारत के सबसे बड़े ई-मार्केटप्लेस में से एक, जियोमार्ट ने हर साल आयोजित होने वाले अपने फेस्टिवल सेल जियोउत्सव सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया की घोषणा की, जिसकी शुरुआत 8 अक्टूबर, 2023 से होगी। ग्राहक अब जियोमार्ट पर सभी केटेगरी में 50प्रतिशत से 80प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक 8 अक्टूबर से जियोउत्सव सेलिब्रेशन ऑफ इंडिया सेल के तहत बेमिसाल डील्स का फायदा उठा सकेंगे। जियोमार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एंड किचन, फैशन एंड लाइफस्टाइल, ब्यूटी,एफएमसीजी, किराना और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सहित सभी केटेगरी में सलेक्शन की एक बड़ी रेंज की पेशकश करता है, जिस पर हर घंटे फ़्लैश डील और अतिरिक्त फेस्टिवल डिस्काउंट का फायदा भी दिया जा रहा है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ नौ से 12 तक इटली और फ्रांस की यात्रा करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह द्विपक्षीय सामरिक भागीदारी बढ़ाने तथा सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास के मद्देनजर औद्योगिक सहयोग तलाशने के लिए सोमवार से इटली और फ्रांस की चार दिवसीय यात्रा शुरू करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दो देशों की यात्रा के पहले चरण में सिंह रोम जाएंगे, जहां वह इटली के रक्षा मंत्री गुइदो क्रिसेतो से व्यापक चर्चा करेंगे। मार्च में इतालवी प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान भारत और इटली के बीच सामरिक साझेदारी मजबूत हुई थी। मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौ से 12 अक्टूबर तक इटली और फ्रांस की यात्रा करेंगे। पेरिस में सिंह फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु के साथ पांचवें वार्षिक भारत-फ्रांस रक्षा संवाद में भाग लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान



में कहा, भारत और फ्रांस ने हाल में रणनीतिक साझेदारी के 25 साल पूरे किए। दोनों देशों के अहम औद्योगिक सहयोग समेत गहरे और व्यापक द्विपक्षीय रक्षा संबंध हैं। इसमें कहा गया है, रोम और पेरिस में रक्षा मंत्री औद्योगिक सहयोग के संभावित अवसर पर चर्चा करने के लिए रक्षा उद्योग के सीईओ और वरिष्ठ प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि रोम और पेरिस में सिंह की बातचीत में सैन्य मंचों के संयुक्त विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी।

इस बीच, राफेल विमान के 26 नौसैन्य संस्करण की भारत की प्रस्तावित खरीद के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए दसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एरिक ट्रैपियर के इस सप्ताह नई दिल्ली आने की संभावना है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि ट्रैपियर खरीद पर प्रारंभिक बातचीत के लिए दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को दिल्ली आएंगे। बहरहाल, दसॉल्ट एविएशन ने इस यात्रा की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जुलाई में फ्रांस गए थे और उस दौरान दोनों देशों ने विमानों और हेलीकॉप्टरों के इंजन के संयुक्त विकास और भारतीय नौसेना के लिए तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के निर्माण समेत कई महत्वपूर्ण रक्षा सहयोग परियोजनाओं की घोषणा की थी।

## बिहार में जीवित्पुत्रिका पर्व में स्नान के दौरान 22 लोग डूबे

**पटना।** बिहार में विभिन्न घटनाओं में नदियों और तालाबों में स्नान करने के दौरान कम से कम 22 लोग डूब गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटनाएं पिछले 24 घंटे में हुईं और अधिकतर घटनाएं जीवित्पुत्रिका पर्व के लिए स्नान के दौरान हुईं। इस पर्व में महिलाएं अपने बच्चों की लंबी आयु और कुशल क्षेम की कामना के साथ व्रत रखती हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और मारे गए लोगों के परिजन को चार लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। भोजपुर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि जहानाबाद में चार, पटना और रोहतास में तीन-तीन, दरभंगा और नवादा में दो-दो, कैमूर, मधेपुरा और औरंगाबाद में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। भोजपुर में शनिवार को सोन नदी के बहियारा घाट के पास 15 से 20 साल की पांच लड़कियां डूब गईं।

# अगर हिंदू भावनाएं आहत हुईं तो चुप नहीं रहेंगे : बसवराज बोम्मइ

**भाषा।** हावेरी (कर्नाटक)

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बसवराज बोम्मई ने कर्नाटक में गणपति महोत्सव को रोकने का प्रयास करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी ने भी हिंदू भावनाओं को आहत किया तो वह चुप नहीं रहेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि महान सनातन धर्म उनकी रगों में बहता है। बोम्मई ने कहा, अगर हमारे सनातन धर्म की तुलना मलेरिया से की जाएगी तो क्या हमें चुप रहना चाहिए? सनातन धर्म हमारी रगों में बहता है। अगर किसी ने हमारी भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया तो हम चुप नहीं रहेंगे। हावेरी जिले के बंकापुर में शनिवार को आयोजित हिंदू जागृति सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि गणपति महोत्सव को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बोम्मई के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया है, हम उस सनातन धर्म से ताल्लुक रखते हैं, जो इस दुनिया में पूरी मानव जाति के कल्याण का प्रसार करता है। पाकिस्तान या अफगानिस्तान के विपरीत यहां सभी धर्मों के लोग रहते हैं। बोम्मई ने कहा, यहां सभी स्वीकार्य हैं। यह सनातन धर्म की खूबसूरती है और कुछ लोग इसे डेंगू एवं मलेरिया बता रहे हैं। क्या उनमें इतनी हिम्मत है कि वे दूसरे धर्मों की तुलना इन बीमारियों से कर सकें? अगर वे ऐसा करेंगे तो क्या होगा?

बोम्मई, सनातन धर्म के खिलाफ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता और तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों का संदर्भ दे रहे थे।

# मंत्री हकीम, तृणमूल कांग्रेस विधायक मदन मित्रा के आवास पर सीबीआई ने ली तलाशी

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में नगर निकायों द्वारा की गई भर्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़ी जांच के सिलसिले में रविवार सुबह मंत्री फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक मदन मित्रा के आवास सहित 12 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।शहरी विकास और नगर निकाय मामलों के मंत्री हकीम कोलकाता के महापौर भी हैं। वह तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी संगठन में अच्छा खासा प्रभाव रखते हैं।अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई अधिकारियों की एक टीम केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ दक्षिण कोलकाता के चेतला इलाके में हकीम के आवास पर पहुंची। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई के दो अधिकारी सुबह लगभग नौ बजे हकीम के आवास में दाखिल हुए और शाम साढ़े छह बजे तक उनसे पूछताछ की। सीबीआई के अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने उनसे सवाल किया कि क्या उन्हें भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के बारे में जानकारी थी? कुछ दस्तावेज जब्त किए गए। तलाशी शुरू होते ही, हकीम के समर्थक उनके आवास के बाहर एकत्र हो गए और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। सीबीआई के एक दल ने पूर्व मंत्री और उत्तर 24 परगना जिले के कामरहाटी से विधायक मित्रा के उत्तर 24 परगना जिले के भवानीपुर इलाके में स्थित आवास पर भी तलाशी ली। मित्रा का आवास चेतला में हकीम के आवास से करीब तीन किलोमीटर दूर है।अधिकारी ने दावा किया, जांच में खुलासा हुआ कि कामरहाटी नगर पालिका में हुई भर्तियों में मित्रा ने अहम भूमिका निभाई थी। सीबीआई अधिकारी शाम लगभग पांच बजे मित्रा के भवानीपुर स्थित आवास से चले गए।

# बेंगलुरु में पटाखों की दुकान में जान गंवाने वालों में ज्यादातर विद्यार्थी थे

**भाषा।** बेंगलुरु (कर्नाटक)

● पढ़ाई का खर्च जुटाने के लिए करते थे काम

**बेंगलुरु के स**मीप पटाखों की एक दुकान में जान गंवाने वाले 14 लोगों में ज्यादातर गरीब विद्यार्थी थे जो अपनी पढ़ाई-लिखाई का खर्च जुटाने के लिए छुट्टियों के दौरान वहां काम करते थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मृतकों में छह 12वीं कक्षा तथा स्नातक के विद्यार्थी थे। उन्होंने बताया कि शनिवार की इस त्रासदी के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को कहा कि बेंगलुरु शहरी जिले के सीमावर्ती अतिबेले शहर में पटाखों की एक दुकान एवं गोदाम में आग की घटना में जिन लोगों की जान चली गई, उनमें ज्यादातर विद्यार्थी थे।उनके अनुसार ए लोग पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के धरमपुरी और कृष्णागिरि जिलों के थे। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें ज्यादातर विद्यार्थी थे और वे अपनी पढ़ाई के वास्ते पैसे जुटाने के लिए छुट्टियों के दौरान काम करते थे। प्रबंधक को छोड़कर कोई भी स्थाई कर्मी नहीं था। उन्होंने शोकसंतप्त परिवारों के सदस्यों से भेंट की तथा शोक प्रकट किया। सूत्रों ने बताया कि ए किशोर बहुत निर्धन पृष्ठभूमि से थे जो अपनी पढ़ाई-लिखाई का खर्च जुटाने तथा परिवार का सहारा बनने के लिए छुट्टियों के दौरान काम करते थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि आग की इस घटना में जिन लोगों की मौत हुई है उनके परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।सिद्धरमैया ने कहा, यह एक बड़ी त्रासदी है जहां 14 लोगों ने अपनी जान गंवाई। हम जांच करवाएंगे तथा जिनकी गलती होगी, उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है तथा मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झुलसे हुए जिन तीन लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है, उनके इलाज का खर्च राज्य सरकार उठाएगी।उन्होंने कहा कि इस घटना की सीआईडी जांच का आदेश दे दिया गया है।उन्होंने कहा, कल शाम तीन बजे तमिलनाडु से एक ट्रक पटाखे लाए गए। यह अब तक पता नहीं चल पाया है कि पटाखों में कैसे आग लगी। अधिकारियों की प्राथमिक जांच से खुलासा हुआ है कि एहतियाती उपाय नहीं किए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं भी सुरक्षा उपकरण नहीं इस्तेमाल किए गए।


## महू इन्फैंट्री स्कूल में प्रशिक्षण ले रहा सेना का अधिकारी गायब

**महू।** मध्य प्रदेश के महू स्थित इन्फैंट्री स्कूल से यंग ऑफिसर्स कोर्स कर रहा सेना का एक अधिकारी गायब हो गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।महू के कार्यवाहक थाना प्रभारी दीपक राठौर ने बताया कि इंदौर जिले के महू थाने मे शनिवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। राठौर ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, लेफ्टिनेंट मोहित गुप्ता शुक्रवार सुबह छह बजे से गायब है। उन्होने कहा कि अन्य रैंक के सभी अधिकारियों और कर्मियों को सुबह छह बजे शारीरिक प्रशिक्षण (पीटी) मे शामिल होना था, लेकिन मोहित वहां नही थे, जिसके बाद उनके प्रशिक्षकों ने उनके पाठ्यक्रम के साथियो से यह जांचने के लिए कहा कि क्या वह बीमार है। राठौर ने कहा, सुबह करीब साढ़े सात बजे मोहित के कमरे की जांच की गई और जब वह वहां नही मिले, तो अधिकारियों को उनके गायब होने की सूचना दी गई। जब वह कही नही मिले, तो पुलिस मे शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होने बताया, इन्फैंट्री स्कूल के अधिकारियो ने गायब अधिकारी का मोबाइल नंबर और स्थाई पता पुलिस को मुहैया करा दिया है। उसका मोबाइल नंबर बंद है। राठौर के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के एटा शहर के श्रीनगर इलाके मे रहने वाले लेफ्टिनेंट मोहित के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यो को उनके गायब होने के बारे में सूचित कर दिया गया है तथा उनके कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की मांग की गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन लोग उनके संपर्क में थे। राठौर ने कहा, इन्फैंट्री स्कूल के यंग ऑफिसर्स विग मे प्रशिक्षक के रूप मे तैनात सूबेदार जरमाल सिंह की लिखित शिकायत पर महू पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।सूत्रों के अनुसार, लेफ्टिनेंट मोहित को आखिरी बार पीटी वर्दी में देखा गया था और वह महू में माल रोड के किनारे वालोंग द्वार के पास युवा अधिकारियो के आवास में स्थित अपने कमरे से सुबह छह से 7.30 बजे के बीच लापता हो गए। सूत्रों ने बताया कि मोहित ने अपनी मोटरसाइकिल वही छोड़ दी और ऐसा माना जा रहा है कि वह पैदल ही निकले थे। इन्फैंट्री स्कूल में विभिन्न सेवाकालीन पाठ्यक्रमों के लिए आने वाले अधिकारियों और अन्य रैंक के कर्मियों के लिए सख्त नियम है और उन्हे परिसर से बाहर जाने की अनुमति नही है।सूत्रों के मुताबिक, परिसर में सिविलियन ठेकेदारों द्वारा संचालित सभी सुविधाएं और दुकाने है, ताकि प्रशिक्षु बाहर नही निकलें। उन्होंने बताया कि बाहर जाने की तत्काल आवश्यकता होने पर उन्हें एक अधिकारी से आउट पास लेना होता है।

# शर्मा ने पूर्व आदिवासी उग्रवादियों से समुदाय के लाभ के लिए नेतृत्व कौशल का उपयोग करने को कहा

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पूर्व आदिवासी उग्रवादियों से अपने समुदाय को सकारात्मक चीजों की ओर ले जाने और उनकी त्वरित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अपने नेतृत्व कौशल का उपयोग करने का रविवार को आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने और समुदाय की सामाजिक-आर्थिक वृद्धि हासिल करने में मदद के लिए राज्य सरकार की ओर से हर तरह की सहायता का आश्वासन दिया।शर्मा पांच आदिवासी उग्रवादी समूहों के कैडर को वित्तीय अनुदान प्रदान करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित रहे थे। इन पूर्व उग्रवादियों ने इस साल की शुरुआत में हथियार डाल दिए थे। ऑल आदिवासी नेशनल लिबरेशन आर्मी, आदिवासी कोबरा मिलिट्री ऑफ असम, आदिवासी पीपुल्स आर्मी, बिरचा कमांडो फोर्स और संथाल टाइगर फोर्स के




कुल ।,181 कैडर को चार-चार लाख रुपए की सावधि जमा का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शर्मा ने कहा कि जिन कारणों से पूर्व उग्रवादियों ने बंदूक उठाई थी, वे अब मौजूद नहीं हैं और अब ए उन पर है कि वे अपने समुदायों के लिए सकारात्मक माहौल बनाने पर ध्यान केंद्रित करें।उन्होंने पूर्व उग्रवादियों से अपने समुदाय के लोगों के बीच शराब का सेवन व बाल विवाह रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने में मदद करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा,अगर इन तीन चीजों को लक्षित तरीके से हासिल कर लिया जाता है, तो समुदाय पांच वर्षों में एक बड़ा बदलाव देखेगा। साल 2020 से बोडो, कारबिस और दिमासा जैसे विभिन्न आदिवासी समूहों के साथ किए गए शांति समझौते का उल्लेख करते हुए, शर्मा ने कहा कि उल्फा के शांति समर्थक गुट और कुकी और हमार समूहों के साथ भी बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि शांति स्थापित होने के साथ, सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (अफस्पा) जैसे कड़े कानूनों को धीरे-धीरे हटाया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा, अफस्पा अब केवल चार जिलों तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर में लागू हैं। हमारे मंत्रिमंडल ने इसे पूरी तरह वापस लेने की सिफारिश की थी और भारत सरकार ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। शर्मा ने कहा कि राज्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती करीब 250 कंपनियों से घटकर अब 60-70 कंपनियों पर आ गई है। उनके पास गृह विभाग का जिम्मा भी है।

# कांग्रेस ने इजराइल के लोगों पर नृशंस हमले की निंदा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** इजराइल के लोगों पर हमले की निंदा करते हुए रविवार को कहा कि किसी भी तरह की हिंसा कभी कोई समाधान नहीं प्रदान करती तथा इस पर रोक लगनी चाहिए। गाजापट्टी में सत्तारूढ़ हमास आतंकवादी संगठन तथा इजराइल के बीच लड़ाई छिड़ गई है जिसमें दोनों पक्षों के सैंकड़ों लोग मारे गए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा यह मानना रहा है कि फलस्तीन के लोगों की वैध आकांक्षाएं वार्ता के माध्यम से अवश्य ही पूरी की जानी चाहिए, वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी इजराइली चिंताओं का भी समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इजराइल के लोगों पर नृशंस हमले की निंदा करती है। रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा मानना रहा है कि आत्मसम्मान, समानता और गरिमामय जिंदगी की फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाएं वार्ता की प्रक्रिया के माध्यम से अवश्य पूरी की जानी चाहिए, साथ ही, इजराइल की वैध राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान सुनिश्चित हो।कांग्रेस नेता ने कहा, हिंसा से कभी भी किसी समस्या का समाधान नहीं होता और हिंसा पर रोक लगनी चाहिए। इजराइली सेना के अनुसार गाजा पट्टी पर शासन कर रहे हमास के आतंकवादियों ने शनिवार सुबह इजराइल पर 3000 से अधिक रॉकेट दागे। साथ ही, हमास के लड़ाके भूमि, समुद्र और वायुमार्ग से ग्लाइडर की मदद से दक्षिणी इजराइल में दाखिल हो गए तथा उन्होंने सीमा के समीप कई इजराइली सैनिकों को बंधक बना लिया। खबरों के अनुसार इजराइल में सैनिकों समेत कम से कम 350 लोग मारे गए हैं तथा 1900 से अधिक लोग घायल हुए हैं। गाजा पट्टी में इजराइल के जवाबी हमले में करीब 300 लोगों की जान चली गई तथा 1500 लोग घायल हुए हैं।



## इजराइल कब्जे वाले इलाके को खाली करे: जदयू

**नई दिल्ली।** जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) ने रविवार को कहा कि वह सभी तरह की हिंसा की निंदा करता है। इस्लामी समूह हमास के आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ कर सैकड़ों इजराइलियों की हत्या किए जाने के बाद इजराइल की ओर से गाजा में जवाबी कार्वाई की जा रही है। जदयू ने कहा कि स्थिति के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र को हस्तक्षेप करना चाहिए।पार्टी के प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी फलस्तीन के उत्पीड़ित लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इजराइल को संयुक्त राष्ट्र के पूर्व के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए और फलस्तीन के कब्जे वाले इलाके को खाली करना चाहिए। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा, यह केवल फलस्तीनी लोगों की लड़ाई नहीं है। यह मानवता, न्याय और दुनिया के भविष्य के लिए संघर्ष है जो कानून द्वारा शासित हो, न कि क्रूर बल पर। हम फलस्तीन के उत्पीड़ित लोगों के साथ हैं। इजराइली सैनिकों ने रविवार को दक्षिणी इजराइल की सड़कों पर हमास लड़ाकों के साथ युद्ध शुरू किया और जवाबी कार्रवाई में गाजा की कई इमारतों को जमींदोज कर दिया। इस बीच, उत्तरी इजराइल में लेबनान के हिजबुल्ला चरमपंथी समूह ने संक्षिप्त हमले किए जिससे संघर्ष के विकराल होने की आशंका पैदा हो गई है।

